सूर्योदय 5:19 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,188.99 |
| निफ्टी | 25,003.05 |
| सोना 97145 | चांदी 105285 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


सरकार की 10 गारंटी में रोजगार को प्राथमिकता: विक्रमादित्य सिंह

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 7 जून 2025 | 25 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 159, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### अब तीन अगस्त को होगी नीट पीजी परीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मेडिकल के पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट पीजी अब 15 जून के बजाए 3 अगस्त को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस को 3 अगस्त को परीक्षा कराने की इजाजत दे दी। एनबीईएमएस ने 15 जून को एक पाली में परीक्षा कराने में तकनीकी और व्यवहारिक दिक्कतें बताते हुए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर परीक्षा की तारीख बढ़ा कर तीन अगस्त करने की इजाजत मांगी थी। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने शुक्रवार को एनबीईएमएस की अर्जी स्वीकार करते हुए तीन अगस्त को परीक्षा कराने की इजाजत दे दी। (अनंत ज्ञान)




### डीनो मोरिया के घर पर ईडी का छापा

**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर डीनो मोरिया एक बार फिर जांच एजेंसियों के रडार पर आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में उनके घर पर मीठी नदी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापा मारा है। यह घोटाला राज्य में नदियों की सफाई के नाम पर हुए 65 करोड़ रुपए के कथित गबन से जुड़ा हुआ है। अभिनेता के अलावा ईडी ने इस मामले में मुंबई से लेकर केरल के कोच्चि तक कुल 15 स्थानों पर छापेमारी की है। (अनंत ज्ञान)



### तहव्वुर की हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के आरोपी और साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 9 जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज चंदर जीत सिंह ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया है। शुक्रवार को तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया था। पेशी के दौरान तहव्वुर राणा की ओर से पेश वकील ने जेल में उसकी खराब तबीयत का जिक्र किया, जिसके बाद कोर्ट ने जेल प्रशासन को तहव्वुर राणा के स्वास्थ्य संबंधी स्टेटस रिपोर्ट 9 जून तक दाखिल करने का आदेश दिया। (अनंत ज्ञान)



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जयराम बोले-सरकार नए शुल्क थोप कर जनता को कर रही परेशान -पेज 3
- प्राथमिकता से किया प्राकृतिक जल संसाधनों का जीर्णोद्धारः सरिता -पेज 4
- लोगों की मलकीयत भूमि में गलत तरीके से लगाई बुर्जियां: देशराज -पेज 6
- रक्तदान करने के बाद रक्तदानी को नहीं मिली कोई भी रिफ्रेशमेंट -पेज 10
- गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार वचनबद्ध -पेज 14


# प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज

## तिरंगा लहराकर किया 'चिनाब ब्रिज' का उद्घाटन, वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी, कटरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज 'चिनाब ब्रिज' को देश को समर्पित किया। मोदी ने हाथ से तिरंगा लहराकर पुल का उद्घाटन किया। उन्होंने कटरा से श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। चिनाब ब्रिज, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज है, भूकंपीय क्षेत्र पांच में स्थित है। यह ब्रिज दो पहाड़ों के बीच बना है, जहां तेज हवाओं की वजह से विंड टनल फिनोमेना देखा जाता है।

इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए ब्रिज को 260 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा की गति का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पुल चिनाब नदी पर बना है और इसकी ऊंचाई 359 मीटर है, जो एफिल टावर से भी ज्यादा है। 17 पिलर पर 1,315 मीटर लंबे स्टील आर्च ब्रिज को इस तरह से बनाया गया है कि यह भूकंप और तेज हवाओं को भी झेल सकता है। (अनंत ज्ञान)

**260 किमी प्रति घंटा हवा की रफ्तार को झेलने में सक्षम**



चिनाब रेल पुल का उद्घाटन करते पीएम मोदी।

### कटरा से श्रीनगर तक 6 दिन चलेंगी दो ट्रेनें

| ट्रेन नंबर | चलेगी | समय | पहुंचेगी | समय |
|---|---|---|---|---|
| 26401 | कटरा | 8:10 AM | श्रीनगर | 11:10 AM |
| 26402 | श्रीनगर | 2:00 PM | कटरा | 5:05 PM |
| *ये ट्रेनें मंगलवार को नहीं चलेंगी। | | | | |
| 26403 | कटरा | 2:55 PM | श्रीनगर | 6:00 PM |
| 26404 | श्रीनगर | 8:00 AM | कटरा | 11:05 AM |
| *ये ट्रेनें बुधवार को नहीं चलेंगी। | | | | |

### हमारा पड़ोसी मुल्क मानवता का विरोधी

**मोदी** ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा, दुर्भाग्य से हमारा पड़ोसी देश मानवता और मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। उसका इरादा कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई को रोकना था, इसलिए टूरिस्ट पर हमला किया। आतंकियों को चुनौती देने वाला आदिल भी मेहनत कर रहा था, आतंकियों ने उसे भी मार दिया। अब यहां के लोग आतंकवाद को कड़ा जवाब देने का मन बना चुके हैं।

### रूट पर आज से दौड़ेगी वंदे भारत रेलगाड़ी

**नॉर्दर्न** रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी। अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा।

# राहुल बोले-प्रधानमंत्री मोदी को सरेंडर करने की आदत

- ट्रंप ने 11 बार सरेंडर करवाने की बात कही
- प्रधानमंत्री मोदी एक बार नहीं बोल पाए

**एजेंसी, नालंदा**

राहुल गांधी ने शुक्रवार को राजगीर में कहा- 'मोदी को सरेंडर करने की आदत है। ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर 11 बार बोला कि मैंने मोदी को सरेंडर करवाया, लेकिन पीएम कुछ नहीं बोल पाए। वह क्यों नहीं बोले कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं।'

राहुल गांधी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अति पिछड़ा समाज को संबोधित कर रहे थे। अपने 30 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा- 'मोदी हर भाषण में कहते थे कि मैं ओबीसी हूं। जातीय जनगणना की बात के बाद कहते हैं कि भारत में जाति नहीं है। अगर जाति नहीं है तो आप कैसे ओबीसी हो गए।'

इससे पहले राहुल गांधी माउंटेन मैन दशरथ मांझी के गांव गहलौर पहुंचे। यहां उन्होंने दशरथ मांझी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। दशरथ मांझी के बेटे भगीरथ मांझी से मुलाकात की। भगीरथ मांझी का हाथ पकड़कर राहुल गांधी चलते दिखे। भगीरथ मांझी ने राहुल गांधी से जिले के बोधगया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की भी इच्छा जताई। (अनंत ज्ञान)



### सामाजिक न्याय की नींव है जातीय जनगणना

**जातीय** जनगणना के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि इस प्रक्रिया के महत्व को समझने में उन्हें भी समय लगा। जातीय जनगणना सामाजिक न्याय की नींव है। राहुल गांधी ने कहा- 'मेरा लक्ष्य है कि देश में पारदर्शी और सच्ची जातीय जनगणना हो।' भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच। ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है। संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं। यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है। इसलिए डरने की जरूरत नहीं है। हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता।

### कनाडा ने मोदी को जी7 समिट का न्योता भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कनाडा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी7 देशों की समिट में शामिल होने के लिए न्योता भेजा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम मोदी को फोन कर समिट के लिए बुलाया है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। मोदी ने आमंत्रण के लिए कार्नी का आभार जताया और कनाडा के चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई भी दी। साथ ही कहा कि उन्हें समिट में कार्नी से मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। यह समिट कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में 15 से 17 जून तक होगी। भारत को यह न्योता समिट शुरू होने के ठीक 8 दिन पहले मिला है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कनाडा इस समिट को लिए भारत को न्योता नहीं भेज रहा है। (अनंत ज्ञान)

### उपराष्ट्रपति का स्वागत


शिमला। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का शुक्रवार को शिमला पहुंचने पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक नीरज नैयर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# बेंगलुरु भगदड़ : कर्नाटक के सीएम ने पॉलिटिकल सेक्रेटरी को हटाया

## हाईकोर्ट की कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के अफसरों की गिरफ्तारी पर रोक

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को अपने पॉलिटिकल सेक्रेटरी के. गोविंदराज को बर्खास्त कर दिया। सूचना विभाग के प्रमुख हेमंत निंबालकर का ट्रांसफर कर दिया गया है। दूसरी तरफ कर्नाटक हाईकोर्ट ने कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को 16 जून तक गिरफ्तारी से राहत दे दी है। केएससीए ने भगदड़ मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कराने की मांग की थी। कर्नाटक सरकार ने वीरवार को केएससीए, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को गिरफ्तारी करने का आदेश दिया था। (अनंत ज्ञान)

### आरसीबी के सीनियर मार्केटिंग हेड और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के तीन अधिकारी गिरफ्तार



**बेंगलुरु** पुलिस ने शुक्रवार सुबह आरसीबी के सीनियर मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के 3 अधिकारियों- किरण, सुमंथ और सुनील मैथ्यू को गिरफ्तार किया। निखिल को दुबई जाते वक्त बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। उसने हाईकोर्ट में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। सोमवार को उसकी याचिका पर सुनवाई होगी। बता दें कि बेंगलुरु में 4 जून को मची भगदड़ में 13 साल लड़की सहित 11 लोगों की मौत हो गई थी। 33 घायल हो गए थे। यह घटना बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले हुई।

# माल्या बोले-मैं कोई भगोड़ा नहीं, मुझे चोर कहना गलत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

6,200 करोड़ रुपए के बैंक लोन फ्रॉड मामले में घिरे पूर्व सांसद एवं भारतीय व्यवसायी विजय माल्या ने कहा कि वह 2 मार्च 2016 को जेनेवा में एफआईए मीटिंग के लिए लंदन जा रहे थे।

उन्होंने तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली को बताया कि वह जा रहे हैं, लेकिन पासपोर्ट रद्द होने से वह लंदन में ही अटक गए। माल्या ने कहा, 'मैं कोई भगोड़ा नहीं, यह कोई एस्केप प्लान नहीं था। मुझे चोर कहना गलत है।'

नौ साल तक मीडिया से दूरी बनाने के बाद विजय माल्या ने हाल ही में यूट्यूबर राज शमानी के पॉडकास्ट में अपनी चुप्पी तोड़ी। इस चार घंटे की बातचीत में उन्होंने अपनी जिंदगी, बिजनेस, किंगफिशर एयरलाइंस के पतन, कर्मचारियों की बकाया सैलरी, और कानूनी लड़ाई पर खुलकर बात की। (अनंत ज्ञान)



**कहा, अरुण जेटली को बताया था, जा रहा हूं**

### विमल नेगी मौत मामले में रिकॉर्ड कब्जे में लेने की प्रक्रिया जारी

# पुलिस ने सीबीआई को भेजी मिसिंग रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत मामले में सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड कब्जे में लेने की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में सीबीआई ने बीते दिन सदर थाना पुलिस को एक पत्र लिखकर विमल नेगी की दर्ज की गई मिसिंग रिपोर्ट उपलब्ध करवाने को कहा था, जिसे शुक्रवार को थाना पुलिस ने डाक के माध्यम से सीबीआई को भेज दिया है। इसके साथ ही सीबीआई द्वारा पूरे मामले की परतें उधेड़ने के लिए विमल नेगी की ई-मेल आईडी, फोन डिटेल और सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। विमल नेगी किन-किन लोगों से मिले और किन-किन से उन्होंने फोन पर संपर्क किया, इसका भी बारीकी से पता किया जा रहा है।

साथ ही विमल नेगी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, अतिरिक्त मुख्य सचिव की जांच रिपोर्ट, पूर्व डीजीपी के शपथ पत्र सहित एसआईटी की स्टेट्स रिपोर्ट का भी अध्ययन जांच टीम कर रही है। गौरतलब है कि विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी और उनके भाई ने सीबीआई को दर्ज करवाए अपने बयानों में पावर कारपोरेशन के कुछ पूर्व अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में आरोपों के घेरे में आए चेहरों को अब बारी-बारी पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा। इस मामले में सीबीआई की फॉरेंसिक टीम भी साक्ष्यों को जुटा रही है। इस मामले में सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित विशेष अपराध शाखा में केस दर्ज किया है। सीबीआई ने आत्महत्या के लिए उकसाने और सामूहिक इरादे से अपराध को अंजाम देने की धाराएं लगाते हुए एफआईआर दर्ज की है।



# गैंगस्टर अमरीश राणा और अमित मनकोटिया गिरफ्तार

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा माफ होने के बाद करीब पच्चीस साल बाद जेल से बाहर आए गैंगस्टर अमरीश राणा को फिर से अपने पुराने घर जाना पड़ेगा।

क्रशर लाबी को धमकाने व जबरन वसूली के आरोप में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए एक मामले में उच्च न्यायालय द्वारा उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के चंद मिनट बाद ही गगरेट पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में नामजद अमित मनकोटिया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस दो और आरोपियों की तलाश कर रही है, जिनकी गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है। जिला ऊना में हुए तिहरे हत्याकांड में गैंगस्टर अमरीश राणा को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में उसके अच्छे चाल चलन को देखते हुए उसे जेल से रिहा कर दिया गया था।


अमरीश राणा

# घटकर 5.5 प्रतिशत हुआ रेपो रेट

## भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में की 0.5 फीसदी की कटौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती की है। आरबीआई ने इस बार रेपो रेट में सीधे-सीधे 50 बेसिस पॉइंट्स यानी 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया।

आज के इस ताजा फैसले के बाद रेपो रेट अब 6.00 प्रतिशत से घटकर 5.50 प्रतिशत हो गया है।

बताते चलें कि फरवरी 2025 में करीब 5 साल के लंबे अंतराल में पहली बार रेपो रेट घटाया गया था। फरवरी 2025 से पहले आरबीआई ने मई 2020 में रेपो रेट में कटौती की थी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने उस समय कोविड के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए रेपो रेट में 0.40 प्रतिशत (40 बेसिस पॉइंट्स) की कटौती की थी। आरबीआई ने जून 2023 में रेपो रेट बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। जून 2023 के बाद फरवरी 2025 में पहली बार रेपो रेट में किसी तरह का कोई बदलाव हुआ था। (अनंत ज्ञान)

**आरबीआई ने लगातार तीसरी बार घटाई ब्याज दरें**

### इससे पहले कब घटा था रेपो रेट ?



4 जून को शुरू हुई बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मीटिंग का शुक्रवार को आखिरी दिन था। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में हुई इस अहम मीटिंग में रेपो रेट घटाने का फैसला किया गया। आरबीआई ने इससे पहले 7 फरवरी को रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 6.50 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। इसके बाद, रिजर्व बैंक ने 9 अप्रैल को भी रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे रेपो रेट 6.25 प्रतिशत से घटकर 6.00 प्रतिशत हो गया था। बताते चलें कि तमाम एक्सपर्ट्स ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती का अनुमान लगाया था। आरबीआई इस साल रेपो रेट में लगातार 3 बार कटौती कर चुका है।

**सियासत** संगठन बना पंगु, संगठन के ढांचे में दरार बरकरार, ताजपोशी की कवायद अधूरी

# कांग्रेस में पसरा सन्नाटा, अध्यक्ष पद पर गतिरोध जारी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस संगठन मौजूदा वक्त में एक अजीबोगरीब स्थिति से गुजर रहा है। राजधानी शिमला में राजनीतिक गलियारों से लेकर आम कार्यकर्ताओं के बीच भी यह चर्चा आम है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी लंबे समय से 'पंगु' अवस्था में है। महीनों बीत जाने के बाद भी जहां एक ओर प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी नहीं हो पाई है, वहीं दूसरी ओर संगठन के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां अधूरी पड़ी हैं।

इस स्थिति से न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा है, बल्कि आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को देखते हुए पार्टी के भविष्य पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर आलाकमान में अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है। कई नामों पर विचार हो रहा है, लेकिन किसी एक नाम पर मुहर लगना बाकी है। इस खींचतान के पीछे गुटबाजी और अलग-अलग नेताओं के अपने-अपने समर्थकों को आगे बढ़ाने की होड़ को एक प्रमुख कारण बताया जा रहा है। इसका सीधा असर संगठन के कामकाज पर पड़ रहा है। बिना पूर्णकालिक अध्यक्ष के महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिए जा रहे हैं और पार्टी की रणनीति भी कहीं न कहीं दिशाहीन नजर आ रही है।

केवल अध्यक्ष पद ही नहीं, बल्कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारियों, जिला इकाइयों और ब्लॉक स्तर तक के ढांचे में भी नियुक्तियों का इंतजार है। इससे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का उत्साह ठंडा पड़ता जा रहा है। जहां युवा कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ काम करना चाहते हैं, वहीं उन्हें कोई स्पष्ट दिशा या जिम्मेदारी नहीं मिल पा रही है। बिना पूर्ण संगठन के, पार्टी जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और विपक्षी पार्टी बीजेपी को घेरने में भी कमजोर पड़ रही है।

इस स्थिति से पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरी निराशा है। कई पुराने और अनुभवी कार्यकर्ता मानते हैं कि संगठन की यह निष्क्रियता सीधे तौर पर पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर असर डालेगी। उनका कहना है कि जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक किसी भी चुनाव में प्रभावी ढंग से मुकाबला करना मुश्किल होगा। कई कार्यकर्ता खुले तौर पर यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर आलाकमान इस देरी को लेकर गंभीर क्यों नहीं है?

अनंत ज्ञान विशेष

### भविष्य की चुनौतियां बनी जटिल

**राज्य** में आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को देखते हुए कांग्रेस के पास अब ज्यादा समय नहीं बचा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि जल्द ही संगठन को दुरुस्त नहीं किया गया तो पार्टी को इसका खामियाजा उठाना पड़ सकता है।



### गतिरोध दूर होने की भी उम्मीद

**हालांकि** कुछ नेताओं को अब भी उम्मीद है कि आलाकमान जल्द ही इस गतिरोध को खत्म कर देगा व संगठन को एक नई दिशा देगा। नई ताजपोशी के साथ ही यह भी उम्मीद की जा रही है कि एक संतुलित और जुझारू टीम का गठन होगा, जो प्रदेश में कांग्रेस को फिर से मजबूत कर सकेगी।

### कब टूटेगा सन्नाटा?

**अब** देखना यह होगा कि कांग्रेस आलाकमान कब इस सन्नाटे को तोड़ता है और हिमाचल में कांग्रेस संगठन को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। पार्टी के सामने अब खुद को साबित करने और कार्यकर्ताओं का भरोसा वापस जीतने की बड़ी चुनौती है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग का दो दिवसीय हमीरपुर दौरा आज से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर 7 और 8 जून को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरे का विस्तृत कार्यक्रम उनके कार्यालय से जारी किया गया है, जिसे निर्वाचन मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने साझा किया। 7 जून को अनुराग ठाकुर सुबह 7.50 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर 9.15 बजे धर्मशाला पहुंचेंगे, वहां से सड़क मार्ग से देहरा, जिला कांगड़ा स्थित आईपीएच रेस्ट हाउस जाएंगे, जहां सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आम जनता से भेंटवार्ता करेंगे। इसके बाद 12.15 बजे देहरा से सड़क मार्ग से हमीरपुर के नादौन स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस जाएंगे। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक यहां भी आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। अगले दिन, 8 जून को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैहरे, हमीरपुर स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसंपर्क करेंगे। दोपहर 1.15 बजे वहां से प्रस्थान कर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय ऊना पहुंचेंगे, जहां 'ग्यारह साल मोदी सरकार' विषयक भाजपा कार्यशाला में भाग लेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे ऊना से चंडीगढ़ के लिए सड़क मार्ग से रवाना होंगे।

### जल सेवा शिवा क्लब ने किया वाटर कूलर स्थापित

**संजय, अनंत ज्ञान, धनेटा।** भीषण गर्मी में राहगीरों, स्कूली छात्रों एवं आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बदारन बस ठहराव पर सड़क के किनारे एक वाटर कूलर स्थापित किया गया है। इस जल सेवा हेतु वाटर कूलर समाजसेवी मोतीलाल द्वारा दान स्वरूप भेंट किया गया, जबकि इसकी फिटिंग, जाली और बिजली की संपूर्ण व्यवस्था शिवा क्लब बदारन के प्रधान सतवीर व क्लब के अन्य सदस्यों द्वारा की गई। इस पुनीत कार्य का उद्देश्य गर्मियों में आमजन को शुद्ध, ठंडा और स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना है। शिवा क्लब के सदस्यों ने आमजन से इस सुविधा का उचित उपयोग करने व इसे स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। वाटर कूलर का शुभारंभ पंडित किशन दत्त शर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसके पश्चात उपस्थित लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मदन डोगरा, सतवीर प्रधान शिवा क्लब, सुनील बिट्टू, कुलदीप, नाथ, तिलक, डॉ. मेहर सिंह, नीलू राकेश, पूर्व प्रधान मुख्त्यार सिंह, विश्वनाथ, कृष्ण, सुरेश, प्रश्नोतम, विजय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### निर्जला एकादशी पर राहगीरों को बांटा प्रसाद



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में निर्जला एकादशी के दौरान यहां के व्यापारियों एवम टैक्सी चालकों ने राहगीरों को खीरा एवं तरबूज वितरित किया। इस दौरान उनके द्वारा ठंडे पानी की छबील भी लगाई। इस आयोजन में स्थानीय व्यापारी एवं टैक्सी चालक बिट्टू पठानियां, विनोद सोनी, मनजीत, गौरव रंगोत, अमन, डोरी लाल आदि विशेष रूप से शामिल थे।

### छात्राओं ने डीएवी आलमपुर का नाम किया रोशन



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आलमपुर जिला कांगड़ा की दो मेधावी छात्राओं हर्षिता और समृति ने गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज ढलियारा में आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस जूनियर लेवल विज्ञान प्रश्नोत्तरी में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इन दोनों ने असाधारण ज्ञान, त्वरित सोच और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए राज्य भर से आए कई प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को पछाड़ दिया। उनकी यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और विज्ञान के प्रति जुनून का प्रमाण है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने उन्हें ट्रॉफी प्रदान की, जिससे इस उल्लेखनीय उपलब्धि की प्रतिष्ठा और बढ़ गई। प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि युवा दिमागों को पोषित करने और विज्ञान के अधिगम के प्रति लगाव को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### 'ड्रग्स एडिक्शन' पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में 'ड्रग्स एडिक्शन' विषय पर अंतरसदनीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मादक पदार्थों की भयंकर लत से दूर रखना था। इस प्रतियोगिता में गांधी, नेहरू, सुभाष व पटेल चारों सदनों के बच्चों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर नेहरू सदन का छात्र प्रज्ञ रहा और द्वितीय स्थान पर सुभाष सदन की छात्रा अधिष्टा रही। जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर पटेल सदन की छात्रा प्रियांशी रही और दूसरे स्थान पर नेहरू सदन की छात्रा मन्नत ठाकुर रही। प्रिंसिपल ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया और हर बच्चे को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसो. नादौन के चुनाव संपन्न



**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन के द्विवार्षिक चुनाव यशपाल साहित्य सदन नादौन में संपन्न हुए। इसमें धर्म सिंह मिन्हास को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, प्रकाश चंद ठाकुर को महासचिव तथा यशपाल राणा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य बेली राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चुनाव का संचालन मदन लाल चौधरी व जगदीश चंद शर्मा ने किया। नव निर्वाचित महासचिव प्रकाश चंद ठाकुर ने बताया कि जबकि विशेषर दत्त शर्मा को चीफ पैटर्न तथा पीडी शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा ओम प्रकाश शर्मा, मदन लाल चौधरी,सुदर्शना मिन्हास, विशम्बर दत्त शर्मा को उप प्रधान, सुभाष बस्सी व ओम प्रकाश आन्नद को प्रेस सचिव चुना गया। इसके अलावा 11 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।

# भूकंप का सायरन बजते ही जिले में सक्रिय हो गया आईआरएस

## जिलेभर में दस स्थानों पर चलाया गया सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के तकनीकी सहयोग से आयोजित नौवीं प्रदेशव्यापी मेगा मॉक एक्सरसाइज के तहत हमीरपुर में भी बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉक एक्सरसाइज के लिए निर्धारित परिदृश्य के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 9:15 बजे जिला में रिक्टर पैमाने पर 8.0 की तीव्रता वाले भूकंप के परिदृश्य का अलर्ट जारी किया गया।

भूकंप का सायरन बजते ही जिला में डीडीएमए के माध्यम से इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) सक्रिय हो गया और आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी अभिहित अधिकारी तुरंत जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में पहुंच गए। यहीं पर जिला स्तरीय कमांड पोस्ट स्थापित की गई। उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने आईआरएस में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। मॉक एक्सरसाइज के लिए पहले से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न



आपदा से घायल हुए व्यक्ति का इलाज करते डॉक्टर्स।

घटनास्थलों पर सर्वप्रथम स्थानीय समुदाय के रिस्पांस पर नजर रखी गई और उसके बाद बचाव दलों को घटनास्थलों के लिए रवाना किया गया।

एडीसी एवं मॉक एक्सरसाइज के जिला स्तरीय इंसीडेंट कमांडर अभिषेक गर्ग ने विभिन्न टीमों को रवाना करने के निर्देश दिए, जबकि, उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कंट्रोल रूम से इस पूरी मॉक एक्सरसाइज पर नजर रखी। इस दौरान एसपी भगत सिंह ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे। मॉक एक्सरसाइज के लिए निर्धारित किए गए परिदृश्य के अनुसार हमीरपुर के बस स्टैंड और डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज अस्पताल के भवनों के क्षतिग्रस्त होने तथा इनमें फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए गए। इसके लिए बहुतकनीकी कॉलेज बड़ू के मैदान में स्टेजिंग एरिया बनाया गया, जहां से एसडीएम संजीत सिंह ने बचाव एवं राहत कार्यों को संचालित किया।

इसी प्रकार, सुजानपुर उपमंडल में एसडीएम विकास शुक्ला के नेतृत्व में मिनी सचिवालय सुजानपुर के भवन में फंसे लोगों को बाहर निकालने और गांव जोल पलाही में ब्यास का जलस्तर बढ़ने पर स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभ्यास किया गया। नादौन उपमंडल में भी एसडीएम राकेश शर्मा के नेतृत्व में गांव कोहला में ब्यास के किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और यशपाल साहित्य संस्कृति सदन नादौन में आग की घटना से बचाव के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। बड़सर उपमंडल में डिग्री कालेज चकमोह के भवन में फंसे विद्यार्थियों और शिक्षकों को सुरक्षित निकालने तथा बाबा बालक नाथ मंदिर की पार्किंग में भूस्खलन के परिदृश्य के अनुसार एसडीएम राजेंद्र गौतम के नेतृत्व में बचाव एवं राहत कार्यों को अंजाम दिया गया। भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर और बधानी में भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए गए। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन का संचालन किया। इस दौरान मुंडखर स्कूल में स्थानीय विधायक सुरेश कुमार ने भी मॉक एक्सरसाइज में भाग लिया।

मॉक एक्सरसाइज के बाद डी-ब्रीफिंग सेशन में उपायुक्त और एडीसी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एसडीएमए के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की। मॉक एक्सरसाइज में दिए गए परिदृश्य के अनुसार लगभग 3739 लोगों को भूकंप से प्रभावित बताया गया। 2193 लोगों को घायल बताया गया, जिनमें से 1324 घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। बड़ी संख्या में लोगों की मौत होने के परिदृश्य के अनुसार भी मॉक एक्सरसाइज की गई।

## आपदा में कैसे करें अपना और अपनों का बचाव, किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



आने वाली बरसात में लोगों को आपदा से बचाया जा सके, लोग अपना और अपनों का बचाव कर सकें, किस तरह से यह कार्य करना है। तमाम बातों को लेकर सुजानपुर प्रशासन द्वारा एक मॉक ड्रिल करवाई गई। तमाम विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत जोल पलाही में नदी मैं फंसे लोगों को रेस्क्यू करके बचाया गया।

इसके साथ-साथ सचिवालय परिसर में आई आपदा में यहां फंसे लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। सुजानपुर उपमंडल अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि आने वाला समय बरसात का है। बरसात एवं आपदा के दौरान अपना और अपनों का बचाव कैसे करना है, किसी भवन के अंदर लोग आपदा में फंसे हैं, उन्हें कैसे सुरक्षित बाहर निकलना है। बांध नदी डैम इत्यादि में डूब रहे लोगों को किस तरह से बचाना है, इसके साथ-साथ अन्य अलग-अलग तरीके से लोगों को इस आपदा में कैसे बचाना और कैसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचना है, इसको लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जागरूकता के लिए लोगों को तमाम रेस्क्यू करके दिखाया गया। इसके साथ-साथ घायल लोगों का उपचार किस तरह से करना है, रोगी वाहन में तत्काल कार्रवाई करते हुए किस तरह से घटनास्थल पर पहुंचना है, घायल हुए लोगों को मेडिकल कैंप राहत कैंप तक कैसे पहुंचना है और वहां पर आपदा में ग्रसित लोगों का प्रथम उपचार उन्हें राहत इत्यादि कैसे पहुंचानी है, तमाम कार्य किस तरह से करने हैं, इसको लेकर जानकारी दी गई। अधिकारी ने कहा कि आयोजित इस मॉक ड्रिल में सुजानपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारियों विशेष रूप से सुजानपुर पुलिस के जवान गृह रक्षा विभाग एवं दमकल कर्मी उपस्थित रहे।

## आपदा के बाद बड़सर प्रशासन रहा अलर्ट पर



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला आपदा प्रबंधन की सौजन्य से विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध एवं तपो भूमि चकमोह में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा आपदा प्रबंधन तैयारियों का जायजा लिया। दियोटसिद्ध में मुख्यता अगर कोई लैंड स्लाइडिंग आ जाती है तो ऐसे में लोगों को शीघ्र अति शीघ्र कैसे बचाया जा सके, की जानकारी दी। दूसरी ओर चकमोह में मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य इस दृष्टि से किया गया कि अगर 8 डिग्री तक भूकंप आ जाता है तो ऐसे में जान-माल की कैसे रक्षा की जाए। इस दौरान बड़सर प्रशासन द्वारा सायरन बजाया गया तथा भूकंप में घायल हुए लोगों को एकदम फर्स्ट एड देने के बाद बड़सर अस्पताल रेफर किया गया ताकि कोई जान-माल की हानि ना हो। उपमंडल अधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि उपमंडल में अगर किसी प्रकार की आपदा की स्थिति उत्पन्न होती है तो ऐसे में बड़सर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

## फ्लोर मिल में लगी आग, नाबालिग झुलसा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन के संस्कृति साहित्य सदन के भवन की इमारत गिर गई, जिससे 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें नादौन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खबर मिलते ही एसडीएम राकेश शर्मा विभिन्न टीमों सहित मौका पर पहुंच तथा उनकी टीमें राहत एवं बचाव में जुट गईं।

55 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। दूसरी घटना उद्योगिक क्षेत्र कोहला में हुई, जहां एक फलोर मिल में आग लगने से एक बच्चा झुलस गया। फ्लोर मिल में कार्यरत वर्कर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इन दो हादसों में एक बच्चा झुलस गया। दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि 55 लोगों को राहत एवं बचाव टीमों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। घबराएं नहीं यह वास्तविकता नहीं है। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था जिसमें पुलिस, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।



घायल व्यक्ति को ले जाते कर्मी।

इस अवसर पर एसडीम राकेश शर्मा,डीएसपी प्रताप सिंह, तहसीलदार रोहित कंवर, बीडीओ निशांत शर्मा, आरओ संजीव सूद, बीएम ओ केके शर्मा, एसडीओ पंकज कौशल एसडीओ अक्षय कुमार एसडीओ अमित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि मॉक एक्सरसाइज का मुख्य उदेश्य आपदा के समय जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

## आपदा प्रबंधन पर किया पूर्वाभ्यास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा जिला प्रशासन हमीरपुर के साथ मिलकर आपदा प्रबंधन पूर्वाभ्यास का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसी क्रम में जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा जिला प्रशासन हमीरपुर के साथ समन्वय बनाते हुए विभिन्न स्थानों पर आपदा से निपटने के लिए एक साथ मिलकर सफतलापूर्वक आपदा प्रबंधन पूर्वाभ्यास किया गया।

इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य भूकंप, आग, भूस्खलन, बाढ़ जैसी आपदाओं की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयारी करना, संसाधनों की उपलब्धता का मूल्यांकन करना और आम जनता को जागरूक करना है।

## भरनांग पंचायत के ब्रह्मणी गांव को एनआईटी वार्ड नंबर एक में शामिल करे प्रशासन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नगर निगम हमीरपुर के 15 वार्ड बनाने के प्रारूप की अधिसूचना जारी हो चुकी है। नगर निगम में जनसंख्या के आधार पर साथ लगती पंचायतों को भी नगर निगम में शामिल किया गया है। हालांकि पंचायत जिन गांवों को नगर निगम में शामिल किया गया है, वहां के निवासियों ने गलत वार्ड में शामिल करने की आपत्ति जताई है।

इसी क्रम में पंचायत भरनांग के वार्ड नंबर 6 व 7 के निवासियों ने नगर निगम के वार्ड नंबर 7 में मिलाए जाने का विरोध किया है। शुक्रवार को पंचायत भरनांग के गांववासी उपायुक्त अमरजीत सिंह से मिले और एक ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने वार्ड की स्थिति के बारे में अवगत करवाया। गौर रहे कि जिला प्रशासन ने नगर निगम में शामिल किए गांवों का प्रारूप जारी कर दिया है और 9 जून तक इस पर आपतियां दर्ज करवाने का समय दिया है।

पंचायत भरनांग के ग्रामीण अजय, अश्विनी, राजेश और अन्य लोगों ने अपनी आपत्ति जताते हुए कहा है कि ब्रह्मणी गांव के वार्ड नंबर 6 व 7 को नगर निगम के नए बनाए गए वार्ड नंबर 7 के साथ जोड़ दिया गया है। लोगों का कहना है कि हर बार नई-नई प्रपोजलें सामने आ जाती है, जबकि जब इन्हें तैयार किया जाता है तो ग्रामीणों से भी पहले ही पूछा जाना चाहिए।



डीसी से मुलाकात कर नगर निगम के वार्ड नंबर 7 में मिलाने का ग्रामीणों ने किया विरोध।

उन्होंने कहा कि हमें नगर निगम के वार्ड नंबर 1 में शामिल किया जाए जबकि वार्ड नंबर 7 में शामिल होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। पंचायत भरनांग से हमारा संबंध भी टूट जाएगा। इससे नगर पालिका वार्ड संरचना के भीतर हमारे विशिष्ट गांव और पंचायत की पहचान का एक बड़ा नुकसान होगा जिसका ग्रामीण विरोध करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्तावित परिसीमन ग्राम पंचायत भरनाग की मौजूदा प्रशासनिक और सामाजिक अखंडता की पूरी तरह से अवहेलना करता है, जिसके कारण नगर निगम वार्डों के भीतर इसका अनुचित विखंडन हो रहा है। हम आशा करते हैं कि हमारी गंभीर चिंताओं पर उचित विचार किया जाएगा और ग्राम ब्राह्मणी और संपूर्ण पंचायत भरनांग के निवासियों के सर्वोत्तम हित में एक निष्पक्ष, तार्किक और व्यावहारिक निर्णय लिया जाएगा।

## विधायक रणजीत ने सैनिक स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल का किया भूमि पूजन, एक वर्ष में होगा तैयार



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर में लड़कियों के रहने के लिए गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण करवाया जाएगा। मिनिस्ट्री आफ डिफेंस के अंतर्गत आने वाले इस स्कूल के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए का बजट गर्ल्स हॉस्टल निर्माण के लिए जारी किया गया है। शुक्रवार को विधायक सुजानपुर कैप्टन रणजीत सिंह एवं स्कूल प्राचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने लड़कियों के बनने वाले इस हॉस्टल का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया और विधिवत कार्य को शुरू करवाया। सैनिक स्कूल सुजानपुर की प्राचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने बताया कि इस गर्ल्स हॉस्टल में करीब 80 लड़कियों के रहने की व्यवस्था होगी, जिसमें उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलें, इसका भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। एमईएस मिलिट्री इंजीयरिंग सर्विस से निर्माण कार्य पूरा होगा और 1 वर्ष के भीतर यह पूरा भवन बन तैयार होगा जिसके बाद यहां लड़कियों रह सकेंगी।

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक रूबल ने मैहरे में विंटेज कैफे का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** एनएसयूआई की राष्ट्रीय संयोजक एवं बोर्ड आफ डायरेक्टर नशा निवारण बोर्ड हिमाचल प्रदेश सरकार रूबल ठाकुर ने मैहरे बाजार में विंटेज कैफे का उद्घाटन किया। इसमें भारी संख्या में स्थानीय लोग एवं युवा शामिल थे। रूबल ठाकुर ने कहा कि मेरा सौभाग्य है मेरे युवा साथी मुझे इस तरह के कार्यक्रमों में आमंत्रित करते हैं और मैं उनके लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। इसके साथ पंचायत गंगोट पंचायत के गांव बद्दू में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता के ओपनिंग सेरेमनी का उद्घाटन किया जिसमें रूबल ठाकुर ने आयोजनों को अपनी तरफ से 4100 प्रोत्साहन राशि दी। इसके बाद गांव कुडहार में युवा क्लब द्वारा वॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजन समारोह में भी रूबल ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसमें आयोजन करने वाले युवाओं को रूबल ठाकुर ने 5100 की प्रोत्साहन राशि दी। इस अवसर पर बड़सर विधानसभा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद ठाकुर साहित्य के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 15 में 6 वार्ड रहेंगे ओपन, बाकी रिजर्व

### वार्डबंदी के बाद चुनावी ताल ठोंकने वालों की गतिविधियां हुईं तेज

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** वार्डबंदी की तस्वीर सामने आने के बाद हमीरपुर नगर निगम में अब चुनावी ताल ठोकने वालों की गतिविधियां भी अंदरूनी सतह पर हलचल देने लगी हैं। नगर परिषद जब थी, तब 11 वार्ड हुआ करते थे। अब चार वार्ड और बढ़ गए हैं। नगर परिषद का एरिया तो है ही, इसके बाहर कुल मिलाकर 94 गांवों को शामिल किया गया है। अब अहम बात यह है कि वार्डबंदी के बाद 6 वार्ड ओपन रहेंगे, बाकी रिजर्व होंगे।

**इसी महीने हो सकती है स्थिति क्लियर**

किस-किस कैटेगरी के लिए कौन-कौन सा वार्ड ओपन होगा, सुरक्षित होगा, अब इसकी सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पंचायत के जिन क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किया गया है, वहां का सिनेरियू राजनीति के हिसाब से इस वक्त अजीबोगरीब मरहले में है, क्योंकि किसी को भी कुछ भी पता नहीं चल पा रहा कि चुनाव लड़ने के लिए आरक्षण की स्थिति क्या होगी। इसके लिए अभी और वक्त लगेगा। लेकिन इतना ज्यादा भी नहीं कि इंतजार के लिए आंखें पथरा जाएं।

**चुनावी ताल पर टिकीं निगाहें**

**जिन** लोगों को चुनाव लड़ना है या फिर ख्वाहिश पाले हुए हैं, वे राजनीति के इस अखाड़े में अब अपने आकाओं से सलाह मशविरा भी करने लगे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तासीन है। सबसे अहम यह नगर निगम मुख्यमंत्री के गृह जिले का होना है, इसलिए यहां की चुनावी ताल पर भी निगाहें टिकी हुई हैं। चुनावी समीकरण यहां रिजर्वेशन रोस्टर जारी होने तक हिचकोले खाते रहेंगे। कौन कहां से जीतने का दम भर सकता है, इस पर भी दोनों ही दलों के नेताओं ने अब खोजबीन शुरू कर दी है, क्योंकि नगर निगम पर कांग्रेस सत्ता के बगैर नहीं रह सकती। ऐसा होने पर सवालों की बौछार हो सकती है। इसके लिए इस शुरुआती दौर में ही चुनावी बिसात बिछाने से पहले कांग्रेस और भाजपा के नेताओं को अपने-अपने लोगों की चिंता तो है ही। इसलिए कौन सक्रिय दिख रहा है और कौन राम भरोसे, इसका भी आंकलन हो रहा है।

## राज्य स्तर पर हमीरपुर के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर वुशू संघ के 6 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 8 जिलों के लगभग 185 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 56 किलो ग्राम वर्ग में सिद्धार्थ रानोट को रजत पदक, महिला वरिष्ठ वर्ग में 75 किलो ग्राम वर्ग में सानिया रानोट ने स्वर्ण पदक, आयुष कुमार को जूनिर में 65 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

वहीं सानिया का चयन सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। हमीरपुर वुशू संघ के प्रधान एनएल शर्मा ने कोच राजेश तथा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## कांग्रेस के नेता बिना इतिहास पढ़ें, बयानबाजी कर जनता को कर रहे भ्रमित : राकेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को झूठ का पुलिंदा बताते हुए तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता बिना इतिहास को पढ़े बयानबाजी कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस, वीर सावरकर जैसे अन्य बलिदानियों का योगदान हमेशा कांग्रेस ने जनता से छुपाया। अब जब सही इतिहास सामने आ रहा है, कांग्रेस उसे तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बयानबाजी से ऐसा लगता है कि आजादी सिर्फ एक ही परिवार के योगदान से मिली और बलिदानियों की श्रेणी में भी वही परिवार आता है। यह हास्यास्पद और ऐतिहासिक सच्चाई से परे है। जिला भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस के प्रवक्ताओं को सलाह दी कि उन्हें पहले अपने प्रदेश की सरकार से यह पूछना चाहिए कि जनता से किए गए वादों को क्यों पूरा नहीं किया जा रहा। भाजपा जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी और कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश करती रहेगी।

# दोसड़का में बड़ा-चोड़ू सड़क पर पड़ा गड्ढा हुआ ठीक



अनदेखी प्रतिदिन इस सड़क से होकर गुजरती हैं सैकड़ों गाड़ियां

बड़ा-चोड़ू सड़क पर गड्ढा दे रहा दुर्घटनाओं को न्योता

वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान

बड़ा। इसे संबंधित लोक निर्माण विभाग की नजर अंदाजगी का नाम देना ही उचित होगा जिसके चलते नादौन के दोसड़का में जो सड़क बड़ा-चोड़ू को जाती है, वहां वर्तमान समय में सड़क पर इतना बड़ा गड्ढा पड़ा हुआ है कि वहां कभी भी किसी भी वक्त कोई अप्रिय दुर्घटना घट सकती है, लेकिन विडंबना की बात यह है कि लोक निर्माण विभाग यह सब जानते हुए भी मूकदर्शक [illegible]

सड़क पर पड़ा बड़ा गड्ढा चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

अनंत ज्ञान समाचार पत्र के प्रमुखता से मुद्दा उठाने पर समस्या का हल हो गया।

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** पिछले. लगभग दो महीनों से दोसडका में बड़ा-चोड़ू सड़क पर पड़ा गड्डा जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा था एवं जिससे वाहन चालकों को आने जाने में बड़ी परेशानी हो रही थी, समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा हरकत में आते हुए उस गड्ढे को भर दिया गया।

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने वाहन चालकों की समस्या को प्रमुखता से उठाकर लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए अतिशीघ्र इस गड्डे को ठीक करने की मांग. उठाई थी. ताकि यहां कोई अप्रिय घटना न घटित हो सके।

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पंकज कौशल ने बताया कि उन्होंने एनएच विभाग को इस सड़क पर पड़े गड्डे को अतिशीघ्र भरकर सड़क को ठीक करने का आग्रह किया था ताकि यहां कोई अप्रिय घटना न घट सके।

**आयोजन** 100 से ज्यादा पूर्व छात्रों ने लिया हिस्सा, पुराने दिनों को किया याद

# पूर्व छात्र और रजत जयंती पुनर्मिलन कार्यक्रम में रही धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के दो दिवसीय पूर्व छात्र मिलन-एवं-रजत जयंती पुनर्मिलन कार्यक्रम में अच्छी खासी धूम रही। दूरदराज से यहां पूर्व छात्र पहुंचे हुए थे। सभी पूर्व छात्र अपने अल्मा मेटर के सभी क्षेत्रों में समग्र विकास में आए बदलावों को देखकर उत्साहित और भावुक थे।

चाहे वे यूजी, पीजी और पीएचडी स्तर से लेकर इसके शैक्षणिक कार्यक्रम का व्यापक दायरा हो या मेगा हॉस्टल से लेकर अत्याधुनिक ई-क्लास रूम आदि के बुनियादी ढांचागत विकास का हो।




पूर्व छात्र सम्मेलन में कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

सम्मेलन का उद्घाटन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने सभी पूर्व विद्यार्थियों का इस भव्य सम्मेलन में शामिल होने पर स्वागत किया तथा उन्हें एनआईटी हमीरपुर का राजदूत तथा अमूल्य धरोहर बताया तथा उनसे एनआईटी हमीरपुर से जुड़े रहने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर बोलते हुए निदेशक ने पूर्व विद्यार्थियों को संस्थान के विद्यार्थियों की सफलता की कहानियों से अवगत कराया। इससे पहले डीन (पूर्व छात्र मामले), प्रो. अश्विनी कुमार चंदेल ने कहा कि यह बैठक न केवल खुशी और पुरानी यादों का क्षण है, बल्कि हमारी सीख और उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करने का अवसर भी है।

प्रो. चंदेल ने एनआईटी हमीरपुर और इसके पूर्व छात्रों के बीच बंधन को समृद्ध करने के लिए पूर्व छात्रों की बातचीत और भागीदारी के कुछ प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में लगभग 100 पूर्व छात्रों ने भाग लिया और यह सम्मेलन शनिवार तक चलेगा।

## तकनीकी विवि ने किया प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2025 (एचपीसीईटी) का परिणाम घोषित किया है। 17 मई को आयोजित बीटेक, बी फार्मेसी और बी टेक, बी फार्मेसी (दोनों), एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए और एमबीए, एमबीए पर्यटन (दोनों), एमएससी फिजिक्स, पर्यावरण विज्ञान और बीएससी एचएमसीटी-बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा में कुल 9302 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थित दर्ज की थी। बीटेक की प्रवेश परीक्षा में गोपाल कृष्ण ने 600 में से 455 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, बी फार्मेसी की प्रवेश परीक्षा में पार्थ पंडित ने 600 में से 482 अंक अर्जित किए। वहीं एमबीए में गीतिका ने 300 में से 235, एमसीए में अभिषेक ने 300 में से 206 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। बीएससी एचएमसीटी में सलोनी ने 100 में 30, बीएचएमसीटी में ध्रुव ठाकुर ने 100 में से 23 अंक प्राप्त किए। एमएससी फिजिक्स में कंचन शर्मा ने सबसे ज्यादा 100 में से 29.75 अंक और पर्यावरण विज्ञान में अंकिता जम्वाल ने 100 में से 39 अंक हासिल किए हैं। प्रवेश परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान भी रहा है। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा का परिणाम देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद अब काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# हिमाचल में महंगा हुआ इलाज

## 14 श्रेणियों के मुफ्त टेस्ट बंद, अस्पतालों में अब देना होगा 10 रुपए पर्ची शुल्क

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के लाखों मरीजों को झटका देते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। अब सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 14 विशेष श्रेणियों के लाभार्थियों के लिए मुफ्त डायग्नोस्टिक परीक्षण (जांच) और एक्स-रे की सुविधा बंद कर दी गई है। यह कदम राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत रोगी कल्याण समितियों (आरकेएस) को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एक पत्र के माध्यम से इस फैसले की जानकारी दी है। इसका मुख्य उद्देश्य आरकेएस को अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक अधिकार और संसाधन जुटाने की शक्ति देना है। विशेष सचिव (स्वास्थ्य) द्वारा जारी निर्देशों में चिकित्सा शिक्षा निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक को इस निर्णय को तुरंत लागू करने के आदेश दिए गए हैं।

इस फैसले के बाद, शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) प्रशासन ने भी एक अहम घोषणा की है। आईसीएमसी में अब सभी मरीजों को अस्पताल में रजिस्ट्रेशन कराते समय 10 रुपए का मामूली शुल्क देना होगा। आईजीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आरकेएस की कार्यकारी समिति इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देगी, जिसके बाद इसे आम सभा की बैठक में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।



### मंत्रिमंडल मंजूरी के बाद आया फैसला

यह कदम राज्य मंत्रिमंडल के उस निर्णय के बाद आया है, जिसमें सभी रोगी कल्याण समितियों को स्वच्छता और छोटी-मोटी मरम्मत जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए धन जुटाने हेतु रजिस्ट्रेशन और अन्य शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी।

### सरकार का गुणवत्ता में सुधार का तर्क

**सरकार** का मानना है कि इससे स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और आरकेएस अपनी जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर पाएंगी।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का शिमला में गर्मजोशी से स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचे। चंडीगढ़ से हेलिकॉप्टर द्वारा अनाडेल पहुंचने पर, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद थे। अनाडेल में स्वागत के बाद उपराष्ट्रपति का काफिला सीधे राजभवन के लिए रवाना हुआ। पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपराष्ट्रपति 7 जून को डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में एक संवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, जीओसी-इन-सी, एआरटीआरएसी, शिमला नगर निगम के महापौर, सुरेंद्र चौहान, मुख्य सचिव, प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक, अशोक तिवारी, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक शिमला, गौरव सिंह, सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**न्यूज ब्रीफ**

### हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हिमाचल की नई कमेटी गठित



हिमाचल इकाई की नई कार्यकारिणी को मान्यता प्रदान करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ने हिमाचल प्रदेश के लिए एक नई एडहॉक स्टेट एग्जीक्यूटिव कमेटी बनाई है। राजेश कुमार को चेयरमैन और निशिकांत शर्मा को स्टेट नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. अतुल ने बताया कि यह पुनर्गठन राष्ट्रीय परिषद के निर्णय के तहत किया गया है। इस कमेटी में धनेंद्र स्वामी राज्य संगठन आयुक्त, सुरेश साख्यान सचिव, अनीता शर्मा कोषाध्यक्ष, प्रशांत गुप्ता संयुक्त सचिव और पंकज ठाकुर संयुक्त राज्य संगठन आयुक्त भी शामिल हैं। बता दे कि नई कमेटी का लक्ष्य युवाओं को स्काउटिंग और गाइडिंग के माध्यम से मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से विकसित कर उन्हें बेहतर नागरिक बनाना है।

### खेत में जहरीली दवाई का छिड़काव करने से सास-बहू की तबीयत बिगड़ी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की जसाना पंचायत के वार्ड लखरूंह में खाली खेत में जहरीली दवाई के छिड़काव से सास-बहू की तबीयत बिगड़ गई। यह घटना उस समय घटी जब दोनों महिलाएं खेत में नियमित कृषि कार्य कर रही थीं। वहीं, दूसरी ओर बहू ने खाली खेत में जहरीली दवाई का छिड़काव कर दिया। कुछ समय पश्चात सास-बहू को चक्कर आने लगे और सांस लेने में परेशानी होने लगी। स्थानीय वार्ड पंच ने तत्परता दिखाते हुए दोनों महिलाओं को तुरंत बंगाणा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। बताया गया है कि पीड़ित सास पिछले दस वर्षों से अधरंग (पक्षाघात) की मरीज हैं, वहीं बहू का हाल ही में पेट का बड़ा ऑपरेशन हुआ था। इन दोनों की हालत में अचानक गिरावट आने से परिवार सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी तनाव का माहौल बन गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बंगाणा पुलिस मौके पर पहुंची और खेत की मिट्टी के सैंपल स्थानीय प्रधान अनीता राणा और वार्ड सदस्य की देख-रेख में इकट्ठे कर धर्मशाला जांच प्रयोगशाला को भेजे हैं। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने पुष्टि की है कि खेत में बिना अनुमति और जान-बूझकर जहरीली दवाई का छिड़काव करना कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर ली गई है और गहनता से जांच जारी है।

## जयराम बोले-प्रदेश सरकार नए शुल्क थोप कर जनता को कर रही परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ लगातार नए शुल्क थोप रही है, तो दूसरी तरफ प्रदेशवासियों को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती कर रही है। ठाकुर ने विशेष रूप से डिपुओं में मिलने वाले राशन की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि और उपलब्धता की कमी का मुद्दा उठाया।



उन्होंने कहा कि सरसों का तेल और रिफाइंड महीनों तक डिपुओं से गायब रहने के बाद, अब 33 से 40 प्रतिशत महंगे मिलेंगे। उन्होंने उदाहरण दिया कि जो रिफाइंड तेल पहले 97 रुपए में मिलता था, वह अब 134 रुपए में मिलेगा। उन्होंने शिमला से जारी बयान में इसे आम आदमी के साथ 'मजाक' करार दिया और सरकार से पूछा कि वह खान-पान की आवश्यक वस्तुओं को डेढ़ गुना कैसे महंगा कर सकती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दालों सहित अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ाई जा रही हैं और राशन की संख्या कम की जा रही है, जिससे आम आदमी की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

जयराम ने मुख्यमंत्री पर 'झूठ' बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक तरफ अस्पतालों में पर्ची शुल्क और चूड़धार यात्रा पर वन विभाग द्वारा लगाए गए टैक्स से इनकार करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ ये शुल्क वसूले जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि वे खुद अस्पताल जाकर स्थिति जांचें और स्वीकार करें कि उनकी सरकार 'शुल्क की सरकार' बन गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे झूठ बोलना मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता।

### केंद्र सरकार का आभार

जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए वरदान साबित हुई है। पीएमजीएसवाई के चौथे चरण के तहत हिमाचल में डेढ़ हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने स्वीकृति दी है, जिसमें उनके सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए 32 सड़कों का निर्माण भी शामिल है।

## सांसद कश्यप ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सांसद सुरेश कश्यप समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने बचत भवन सभागार में आयोजित 'दिशा' बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस त्रैमासिक बैठक में केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत जैसे विभागों की प्रगति का जायजा लिया गया।

कश्यप ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को हिमाचल प्रदेश के लिए 'वरदान' बताया, जिससे राज्य की लगभग 50 फीसदी सड़कें बनी हैं। उन्होंने खुशी जताई कि योजना के चौथे चरण के तहत शिमला जिले के लिए 243 नई सड़कें स्वीकृत हुई हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से बरसात से पहले डामरीकरण (तारिंग) का कार्य पूरा करने का आग्रह किया। विद्युत विभाग की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) का जिक्र करते हुए, सांसद ने कहा कि यह योजना भविष्य में बिजली संबंधी समस्याओं को दूर करेगी। सितंबर तक सभी बिजली मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने का लक्ष्य रखा गया है। जल जीवन मिशन के तहत 14,000 से अधिक घरों को पेयजल उपलब्ध कराया गया है और सांसद ने बजट की कमी को दूर करने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिलने की बात कही। सांसद ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बैंकों द्वारा आवेदनों की स्वीकृति में कमी पर चिंता व्यक्त की और अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## जुब्बल-कोटखाई में जिला परिषद सीटों की कटौती पर बवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- जनता के साथ खुला अन्याय, बीजेपी ने सरकार को घेरा
- जनसंख्या अनुपात और अधिनियम का खुला उल्लंघन करार

हिमाचल प्रदेश की जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में जिला परिषद की तीन सीटों को घटाकर दो करने के कांग्रेस सरकार के फैसले पर भारी विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने इस निर्णय को जनता के साथ खुला अन्याय और लोकतंत्र का अपमान करार दिया है। भाजपा का आरोप है कि यह फैसला न केवल मनमाना है, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से लिया गया है और क्षेत्र की आवाज को दबाने की साज़िश है।

भाजपा कोटखाई-नावर मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा और अन्य पदाधिकारियों ने इस फैसले की तीखी आलोचना करते हुए इसे हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 89(2) का खुला उल्लंघन बताया। इस अधिनियम के अनुसार, एक ज़िला परिषद सदस्य अधिकतम 25,000 की जनसंख्या का ही प्रतिनिधित्व कर सकता है। डोगरा ने सवाल उठाया कि जब अन्य ज़िलों में कम पंचायतों और कम जनसंख्या के बावजूद कोई बदलाव नहीं किया गया, तो कोटखाई की 26 और जुब्बल की 25 पंचायतों को एक-एक वार्ड में समेटना दोहरे मापदंड को दर्शाता है।

### जनता में भारी आक्रोश पनपा

**डोगरा** ने आरोप लगाया कि यह फैसला शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक रोहित ठाकुर के इशारे पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले पर रोहित ठाकुर की चुप्पी उनकी संलिप्तता को स्पष्ट करती है। भाजपा नेता ने दावा किया कि क्षेत्र की जनता इस 'जनविरोधी' निर्णय से आक्रोशित है और रोहित ठाकुर को इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार मानती है।

### लोकतांत्रिक संघर्ष की चेतावनी

**भारतीय** जनता पार्टी जुब्बल-नावर कोटखाई इकाई ने स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक संघर्ष तेज करेगी और इस फैसले के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाएगी।

## कौशल विकास से बनेगी रोजगार की राह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

- मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिया बाजारोन्मुखी ट्रेनिंग के निर्देश

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश कौशल विकास निगम (एचपीकेवीएन) की 16वीं निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने हेतु कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने निगम को बाजारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सोलन जिले के वाकनाघाट में उत्कृष्टता केंद्र, काजा और उदयपुर में मॉडल कैरियर केंद्रों तथा नालागढ़ में ग्रामीण आजीविका केंद्र के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया ताकि युवाओं को अधिकतम लाभ मिल सके। सुक्खू ने जानकारी दी कि 1 जनवरी, 2023 से अब तक एचपीकेवीएन की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के तहत 45,455 युवाओं को पंजीकृत किया गया है। इनमें से 39,794 युवाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र मिल चुके हैं, और 8,586 प्रशिक्षुओं को रोज़गार प्राप्त हुआ है।

## बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर पंजाब में दबोचा चिट्टे का आरोपी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में नशा उन्मूलन के लिए चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत थाना सदर हमीरपुर में 28 अप्रैल को एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने व्यक्ति से 11.64 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया था। पुलिस ने व्यक्ति से पूछताछ के दौरान जांच शुरू की थी उसी के आधार पर शुक्रवार को आरोपी हकीकत सिंह उर्फ हनी पुत्र रुपलाल निवासी गांव नजदीक किरणा माता मंदिर न्यू सुखियाबाद, जिला होशियारपुर पंजाब गिरफ्तार किया गया है, जिसे आज ही माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस एनडीपीएस अधिनियम के अभियोग में बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर गिरफ्तारी की है। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि पंजाब से गिरफ्तार व्यक्ति को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## सरकार की 10 गारंटियों में रोजगार को प्राथमिकता: विक्रमादित्य सिंह




रोजगार मेले में शिरकत करते विक्रमादित्य सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- बनूटी में रोजगार मेले का किया शुभारंभ

हिमाचल प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बनूटी में आयोजित एक रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। उन्होंने घोषणा की कि सरकार जल्द ही सरकारी क्षेत्र में लगभग 20,000 पद भरेगी।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के बाद लोगों को जो 10 गारंटियां दी थीं, उनमें बेरोजगार युवाओं को रोजगार देना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में 20,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, अगले कुछ समय के भीतर विभिन्न सरकारी विभागों में 20,000 रिक्त पदों को भरा जाएगा। इन पदों में एनटीटी 13,000 पद, टीजीटी (आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल) 1,000 पद, वोकेशनल टीचर के 2,000 पद, स्वास्थ्य विभाग (डॉक्टर और पैरा-मेडिकल स्टाफ) के 2,000 पद अन्य विभिन्न विभाग के 3,000 पद शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, पूरे प्रदेश में 8,000 से 10,000 वन मित्र भी लगाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने जानकारी दी कि रोजगार कार्यालय शिमला में विभिन्न निजी कंपनियों से 2,000 से अधिक पद भरने की मांग आई है। जिसके लिए बनूटी में रोजगार मेला आयोजित किया गया।

## कुलपति प्रो. महावीर ने शिक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के नवनियुक्त कुलपति प्रो. महावीर सिंह (नैनो साइंटिस्ट) ने शुक्रवार को सचिवालय में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रो. महावीर सिंह को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 28वें कुलपति के रूप में कार्यभार संभालने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों के बीच विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। प्रो. महावीर सिंह ने हाल ही में एचपीयू के कुलपति का पदभार संभाला है।

## चरस रखने के दोषियों को कठोर कारावास और जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी रवि कुमार पुत्र जयराम निवासी डाकघर खुराल तहसील सुंदरनगर जिला मंडी व धर्म पाल पुत्र उदय सिंह निवासी गांव ऊरस, जिला मंडी को चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 2 वर्ष के साधारण कारावास के साथ 10,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषियों को 3 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मामले की जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक विनोद भारद्वाज ने इस मामले का अभियोजन किया है। उन्होंने बताया कि 11 जनवरी 2021 को अन्वेषण अधिकारी निरीक्षक टेक चंद पुलिस टीम के साथ बस स्टैंड भिउली चौक मंडी में पुलिस नाका लगाया और वाहनों की जांच करने लगे। उसी समय पंडोह की तरफ से प्राइवेट बस नंबर एचपी68-3635 आई, जिसे जांच के लिए रोका गया। निरीक्षक ने पुलिस कर्मियों के साथ बस के अंदर चेकिंग के दौरान यात्रियों रवि कुमार और धर्मपाल से उनके गंतव्य स्थान के बारे में पूछा तो घबरा गए और कोई संतोषजन उत्तर नहीं दे पाए। जब पुलिस ने उनकी तलाशी उनके बैग से चरस को तोलने पर कुल भार 174 ग्राम चरस मिली। इस मामले में अन्वेषण पूरा होने पर थाना अधिकारी थाना सदर जिला मंडी में अभियोग संख्या 12/2021 दर्ज न्यायालय में पेश किया। जिला न्यायवादी मंडी ने यह भी बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने माननीय न्यायालय के समक्ष 21 गवाहों के तर्क-वितर्क को सुनने के पश्चात माननीय न्यायालय ने इस मामले में उक्त दोषी को नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) की धारा 20 के तहत 2 वर्ष के साधारण कारावास के साथ 10,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषियों को 3 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

**योजना**

### 15 अगस्त से पहले होगा प्रोजेक्ट पूरा, बिलासपुर मॉडल बन सकता है प्रदेश के छोटे शहरों के लिए प्रेरणा

# हिमाचल का पहला स्मार्ट सीसीटीवी-सुरक्षित शहर बनेगा बिलासपुर

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

- 15 अगस्त को मुख्यमंत्री सुक्खू कर सकते हैं शुभारंभ
- 85 स्थानों पर लग रहे 335 हाई टेक कैमरे, डीएमएफटी फंड से 2.63 करोड़ की मंजूरी

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला हिमाचल प्रदेश का ऐसा पहला शहर बनने जा रहा है जो 100 प्रतिशत सीसीटीवी कवरेज से लैस होगा। यह पहल न केवल आधुनिक निगरानी प्रणाली को स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि जिले को नशा मुक्त और सुरक्षित बनाने की प्रशासनिक सोच का भी सशक्त उदाहरण है। जिला प्रशासन की इस महत्वाकांक्षी योजना को डीएमएफटी से 2.63 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है और इस दिशा में काम भी शुरू हो चुका है।

वहीं, सूत्रों के अनुसार 15 अगस्त तक इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य प्रशासन ने रखा है। 15 अगस्त को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस योजना का बिलासपुर पहुंचकर शुभारंभ कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार शहर में कुल 85 संवेदनशील और महत्वपूर्ण लोकेशनों की पहचान की गई है, जहां पर 335 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, इनमें से 295 सामान्य निगरानी कैमरे, 31 एएनपीआर कैमरे और 9 पीटीजैड कैमरे शामिल हैं। यह कैमरे विशेष रूप से उन जगहों पर लगाए जाएंगे, जो नशा कारोबार, असामाजिक गतिविधियों या कानून-व्यवस्था के लिहाज से संवेदनशील माने जाते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि यह काम स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से पहले पूरा कर लिया जाए।



जानकारी के अनुसार कैमरे लगाने का कार्य जोरों पर चल रहा है और इस पर निगरानी स्वयं जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। योजना की नींव पूर्व में रहे उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने रखी थी। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्तुति को गंभीरता से लिया और डीएमएफटी फंड से 2.63 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की। कैमरों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर सीधा नियंत्रण रखा जाएगा और रीयल-टाइम फुटेज से पुलिस को त्वरित कार्रवाई में सहायता मिलेगी।

भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो इस प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी सिस्टम से भी जोड़ा जा सकता है। इससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, चेहरों की स्कैनिंग, और ऑटोमेटेड अलर्ट सिस्टम की स्थापना संभव होगी। इससे पुलिस और प्रशासन को पहले से सूचना मिलेगी और अपराधों को घटित होने से पहले रोका जा सकेगा।

### प्रदेश के लिए उदाहरण बनेगा बिलासपुर मॉडल

**बिलासपुर** का यह कदम न केवल हिमाचल, बल्कि पूरे देश के अन्य छोटे और मध्यम शहरों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है। सीमित संसाधनों में तकनीक के माध्यम से सुरक्षा को मजबूत करना एक अनुकरणीय पहल है। इस प्रकार की योजना यदि राज्य स्तर पर लागू हो तो यह समाज में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ कर सकती है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**पुलिस** प्रवक्ता व डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने कहा कि बिलासपुर शहर में सीसीटीवी कैमरे लगने का कार्य शुरू हो गया है। शहर में कुल 85 स्थानों पर 335 हाई-टेक कैमरे लगाए जा रहे हैं। जल्द ही यह कार्य पूरा हो जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां ।** निर्जला एकादशी पर नगरोटा बगवां इंडस्ट्रियल एरिया में ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई गई। स्थानीय नागरिकों ने राहगीरों को पानी पिलाकर राहत पहुंचाई। इस आयोजन को सामुदायिक पहल के रूप में देखा गया।

### योल बाजार में व्यापारियों ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, योल।** योल बाजार में युवा व्यापारियों के द्वारा गर्मियों के मौसम में छबील का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल नेतृत्व व्यापार मंडल के प्रधान अक्षित मैंनी ने किया। युवा व्यापारी जिसमें मुख्य रूप से सागर, अक्षय, विशाल, विनीत, अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

### युवा क्लब खुड़ली ने दिलाई गर्मी से राहत



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** निर्जला एकादशी के शुभ पर्व पर युवा क्लब खुड़ली ने आंद्रेटा चौक में लगाई शीतल पेय की छबील। इस दौरान लोगों ने भी खूब आनंद लिया।

### महिलाओं ने मीठा जल और फल बांटे



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कृपालेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ (लोहारकड़ी ,) की महिलाओं ने शुक्रवार को एकादशी का त्यौहार धूमधाम से मनाया । महिलाओं ने लोगों राहगीरों को मीठा जल पिलाया ओर फल बांटे। एकादशी के मौके पर नाच गाने का कार्यक्रम भी हुआ, कार्यक्रम के पश्चात महिला मंडल की महिलाओं ने मंदिर के आस पास सफाई भी की । इस अवसर पर ममता धीमान, प्रभा, रेणु बजवारिया अनु धीमान, इना, ऊषा, अमिता नेहा, संगीता, संजू, संतोष, इंदु, रीतू, ईशान अंकित धीमान, गौरव धीमान, आदित्या कुलदीप मनन अर्चना मेहरा, आदि अन्य महिलाएं भी मौजूद थी ।

# मुसीबत में कैसे बचाएं जान, मॉकड्रिल से दिया ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



**बैजनाथ,** आज जिला कांगड़ा के उपमंडल बैजनाथ में पंडित संतराम महाविद्यालय में मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें होमगार्ड, अग्निशमन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण तथा जलशक्ति विभाग ने संयुक्त तत्वाधान में आपदा की स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास कर लोगों को जागरूक किया।

आयोजित मॉकड्रिल में भूकंप की स्थिति दर्शाई गई जिसमें महाविद्यालय में फंसे हुए 13 छात्रों, 5 प्राध्यापकों तथा 01 वन विभाग के कर्मचारी को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा घायल व चोटिल लोगों को तुरंत स्वास्थ्य कैंप ले जाया गया। गंभीर रूप से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए सिविल अस्पताल बैजनाथ रवाना किया गया। उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम की अगुवाई में इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस उप अधीक्षक अनिल शर्मा, तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, खंड विकास अधिकारी सुमन कुमारी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण अजय सूद, हि प्र पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक नितेश शर्मा, अग्निशमन अधिकारी विजय कुमार, विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के छात्र एवं प्राध्यापक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### मॉकड्रिल में क्षतिग्रस्त भवन से रेस्क्यू किए 32 लोग

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने एवं आपात स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्य को प्रभावी ढंग से अंजाम देने के उद्देश्य से आज पालमपुर उपमंडल में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पालमपुर के निकट स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बिंद्रावन में एक बहुमंजिला भवन के भूकंप के कारण क्षतिग्रस्त होने की स्थिति पर आधारित था। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का संचालन किया गया, जबकि स्टेजिंग एरिया शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा मैदान में स्थापित किया गया था। यहां से इंसिडेंट कमांडर एवं नायब तहसीलदार अमृतपाल द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों का निर्देशन किया गया। क्षतिग्रस्त भवन में करीब 30 स्थानीय लोगों के फंसे होने और भवन के बाहर घायल हुए दो घायल लोगों सूचना पर सारी टीमें मशीनरी सहित प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हुई।

### आपदा प्रबंधन पर किया अभ्यास

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** उपमंडल नूरपुर में आपदा प्रबंधन अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल का नेतृत्व एसडीएम अरुण शर्मा ने किया। मॉकड्रिल परिदृश्य के अनुसार, 8.0 तीव्रता के एक शक्तिशाली भूकंप के कारण राजकीय आईटीआई नूरपुर की इमारत धराशायी हो गई, और शॉर्ट सर्किट के चलते दो ब्लॉकों में आग लग गई।

इस आपदा में लगभग 250 लोगों के प्रभावित होने का अनुमान लगाया गया। बचाव कार्यों के अंतर्गत,अग्निशमन विभाग, होमगार्ड, एनडीआरएफ की सहायता से तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। मुख्य राहत शिविर एवं ड्रिल संचालन का केंद्र चौगान मैदान में स्थापित किया गया था। यहाँ से राहत सामग्री, जल आपूर्ति, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया गया।

### स्कूल भवन में फंसे बच्चों को किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर के रावमपा में मॉकड्रिल की गई जिसमें फतेहपुर स्कूल में आठ रिएक्टर स्केल पर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिससे स्कूल का एक भवन क्षतिग्रस्त हो गया जिससे भवन के अंदर बैठे बच्चों में कई घायल हो गए। बच्चों को भवन से स्ट्रेचर का उपयोग करके निकाला गया। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि स्थानीय वॉलंटियर्स की सहायता से रिहल्सल की गई ।

### ज्वालामुखी मंदिर परिसर में की मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी मंदिर परिसर में भूकंप आपदा को लेकर एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के दौरान भूकंप जैसी स्थिति को दर्शाते हुए रेस्क्यू और राहत कार्यों का प्रदर्शन किया गया। ड्रिल में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, प्रशासनिक अधिकारी, और मंदिर कर्मचारी पूर्ण रूप से सक्रिय रहे। तहसीलदार राहुल शर्मा ने जानकारी दी कि यह मॉकड्रिल भविष्य में किसी भी आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए की गई थी। एसडीएम डॉ. संजीव और मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

### बच्चों को आपदा प्रबंधन व बचाव के सिखाए तरीके

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के तहत खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने आपदा प्रबंधन के महत्व पर चर्चा की और बताया कि आपदा के समय कैसे अपने आप और दूसरों को बचाया जा सकता है। फायर मैन रविंद्र सिंह ने आपदा के प्रकार और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

### शिखा बनी बेस्ट प्रेजेंटर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत में वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए 'वित्तीय सीमाएं' नामक विषय पर एक सेमिनार का आयोजन हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन हुआ।

सेमिनार की शुरुआत सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वालन कर की गई। वहीं सहायक प्रवक्ता कुसुम पठानिया व विशाल ने रिसोर्स पर्सन व नॉट स्पीकर सहायक प्रवक्ता रजत मौजूद रहे। सेमिनार में बी.कॉम प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ अपने शोध, आलोचनात्मक सोच और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। छात्रों को समकालीन व्यावसायिक मुद्दों का अन्वेषण करने और कक्षा से बाहर व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। वहीं बेस्ट प्रेजेंटर शिखा को चुना गया।

# प्राथमिकता से किया प्राकृतिक जल संसाधनों का जीर्णोद्धार : सरिता

पंचायत में सरकारी योजनाओं को प्राथमिकता देकर सफलतापूर्वक लागू करने, गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने तथा पंचायत में अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों को लेकर अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कस्बा नरवाना की **पंचायत प्रधान सरिता देवी** ने बेबाकी से अपनी बात रखी। पेश हैं योल के पत्रकार **मनोज चंदेल** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश :-

**प्रश्न : आपके कार्यकाल की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या रही ?**

उत्तर : सबसे बड़ी उपलब्धि पंचायत क्षेत्र को कचरा मुक्त करना रही है, हर घर से प्लास्टिक कचरे को इक्ट्ठा करने के लिए बैग दिए गए हैं। सप्ताह में एक बार हर घर से प्लास्टिक लेकर रिसाइक्लिंग के लिए रक्कड़ स्थित प्लांट में भेजा जा रहा है। साथ ही ऐसे स्थान जिनको हम ब्लैक स्पॉट कह सकते हैं जहां लोगों द्वारा कचरा फेंका जाता था उन स्थानों को चिन्हित कर वहां जाले लगाए गए हैं। कुछ लोगों को कचरा फेंकते हुए पाए जाने पर चालान भी काटे गए हैं।



**प्रश्न : आपकी पंचायत में किन योजनाओं को प्राथमिकता देकर सफलतापूर्वक लागू किया गया।**

उत्तर : पंचायत में मुख्यत: खराब रास्तों को ठीक करने, खेतिहर किसानों के स्वावलंबन, स्वच्छ पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना, बच्चों के लिए खेलकूद मैदान का निर्माण, जंगलों का सरंक्षण, पक्के मकान के लिए अनुदान उपलब्ध कराना व प्राकृतिक जल संसाधनों का जीर्णोद्धार करना मेरी प्राथमिकता रही है।

नरवाना की प्रधान सरिता देवी से अनंत ज्ञान की **विशेष बातचीत**

**प्रश्न : आपके गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या सुधार हुआ ?**

उत्तर : शिक्षा के क्षेत्र में हमारा पंचायत क्षेत्र प्रारंभ से ही अग्रणी रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम समय-समय पर मेडिकल कैंप का आयोजन करते रहे हैं जिसका लाभ लोगों को मिलता रहा है। पंचायत क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं और स्टाफ की उपलब्धता के बारे में संज्ञान लिया जाता रहा है।

**प्रश्न : सरकारी योजनाओं को किस तरह से आपने पंचायत स्तर पर प्रभावी बनाया?**

उत्तर : सरकारी योजनानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पंचायत स्तर पर सर्वे कर ऐसे लोगों को चिन्हित कर योजनानुसार उनका चयन कर पैसा मंजूर करवाया गया है और लगभग 40 परिवारों को पक्के मकानों के लिए अनुदान उपलब्ध कराए गया है।

**प्रश्न : आपके नेतृत्व में पंचायत में किस तरह की सामुदायिक भागीदारी बढ़ी है ?**

उत्तर : मेरे कार्यकाल के दौरान लोगों की सामुदायिक भागीदारी बढ़ी है। महिला मंडलों के स्वयं सहायता समूह को सुदृढ़ किया गया है। मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण उपलब्ध कर लोगों को मधुमक्खी के बक्से दिए गए हैं।

**प्रश्न : ऐसे कार्य जो पूरे नहीं हो पाए और जिनको आप अगली बार पूरा करना चाहेंगी ?**

उत्तर : अगली बार हमारा मुख्य उद्देश्य कुछ बचे हुए कार्यों को पूर्ण करना रहेगा।




# सोलन-सिरमौर के लहसुन सीजन से बढ़ी सब्जी मंडी की रौनक

## लहसुन के किसानों को मिल रहे बेहतर दाम



जिला सिरमौर और सोलन में इस बार लहसुन की बंपर पैदावार हुई है पर प्री मानसून इसमें बाधा बन रहा है। ऐसे में कृषि विभाग ने किसानों को समय रहते लहसुन की तुड़ाई करने की सलाह दी है। वहीं दोनों जिलों से सोलन की सब्जी मंडी में लहसुन की आवक बड़ी मात्रा में शुरू हो गई है। अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरों में रौनक है। अब तक मंडी में लगभग 6000 क्विंटल लहसुन की आवक हो चुकी है और एक करोड़ से ऊपर का कारोबार हो चुका है। जिससे यहां जबरदस्त रौनक बनी हुई है। किसानों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

**अब तक 6000 क्विंटल लहसुन की आवक**

मंडी समिति के अधिकारियों ने बताया कि इस बार लहसुन की क्वालिटी बेहतरीन है, जिसकी वजह से किसानों को दाम भी अच्छे मिल रहे हैं। लहसुन की ग्रेडिंग के अनुसार किसानों को 40 से 120 रुपए प्रति किलो तक के भाव मिल रहे हैं, जो पिछले सीजन की तुलना में बेहतर हैं। सोलन मंडी से लहसुन की फसल न केवल आसपास के राज्यों हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भेजी जा रही है, बल्कि साउथ इंडिया की बड़ी मंडियों में भी इसकी भारी मांग बनी हुई है। मंडी में बाहरी राज्यों से भी व्यापारी लहसुन बेचने और खरीदने आ रहे हैं, जिससे व्यापार को गति मिली है। **प्रस्तुति- मोहन चौहान, सोलन।**

### एक करोड़ से अधिक का हो चुका है लहसुन का व्यापार



**मंडी** अधिकारियों के अनुसार अब तक मंडी में 1 करोड़ से अधिक रुपए का लहसुन व्यापार हो चुका है। मंडी सचिव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे सूखा और अच्छी तरह ग्रेड किया हुआ लहसुन ही मंडी में लाएं, जिससे उन्हें बेहतर दाम मिलें और व्यापार और सशक्त हो सके। जिले के किसान लहसुन के इस बार के बेहतर दामों से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। हालांकि, किसानों ने चिंता जताई है कि बेमौसम बारिश से लहसुन खराब होने का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद मंडी में पिछले साल की तुलना में इस साल उत्कृष्ट दाम मिलने से किसानों में खुशी है।

### अभी तक 5500 क्विंटल लहसुन की आवक विभिन्न राज्यों को भेजी



अरुण कुमार, सचिव मंडी समिति सोलन।

मंडी प्रशासन का मानना है कि यदि सप्लाई और क्वालिटी इसी प्रकार बनी रही तो आने वाले दिनों में व्यापार का आंकड़ा और ऊंचाई छू सकता है। मंडी में इस समय लहसुन कारोबारियों और किसानों की चहल-पहल बनी हुई है। सोलन जिला में लहसुन की बंपर पैदावार हुई है तथा किसानों को दाम भी संतोषजनक मिल रहें हैं। मंडी में अभी तक तकरीबन 55 सौ क्विंटल लहसुन की आवक विभिन्न राज्यों को भेजी जा चुकी है। आने वाले दिनों में लहसुन की आवक और बढ़ने की संभावना है।

# पहाड़ी आलू बना किसानों के लिए कमाई का कुबेर

## सिरमौर में इस बार 22500 मीट्रिक टन हुई कुफरी ज्योति आलू की पैदावार



**प्रदेश** में आलू उत्पादन के मामले में तीसरे स्थान पर रहने वाले जिला सिरमौर ने इस बार 22500 मीट्रिक टन आलू का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। सिरमौर में आलू दो अलग-अलग सीजन में उगाया जाता है। ऊपरी सिरमौर (जैसे शिलाई, हरिपुरधार क्षेत्र) में जनवरी-फरवरी में बोई गई फसल जून तक तैयार होती है, जबकि निचले सिरमौर (नाहन व पांवटा साहिब ब्लॉक) में सितंबर में बोई गई फसल फरवरी-मार्च तक पककर तैयार होती है।

सिरमौर के किसानों द्वारा उगाई गई 'कुफरी ज्योति' किस्म का आलू अपने आफ सीजन में तैयार होने के कारण देश की बड़ी मंडियों में खूब पसंद किया जाता है। जब अन्य राज्यों में आलू की फसल समाप्त हो जाती है, तब सिरमौर का ताजा आलू बाजार में पहुंचता है, जिससे इसकी कीमत भी अच्छी मिलती है जिला में कुल 1500 हेक्टेयर भूमि में आलू उगाया जाता है, जिसमें से लगभग 1150 हेक्टेयर ऊपरी सिरमौर और 350 हेक्टेयर निचले क्षेत्रों में शामिल हैं। हरिपुरधार क्षेत्र में डांकरी किस्म का विशेष आलू भी उगाया जाता है, जिसकी मांग सबसे ज्यादा और कीमत 60 से 70 रुपए प्रति किलो तक रहती है। **प्रस्पुति-एसपी जैरथ, नाहन।**

**1500 हेक्टेयर भूमि पर दो सीजन में होता है उत्पादन**

### आलू के बीज 25 प्रतिशत मिलती है सब्सिडी

प्रदेश सरकार द्वारा 'कुफरी ज्योति' और 'एलपीएस' किस्म का आलू बीज 25 प्रतिशत सब्सिडी पर उपलब्ध कराया जाता है। कृषि विभाग ने इस बार 1600 क्विंटल बीज किसानों को रियायती दर पर दिया। सिरमौर में आलू की खेती किसानों के लिए आजीविका का मजबूत जरिया बनती जा रही है।

# विकसित कृषि से ही साकार होगी विकसित भारत की परिकल्पना

**भारतीय** कृषि निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और देश की समृद्धि का आधार कृषि और किसान हैं। इसी परिकल्पना को साकार करने के लिए जिला सिरमौर के विभिन्न गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जारी है। कृषि संवाद एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन। केंद्रीय कृषि मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निर्देशन में पूरे देश में चलाए जा रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, सिरमौर, कृषि विभाग एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की अलग-अलग टीमों ने जिला सिरमौर के विभिन्न गांवों मटक माजरी, मुगला वाला, डांडा, कमरऊ , जबरोग , बकरास, कुफ्टू , देवका पुंडला, जामली, फतेहपुर, काशीपुर, रामनगर, कांड, कटाह शीतला, जरवा, खोजर और रेडली गांवों में कृषि संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें भारी संख्या में किसानों ने भाग लिया। **- एसपी जैरथ, नाहन**



### प्राकृतिक खेती पर गावों में किसानों के साथ हो रही चर्चा

**जिला** सिरमौर के कृषि उपनिदेशक डॉ. राजकुमार, आत्मा के परियोजना निदेशक डॉ. साहब सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पंकज मित्तल ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ-साथ कृषि विभाग और आत्मा के अधिकारी भी प्रतिदिन जिला सिरमौर के अलग-अलग गावों में जा कर किसानों के साथ परिचर्चा कर रहे है और विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्राकृतिक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उच्च तकनीक बागवानी, पशुधन प्रबंधन और विभिन्न सरकारी योजनाओं व अनुदानों की जानकारी जानकारी दे रहे है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर किसानों के साथ चर्चा के दौरान उनकी कृषि संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### उचित दामों के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसान

**संगड़ाह** उपमंडल की रेडली पंचायत में भी कृषि अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा की सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है ताकि किसानों कि आर्थिकी मजबूत हो और उनके उत्पाद को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार में उचित दाम मिले इसके लिए वैज्ञानिक खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए किसानों का आह्वान किया और कहा कि पर्यावरण हितैषी और मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए उत्तम खेती को अपना कर ही किसान अपनी खेती की लागत में कमी लाने के साथ - साथ गुणवत्तायुक्त उत्पाद भी तैयार कर सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में भी अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं । इन शिविरों के माध्यम से किसानों को खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली विभिन्न फसलों और उनकी खेती में अपनाई जाने वाली उन्नत वैज्ञानिक विधियों के बारे में विशेष रूप से जानकारी प्रदान की जा रही है और इससे संबंधित प्रकाशन सामग्री भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आरटीआई के तहत मांगी जानकारी को किया सार्वजनिक

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पूर्व उप प्रधान ग्राम पंचायत सिहुवां यशपाल सिंह बिन्दु राणा द्वारा सूचना के अधिकार एक्ट 2005 (आरटीआई) के तहत विकास खंड आधिकारी रैत को एक सूचना लेने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। अभी तक उन्हे कोई सूचना तो मिली नही लेकिन खंड विकास विभाग रैत कार्यालय द्वारा मांगी गई जानकारी को प्रार्थना पत्र की फोटो खींच कर सार्वजनिक कर दिया गया और कुछ लोगों ने इसे सोशल मीडिया व फेसबुक पर डाल दिया। पूर्व उप प्रधान सिहुंवा पंचायत यशपाल सिंह बिन्दु राणा ने कहा की ली जाने वाली सूचना को सार्वजनिक नही किया जा सकता, जो कि गैर कानूनी है। खंड विकास अधिकारी रैत कमल गुप्ता ने कहा कि मुझे मांगी गई सूचना के वायरल होने की जानकारी नही है। जांच करने के बाद ही पुष्टि हो सकती है कि यह जानकारी कहां से लीक हुई है ।

### प्रधान ओम प्रकाश न्यायालय का खटखटाएंगे दरवाजा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** शाहपुर क्षेत्र के तहत आने वाली भत्तला पंचायत के प्रधान ओम प्रकाश ने कहा कि उन्हें बिना नोटिस जारी किए एकतरफा फैसला राजनीतिक आधार पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 व वर्ष 2021 के पंचायत चुनावों में वर्तमान वुल फेडरेशन के अध्यक्ष को हराया था। प्रधान ने कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक मंशा के साथ अधिकारियों पर दबाव बनाकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि उनपर गलत इल्जाम लगाया गया है, इसमें उन्हें कोई नोटिस तक जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वुल फेडरेशन के अध्यक्ष ने दो कोटेशन लेने के आरोप लगाए थे, जबकि समस्त कमेटी की ओर से उक्त फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब इस मामले में जिला सत्र न्यायाधीश में जाएंगे। साथ ही समाधान न होने पर उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

### केंद्र सरकार की विदेश नीति रही विफल : राजेश



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रियदर्शिनी सीसै स्कूल पट्टी के चेयरमैन राजेश रोकी ने कहा कि केंद्र सरकार की विदेश नीति हर जगह विफल साबित हुई है। राजेश रॉकी ने कहा कि जब आतंकियों ने पहलगांव में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की थी तो केंद्र में विपक्ष ने खुलकर आतंकवाद को मिटाने के लिए मोदी सरकार का समर्थन किया। रॉकी ने कहा कि जब भी किसी भी राज्य में चुनाव होते हैं देश के प्रधानमंत्री मोदी कोई ऐसा कार्य कर देते है कि भाजपा को चुनावों में उसका श्रेय मिल जाए। बिहार चुनावों में भी अब वो सेना के नाम पर वोट मांग रहे हैं। विश्व वे मोदी की लोकप्रियता कितनी है इसका पता कनाडा में हो रहे सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री को न बुलाने से ही लग जाता है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता स्वरूप चंद व सन्नी धीमान उपस्थित रहे।

### राज्य चुनाव आयुक्त ने व्यवस्थाओं को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुक्त राज्य चुनाव आयोग अनिल कुमार खाची ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह पालमपुर में पंचायती राज व शहरी निकायों की चुनाव प्रक्रिया की व्यवस्थाओं को लेकर पालमपुर और बैजनाथ उपमंडल के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने उपमंडल में जिला परिषद वार्ड, पंचायत समिति वार्ड, कुल पंचायत, पंचायत वार्ड, शहरी निकायों के वार्डों के परिसीमन बारे व मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के बारे में आमजन तक जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए ताकि समय रहते दावे व आक्षेप प्रस्तुत किए जा सके। उन्होंने आगामी पंचायती राज निर्वाचन की तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### स्वास्थ्य शिविर में 120 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, योल।** गुरु द्रोणाचार्य कालेज आफ नर्सिंग योल तथा गुरु द्रोणाचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ वेटरनरी फार्मासिस्ट की संयुक्त तत्वावधान में सेरा थाना में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शुक्रवार को करीब 120 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अंकुर पठानिया ने बताया कि इस शिविर में निशुल्क उच्च रक्तचाप ,शुगर रक्त तथा पेशाब की जांच की गई और बीमार लोगों को डॉक्टर की सलाह लेने के लिए कहा गया। दौरान वेटरनरी इंस्टीट्यूट टग के प्राचार्य डॉ. ऋषव देव ने बताया कि करीब 50 पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर बीमार पशुओं को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शनिवार 7 जून को भी इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कालेज प्रबंधन के डॉ. राजीव शर्मा ललित शर्मा वीएन रैणा संदीप मराठा तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### डाडासीबा में छबील लगाकर राहगीरों को दिलाई राहत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा भरथरी बन सिद्ध कमेटी डाडासीबा ने बाजार में राहगीरों के लिए मीठे जल की छबील का आयोजन कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पुनीत कार्य में कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और तपती दोपहर में स्थानीय लोगों व राहगीरों को शीतल जल पिलाकर पुण्य अर्जित किया।

### 28 साल से लापता व्यक्ति को परिवार से मिलाया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर पुलिस ने हमीरपुर जिला के रहने वाले 28 साल से गायब व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने शाहपुर क्षेत्र में बेसुध हालत में भूखे प्यासे घूम रहे व्यक्ति पवन कुमार (48) पुत्र ईश्वर दास निवासी बस्सी तहसील डाकखाना भोरंज हमीरपुर जो कि अधिक बोलने की हालत में नही था, पुलिस ने उसको थाना में ला कर खाना खिलाया और उससे बातचीत शुरू की। बातचीत करने पर उसने बातों ही बातों में जो बताया उसके आधार पर हमीरपुर जिला में परिवार से संपर्क साधा गया। परिवार को जब अपने लापता सदस्य की खबर मिली, तो वे बेहद भावुक हो उठे और तुरंत शाहपुर आए लापता व्यक्ति ने अपनी माता ब्यासो देवी को पहचान लिया। पवन कुमार के घर में उसकी माता ब्यासो देवी एक छोटा भाई राकेश तथा दो बहने जिनकी शादी हो चुकी है। पुलिस ने पवन कुमार को उनके परिवार को सौंप दिया।

### लोअर कौना में भागवत कथा का हुआ समापन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सांबा पंचायत के गांव लोअर कौना में उदय गुलेरिया सुपुत्र संसार चंद गुलेरिया के निज निवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार 6 जून को समापन हो गया। इसमें अचार्य सुरेशानंद वशिष्ठ दियोटसिद्ध वालों ने शुक्रवार को भगवान जी की स्वधाम आगमन की कथा सुनाई।इस दौरान राजा परीक्षित को मोक्ष पद प्राप्त हुआ। कथावाचक ने कहा कि इस कथा को सुनने मात्र से चार प्रकार के पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। प्राणी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीमद् भागवत कथा करवाने मात्र से पितरों का उद्धार होता है तथा पितर प्रसन्न होकर वंश वृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इस अवसर पर महिला कीर्तन मंडली ने प्रभु के सुंदर भजन सुनाकर संगत का मन मोह लिया।आस पास के निवासियों ने भागवत कथा सुनकर जीवन लाभ प्राप्त किया।

### थुरल में निर्जला एकादशी पर लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर थुरल क्षेत्र के लोगों द्वारा जगह जगह छबील व हलवा पूरी के स्टाल लगाए गए। अपर बाजार बलोह रोड , मुख्य बाजार थुरल, राधा कृष्ण मंदिर भनाड थुरल खास में युवा मंडल भनाड़ के युवाओं ने भी निर्जला एकादशी छबील लगा कर सभी को मीठा पानी पिलाया ।

### दुकानदारों ने लोगों को बांटे चने और तरबूज

**कुलदीप सोनी, अनंत ज्ञान, नगरी।** आज शुक्रवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर पुराना बाजार नगरी में स्थानीय दुकानदारों ने एक मीठे पानी की छबील लगा कर आने जाने वालों को पानी पिलाया साथ ही चने और तरबूज भी बांटा। इस मौके पर सुहानी सूद, हैप्पी सोनी, दिनेश वर्मा, विजय सूद, मुकेश सूद, विपन वर्मा, परवेश सूद, वरुण सूद, सन्नी सोनी, विक्कू सूद आदि सदस्यों ने सहयोग दिया। इसी तरह नगरी के त्रमविकेश्वर मंदिर कमेटी के समस्त सदस्यों ने भी मीठा पानी पिलाया।

### जवाली में फायर ब्रिगेड कर्मियों ने की मॉकड्रिल

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** शहीद सुरिंद्र सिंह राजकीय ओद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान जवाली में उपमंडल स्तरीय मॉकड्रिल आयोजित हुई। जवाली में सड़कों पर फायर ब्रिगेड तथा एंबुलेंस सायरन बजाती हुई गुजरीं तो उनकी सायरन की आवाज सुनकर हर कोई दंग रह गया। आईटीआई जवाली में 8.0 रिएक्टर स्केल पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिससे आईटीआई का एक भवन क्षतिग्रस्त हो गया। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने भवन के अंदर फंसे 5 बच्चों को बाहर निकाला। इस मौके पर बीडीओ मनोज, वन विभाग, बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौका पर दिखीं। तहसीलदार जवाली राजीव टंडन ने बताया कि इसमें समस्त विभागों ने सहभागिता निभाई है।

# निराश्रित बच्चों का होगा कौशल विकास

## उपायुक्त बोले-उच्च शिक्षा कोचिंग, वोकेशनल कोर्स का खर्चा वहन कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



उच्च शिक्षा, वोकेशनल कोर्स तथा कोचिंग के लिए 108 आवेदन मंजूर

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि सुखाश्रय योजना के तहत 18 से 27 आयु वर्ग के निराश्रित बच्चों को व्यवसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और कोचिंग के साथ साथ समाज के सक्रिय सदस्य बनने में मदद करने के लिए वित्तीय और संस्थागत लाभ प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जमा दो की कक्षा उत्तीर्ण कर चुके निराश्रित बच्चों को कोचिंग के लिए की आर्थिक मदद का प्रावधान किया गया है तथा स्किल डिवल्पमेंट तथा वोकेशनल कोर्स के लिए सरकार द्वारा पढ़ाई तथा हॉस्टल का खर्चा वहन किया जाएगा।

शुक्रवार को डीसी कार्यालय के सभागार में सुखाश्रय योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि बैठक में उच्च शिक्षा, वोकेशनल कोर्स तथा कोचिंग के लिए प्राप्त 108 आवेदनों को मंजूर किया गया है। उन्होंने कहा कि निराश्रित बच्चों की स्किल डिवल्मेंट के लिए काउंसलिंग करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे इस के लिए आईसीडीएस के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि कौशल विकास के माध्यम से निराश्रित बच्चों का कैरियर बेहतर बन सके।

उन्होंने कहा कि निराश्रित बच्चों को लघु एवं सूक्ष्म उद्योग की स्थापना के लिए 2 लाख रुपए तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा ताकि वे स्वरोजगार के लिए प्रेरित हो सकें। सभी संस्थागत निराश्रित बच्चों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत प्रतिमाह सावधि जमा करने का प्रावधान किया गया है इसमें शून्य से 14 वर्ष आयु वर्ग के लिए एक हजार रुपए प्रतिमाह, 15 से 18 वर्ष के लिए 2500 रुपए मासिक सामाजिक सुरक्षा भत्ता तय किया गया है।

27 वर्ष आयु से पहले हुए अनाथ बच्चों के भूमिहीन होने पर तीन विस्वा भूमि प्रदान करने का प्रावधान है इसके साथ ही आवास सुविधा के लिए तीन लाख के अनुदान का भी प्रावधान है। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर पर निराश्रित बच्चों की मदद के लिए जिला स्तर पर मुख्यमंत्री आश्रय कोष का प्रावधान किया गया है कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से अंशदान कर सकता है इसमें 80 जी के तहत टैक्स में भी छूट रहेगी। निराश्रित बच्चों के लिए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### धर्मशाला में खेल गतिविधियों के विस्तारीकरण को तैयार करें प्लान

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने धर्मशाला में खेलकूद गतिविधियों के विस्तारीकरण तथा आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए आवश्यक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं ताकि धर्मशाला में नेशनल लेवल की टूर्नामिंट आयोजित किए जा सकें। शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला खेल परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि खेल परिसर की इंडोर स्टेडियम की मरम्मत के लिए भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि खिलाड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसके साथ ही खेल परिसर के विस्तारीकरण पर भी चर्चा करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जिला युवा एवं खेल सेवाएं विभाग के अधिकारियों को आवश्यक प्लान तथा प्राकल्लन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आवश्यक बजट का प्रावधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि खेल स्टेडियम के साथ ही बास्केटबाल तथा स्वीमिंग पूल बनाने के लिए भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं तथा इस बाबत जिला युवा सेवाएं खेल विभाग को इस बाबत रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी कहा गया है।

उन्होंने कहा कि खेल परिषद की ओर से धर्मशाला तथा इसके आसपास फुटबॉल के लिए मैदान विकसित करने का मामला भी उठाया जिस पर खेल परिषद तथा एसोसिएशन के इस सुझाव पर खन्यारा के पटोला में मैदान विकसित करने की संभावनाओं को लेकर लोक निर्माण विभाग को आवश्यक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। उपायुक्त ने कहा कि खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल परिषद के माध्यम से आवश्यक मदद दी जाएगी। बैडमिंटन कोर्ट के लिए भी नए मैट्स उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक जगह उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए गए।

# टेबल टेनिस में मनीष और साक्षी ने अपने नाम किया खिताब



**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में छात्र कल्याण संगठन द्वारा आयोजित 29वें अंतर महाविद्यालयी खेलों का समापन आज विश्वविद्यालय के इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उत्साह और जोशपूर्ण भागीदारी के साथ हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आरके कपिला, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। खेलों के आयोजक एवं छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. एडी बिंद्रा ने खेलों की जानकारी और परिणाम साझा किए। उन्होंने छात्रों की जोशीली भागीदारी की प्रशंसा की और सफल आयोजन के लिए सभी संबंधितों का आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने संदेश में छात्र कल्याण संगठन और सभी महाविद्यालयों द्वारा स्वस्थ प्रतिस्पर्धी वातावरण को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

अंतर महाविद्यालयी खेलों के चौथे दिन टेबल टेनिस में मनीष ने पुरुष एकल का खिताब जीता, जबकि साक्षी ने महिला वर्ग में खिताब अपने नाम किया।

समापन दिवस पर रोमांच और बढ़ गया जब कृषि महाविद्यालय ने आर्म रेसलिंग (पुरुष और महिला), पावरलिफ्टिंग (पुरुष और महिला), वॉलीबॉल (महिला) और खो-खो (पुरुष और महिला) में जीत दर्ज की, जबकि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने वॉलीबॉल (पुरुष) का खिताब अपने नाम किया। अंतिम परिणामों में कृषि महाविद्यालय को समग्र विजेता तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय को उपविजेता घोषित किया गया।

# भारतीय एकता एवं अखंडता के लिए काम करें एनजीओ : इंदु

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



**बैजनाथ।** पपरोला में सांसद राज्यसभा इंदु गोस्वामी ने भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के शाखा एवं ट्रस्ट कार्यालय के उद्घाटन किया और शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।

इस दौरान अध्यक्ष प्रीतम भारती, ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, शाखा सचिव अनुज आचार्य, डीआर ठाकुर, विपिन भारद्वाज, युद्धवीर राणा, मुल्क राज शर्मा, हरीश अरोड़ा, रविता भारद्वाज और रीता शर्मा ने सांसद इंदु गोस्वामी को टोपी शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर बोलते हुए मुख्यातिथि सांसद राज्यसभा इंदु गोस्वामी ने भारत में विभिन्न गैर राजनीतिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा समाज एवं राष्ट्रहित के लिए किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए अपील की कि वे भारत की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने कार्यक्रमों में भाग लें। कार्यक्रम में शक्ति चंद राणा, अनुज आचार्य, डीआर ठाकुर, मनोज रतन, अरुण शर्मा और प्रवीण शर्मा ने अपने विचार रखे।

# ऑल इंडिया ट्रैकिंग एक्सपीडिशन शुरू

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**



ऑल इंडिया ट्रैकिंग एक्सपीडिशन शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट्स व अधिकारी।

**धर्मशाला।** ऑल इंडिया ट्रैकिंग एक्सपीडिशन का हुआ शुभारंभ किया गया। यह शिविर डायरेक्टरेट जनरल एनसीसी (डीजीएनसी सी) के निर्देश में 5 एचपी कंपनी धर्मशाला द्वारा एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर शिमला ग्रुप के संरक्षण में 14 जून 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद, दूसरा हिमट्रेक शिविर 17 जून से 26 जून 2025 तक संचालित किया जाएगा।

इस आयोजन का नेतृत्व कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी कर रहे हैं, जबकि कैंप डायरेक्टर ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर शिमला, इसका मार्गदर्शन कर रहे हैं। ट्रेक के सुचारु संचालन के लिए कैडेट्स को दो बैचों में विभाजित किया गया है। बेस कैंप धर्मशाला के कैंटोनमेंट क्षेत्र में स्थापित किया गया है, जहाँ से कैडेट्स धर्मशाला और आसपास के प्रमुख स्थलों की ट्रेक पर जाएंगे। इस दौरान उन्हें एचपीसीए स्टेडियम, वॉर मेमोरियल, टी गार्डन, दलाई लामा मंदिर, भागसू नाग मंदिर, नड्डी और डल लेक जैसे स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा।

शिविर के उद्घाटन समारोह में ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर शिमला ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए शिविर के उद्देश्य और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। हिमट्रेक 2025 का आरंभ उत्कृष्ट योजना और व्यवस्था के साथ हुआ है, जो सभी प्रतिभागियों के लिए एक यादगार अनुभव सुनिश्चित करेगा।

यह आयोजन युवा महिला कैडेट्स को प्रेरित करने, साहसिक भावना विकसित करने और प्रकृति एवं राष्ट्रीय धरोहर के प्रति सम्मान जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### हैप्पी बर्थडे



मंडी के आदविक शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# प्रदेश में चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं : विपिन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने नगरोटा बगवां भाजपा मंडल के पदाधिकारियों से बैठक कर उन्हें संगठन के कार्यक्रमों बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि करीब 40 दिनों तक चलने इस कार्यक्रम की शुरुआत पिछले कल पर्यावरण दिवस से की गई, जिसमें सभी मंडलों में मां के नाम एक पौधा रोपित किया गया, इसके अतिरिक्त पुरे विश्व में मनाया जाने बाला योगा दिवस तथा भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी की जयंती व मोदी सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाई गई योजनाओं का संदेश लेकर जनता के बीच जाएंगे।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से चरमरा गई है मेडिकल कॉलेजों में हिम केयर योजना का भुगतान अमृत फार्मेसी व सिविल सप्लाई को न हो पाने के कारण प्रदेश की जनता को हिमकेयर योजना का लाभ न मिलने के कारण मरीज परेशान हो रहे हैं।

इस मौके पर पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका, ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विनय चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, रमेश राणा अध्यक्ष नूरपुर, मंडल अध्यक्ष सोनू चौधरी, बलराम पूरी, गौरव जुलकान, विपिन कुमार, सत्यम दीवान एवं विजय राणा मौजूद थे।

### कार और बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर थाना के अंतर्गत 45 मील के पास एक मोटरसाइकिल व कार की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के लिए डॉक्टर विजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया।

थाना प्रभारी करतार सिंह ने बताया कि इसमें जय सिंह19 व विकास चौधरी 20 दोनों शाहपुर थाना के अंतर्गत के निवासी हैं का टांडा में इलाज चल रहा है।

वहीं पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 287 व125(ए) के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मॉकड्रिल अलर्ट मिलते ही आपदा से बचाव को मुस्तैद हुआ प्रशासन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में आपदा से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तैयार आपदा प्रबंधन प्लान को धरातल पर परखने के लिए मॉकड्रिल आयोजित की गई। जिला प्रशासन ने पूरी मॉक ड्रिल को वास्तविक घटना की तरह लेकर ही अपनी प्रतिक्रिया की।

मॉकड्रिल के दौरान इंद्रू नाग, डीआरडीए आफिस, किरपा मोड मैकलोडगंज में भूकंप से प्रभावित लोगों का रेस्क्यू किया गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मॉकड्रिल के पश्चात कहा कि ने इस मॉक ड्रिल का मकसद आपदा के समय में जिला प्रशासन की आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना और मानक संचालन प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करना था। इसमें प्रतिक्रिया में लगने वाले समय, समन्वय में गैप समेत अन्य कमियों को जांचा गया, साथ ही फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं की पहचान की गई। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले के सभी उपमंडलों में भूकंप को लेकर को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की गई है।

# मेजर सोमनाथ के नाम स्मारक के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे जनरल वीएन शर्मा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने कहा कि समाजसेवा को समर्पित इंसाफ संस्था पालमपुर के बीर सैनिकों जिन्होंने मात्र भूमि की रक्षा करते करते अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

उनकी शहादत को हमेशा के लिए जिन्दा रखने हेतु कृत संकल्पित है। इसके चलते संस्था भारतवर्ष के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोम नाथ जी के पैतृक गांव डाढ में वन वाटिका बनाने जा रही है, जिसका जल्द ही शिलान्यास होगा। वहीं इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने मेजर सोम नाथ शर्मा के छोटे भाई भारतीय सेना से सेवानिवृत्त (चीफ आफ दा आर्मी) वीएन शर्मा से उनके पैतृक गांव डाढ में मिले। वहीं पूर्व विधायक ने जनरल वी एन शर्मा को संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी।

# भौगोलिक सूचना प्रणाली एक बेहतर उपकरण : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने पालमपुर में हिमकृषि योजना के तहत क्लस्टर मैपिंग एवं कार्य योजना तैयार करने के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के अनुप्रयोग पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रौद्योगिकी को हिम कृषि योजना में एकीकृत करना सतत कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश के अनुसार क्लस्टर मैपिंग के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली एक बेहतर उपकरण है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा में हम कृषि योजना के तहत पायलट आधार पर चयनित 30 क्लस्टरों में भौगोलिक सूचना प्रणाली के उपयोग से रिसोर्स मैपिंग कर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। इससे पहले कार्यशाला में अतिरिक्त निदेशक कृषि राहुल कटोच ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. सुरेश, उपनिदेशक कृषि डॉक्टर कुलदीप, जगदीश पुरोहित, प्रयोजन निदेशक आत्मा डॉ. राजकुमार सहित आदि ने भाग लिया।

### डेरा संता दा गुरुद्वारा में निर्जला एकादशी मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** डेरा संता दा गुरुद्वारा बैजनाथ में 3 दिन तक चलने वाले निर्जला एकादशी के मेले का समापन हो गया ।

इस मेले में देश-विदेश के हजारों की संख्या में सिख समुदाय के लोग तथा अन्य लोग भी यहां पर पहुंचते हैं । सभा के प्रधान कुलबीर सिंह ने बताया कि इस बार पहले से भी भारी संख्या में संगत यहां पर पहुंची हुई थी जिसके लिए बह सभी का दिल से आभार प्राप्त करते हैं ।

## विडंबना: विश्व पर्यावरण दिवस की हकीकत, दिखावा या सचमुच का प्रयास

# पंचायतों में रखे डस्टबिन कूड़े से भरे, लोग परेशान

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**इंदौरा।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को हर वर्ष मनाया जाता है जिसके चलते कचरे का पृथक्करण ( गीला, सूखा प्लास्टिक) अनिवार्य करने के लिए उसके प्रति सरकार द्वारा कठोर नियम भी बनाए जाते हैं तथा सरकार की तरफ से सभी पंचायतों में कूड़ा-कचरा नियंत्रण को लेकर डस्टबिन भी लगाए गए हैं परंतु यह मात्र एक दिखावे तक ही सिमट रह जाता है।

पंचायत इंदौरा में पृथक्करण कचरे को लेकर कई जगह डस्टबिन लगाए गए थे परंतु आलम यह है कि लोगों द्वारा इसमें कचरा तो डाल दिया गया परंतु अब इन्हें साफ कौन करें। जगह-जगह पर यह डस्टबिन गीले, सूखे तथा प्लास्टिक के कचरे से पूरी तरह भर चुके हैं जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को भारी गंदगी तथा उसमें बदबू को लेकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम के चलते इसमें काफी बदबू भी फैल चुकी है। पंचायत द्वारा हर डस्टबिन के साथ एक चेतावनी वाला बोर्ड भी लगा रखा है जिसके चलते उसमें साफ-साफ लिखा है के यदि किसी व्यक्ति द्वारा कचरा खुले में फेंका जाता है तो उसे पर जुर्माना का भी प्रावधान है परंतु अब यदि पंचायत ही इस डस्टबिन को में पड़े कचरे को साफ न करें तो उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। यह डस्टबिन इंदौरा बैरियर चौक में यहां पर विधायक मलेंद्र राजन का भी घर है तथा मात्र कुछ ही दूरी पर एसडीएम का भी कार्यालय मौजूद है परंतु यह सब क्यों दिखाई नहीं देता।

### इस मामले पर तुरंत कार्रवाई करने के जारी करेंगे आदेश : सुरेंद्र

**एसडीम** इंदौरा डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने इस मौके पर कहा की विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्वच्छ पर्यावरण पानी और हवा जीवन जीने की अनमोल दवा है, परंतु आपके माध्यम से मुझे यह पता चला है एक हम जल्द ही इसको पंचायत प्रधानों की मीटिंग बुलाकर उन्हें इस पर तुरंत कार्रवाई करने का आदेश भी जारी करेंगे

# सिकंदर शेख ने जीता गंगथ का दंगल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

उपतहसील गंगथ में विराजमान सिद्ध पीठ श्री बाबा क्यालू महाराज का विशाल महादंगल का आयोजन देर रात संपन्न हुआ। इस दंगल में पूरे भारत से विश्व ख्याति प्राप्त पहलवानों के साथ विदेशी पहलवानों ने भी भाग लिया। इस बार इस विशाल दंगल में कुल ईनाम एक ट्रैक्टर, दो आल्टो कार, दर्जन भर मोटरसाइकिल, 400 बल्टोइयां, 1000 गागरें, एलएडी, साइकिलें एवं लाखों के नगद इनाम दिए जा रहे है।

अंतिम दिन के दंगल के फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र के सिकंदर शेख और मथुरा के उमेश के बीच मुकाबला हुआ जिसमें सिकंदर शेख ने जीत हासिल की। वहीं दूसरी झंडी के मुकाबला भूपिंद्र अजनाला और होलडी ईरानी के बीच हुआ जिसमें ईरानी पहलवान विजयी रहा। वहीं इस पूरे दंगल में गाड़ियों और अन्य इनामों के साथ लगभग 47 लाख रुपए की नगद राशि इनाम में बांटी गई। इतने सारे इनाम और नगद राशि के पीछे श्री बाबा क्यालू जी महाराज के प्रति लोगों आस्था ही है जिस कारण लोग बाबा जी के चरणों मे दिल खोल कर दान देते है।

वहीं मुख्यतिथि चौधरी चंद्र कुमार और सांसद राजीव भारद्वाज ने इस सफल आयोजन की बधाई दी वहीं उन्होंने कहा कि इस दंगल को जिलास्तरीय दर्जा प्राप्त है लेकिन जिस प्रकार से हजारों की संख्या में दंगल प्रेमी जहां पहुंचते उससे इस दंगल को राज्यस्तरीय दंगल की मांग मुख्यमंत्री से की जाएगी।

वहीं कमेटी प्रधान राजेश भल्ला ने कहा कि यह सब बाबा क्यालु जी के आशीर्वाद और जनता के सहयोग से ही इस दंगल को सम्पूर्ण किया जाता है।उन्होंने इसके लिए सभी का आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिभा सिंह ने ईद-उल-जुहा की दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने ईद-उल-जुहा पर प्रदेशवासियों को विशेष तौर पर मुस्लिम समुदाय को मुबारकबाद दी है।प्रतिभा सिंह ने अल्लाताला से सबकी मुरादे पूरी होने की दुआ मांगी है।

### भाषण में स्नेहा, नारा लेखन में ऐंजल अव्वल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मशोबरा ब्लॉक के पीरन स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने जागरूकता रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत औषधीय पौधे भी रोपित किए गए। इस मौके पर पर्यावरण पर पेंटिंग, नारा और भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, दिया द्वितीय व अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग में कृतिका प्रथम, महक द्वितीय और तृषा व धृति तृतीय स्थान पर रहीं। नारा लेखन में ऐंजल ठाकुर ने प्रथम रही।

### भाषण प्रतियोगिता में सक्षम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल जुन्गा में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर नारा लेखन व भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा का सक्षम प्रथम और प्रियांशु द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि बाल वर्ग में नव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य एमके शर्मा ने इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने बच्चों को मानव जीवन में पर्यावरण के महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक के कम इस्तेमाल करने बारे और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने आसपास में खाली भूमि पर पेड़ लगाने बारे प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सभी अध्यापक भी मौजूद रहे।

### कोहबाग में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना के इस महत्वपूर्ण ध्येय के साथ राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोहबाग में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 धूमधाम से मनाया गया। भारतीय वन सर्वेक्षण, क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तरी), शिमला और राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोहबाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर, आईएफएस (सेवानिवृत्त) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण की रक्षा के महत्व पर जोर दिया। पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में शिमला ग्रामीण के चार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों हलोग धामी, बाईचड़ी, कोहबाग और शकराह तथा तीन माध्यमिक विद्यालयों कश्मल का पानी, बस्ती गुनाणा और कालीहट्टी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पर्यावरण पर आधारित नारा लेखन, चित्रकारी और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### सुन्नी और तत्तापानी में लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में सुन्नी में छबील लगा राहगीरों को मीठा शीतल जल वितरित किया गया। स्थानीय युवाओं द्वारा सुन्नी चौक पर लगाई गई छबील में राहगीरों सहित स्थानीय लोगों ने भी मीठे शीतल पेय और तरबूज का आनन्द उठाया। वहीं तत्तापानी में भी जन सेवा समिति के सौजन्य से छबील लगाई गई और राहगीरों को मीठा शीतल पेय वितरित किया गया।

### सुन्नी में रोपे 1000 औषधीय व फलदार पौधे

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सुन्नी में इको टास्क फोर्स के जवानी द्वारा औषधीय और फलदार पौधे रोपे। फोर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल लोकेश धीमान की अगुवाई में संपन्न हुए इस पौधरोपण कार्यक्रम में सुन्नी स्कूल परिसर और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सतह लगते खाली पड़े बन क्षेत्र में लगभग 1000 औषधीय और फलदार पौधे रोपे गए। इस दौरान लेफ्टीनेंट कर्नल लोकेश धीमान ने उपस्थित स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज वृक्ष मानव जीवन की पहली आवश्यकता बन चुकी है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जंगलों में पेड़ पौधों का होना अति आवश्यक है। उन्होंने समस्त स्वयंसेवियों को वृक्षारोपण के लिए भी प्रेरित किया।

# अखिल, अंजली व नेहा ने नचाए दर्शक

## अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की अंतिम संध्या का समापन, सीएम की मौजूदगी से लगे चार चांद



**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** शिमला में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव 2025 का एक भव्य और यादगार सांस्कृतिक संध्या के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिनकी उपस्थिति ने समारोह में चार चांद लगा दिए। पंजाबी गायक अखिल की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया, जबकि अंजली और नेहा दीक्षित सहित कई अन्य कलाकारों ने भी अपने प्रदर्शन से खूब मनोरंजन किया।

ग्रीष्मोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठनिया, विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा, उपाध्यक्ष वन विकास निगम केहर सिंह खाची, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान और महाधिवक्ता अनूप रतन जैसे कई गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त एवं अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला आयोजन समिति के अध्यक्ष ने सीएम सहित सभी अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 की स्मारिका का भी विमोचन किया। इस संध्या के मुख्य आकर्षणों में पंजाबी गायक अखिल रहे, जिनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर, शोघी, खलीनी और भट्टाकुफर स्कूल के छात्रों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव में सीएम सुक्खू को सम्मानित करते उपायुक्त शिमला।

### इन कलाकारों ने भी दर्शकों का किया खूब मनोरंजन

**ग्रीष्मोत्सव** में पहाड़ी गायक शांति हेटा, पलक भारद्वाज, रक्षा, सतीश दीक्षित, इंद्रजीत सिंह, रमेश चंद, वीरेंद्र मल्होत्रा, जय प्रकाश शर्मा, नरेश ठाकुर, प्रदीप शर्मा, कविता किमटा, रामेश्वर शर्मा और संजीव धीमान जैसे कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज़ से लोगों का खूब मनोरंजन किया। दर्शक इन प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लेते नज़र आए। रविंद्र जॉनी कॉमेडियन ने भी अपने हास्य अंदाज़ से लोगों को खूब हंसाया और लोटपोट कर दिया इसके अतिरिक्त, एनजेडसीसी पटियाला से आए हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के कलाकारों के दलों ने भी मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। सर्वोदय बाल आश्रम के लगभग 20 बच्चों ने भी ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में सभी प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।



# ठियोग में 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, ठियोग**

**भाजपा** ठियोग मंडल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशव्यापी अभियान 'एक पौधा मां के नाम' का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यू विश्राम गृह ठियोग के जंगल के समीप देवदार के पौधे लगाकर किया गया। प्रदेश संगठन का लक्ष्य है कि 5 से 6 जुलाई तक ठियोग भाजपा मंडल के प्रत्येक बूथ में पौधरोपण किया जाए और रोपे गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित की जाए, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिले।

### बूथ स्तर पर नियमित बैठकें करने का निर्णय

**ठियोग** भाजपा मंडल की कार्यसमिति की बैठक नगर परिषद के सराय हॉल में मंडल अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 2022 के भाजपा प्रत्याशी अजय श्याम भी विशेष रूप से उपस्थित थे। भाजपा मंडल ठियोग ने निर्णय लिया है कि आगामी समय में बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## रामपुर में प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन

# 24 लोगों को मॉक एक्सरसाइज से किया रेस्क्यू

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर में प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उपमंडलाधिकारी नागरिक रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह की नेतृत्व में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदा के समय जान माल की सुरक्षा करने के लिए आपदा से संबंधित विभागों के कर्मचारियों को सक्षम बनाना है ।

भूकंप के कारण रामपुर के साथ लगते सतलुज नदी में अचानक आए बाढ़ से लोग/बच्चे मकानों व स्कूलों में फंसे होने की सूचना मिलने पर बचाव टीम द्वारा 24 लोगों को रेस्क्यू कर एंबुलेंस के माध्यम से पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के मैदान में पहुंचाया गया जहां मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद 7 लोगों को रेफर किया गया और एक को मृत घोषित किया, जबकि 16 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उपमंडलाधिकारी ने बताया कि 09वें राज्य मेगा मॉक एक्सरसाइज का उददेश्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान होने वाले नुक्सान को कम करना है।

इस मेगा मॉक एक्सरसाइज में एनडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, राजस्व आदि विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।



रामपुर में मेगा मॉक ड्रिल के दौरान रेस्क्यू करते हुए।

# सतलुज नदी में आई बाढ़, प्रशासन ने बचाव कार्य शुरू कर लोगों को बचाया

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** प्राकृतिक आपदा की घटना से निपटने व आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सुन्नी में सतलुज नदी में बाढ़ की स्थिति पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

एसडीएम सुन्नी राजेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस मॉक ड्रिल में बाड़ आने के कारण सुन्नी स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन की एक मंजिल पानी में डूब जाने की घटना होने पर घटना स्थल पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, उन्हें प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही राहत और बचाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई। मॉक ड्रिल में आईटीआई सुन्नी में सुबह 10:00 बजे अचानक बाढ़ आने की सूचना मिलती है। बाड़ की इस घटना में प्रशिक्षुओं पानी में डूबने की सूचना उपमंडल प्रशासन को मिलती हैं। सूचना मिलते ही एसडीएम की अध्यक्षता में लोगों को सुरक्षित बचाने व राहत पहुंचाने में उपमंडल स्तर पर गठित आईआरटी टीम सक्रिय हो गई।



# बिलासपुर में आपदा प्रबंधन तैयारियों का किया सफल परीक्षण : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के सहयोग से आज पूरे राज्य में एक साथ भूकंप पर आधारित राज्य स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य संभावित भूकंप आपदा की स्थिति में सभी विभागों की तैयारियों, समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन करना था।

बिलासपुर जिला में यह अभ्यास जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राहुल कुमार की अध्यक्षता में यह मॉकड्रिल विभिन्न स्थलों पर आयोजित की गई। जिला मुख्यालय पर दो और उपमंडल स्तर पर पांच सिमुलेशन साइट्स (काल्पनिक परिदृश्य स्थल) चिन्हित की गई थीं।

जिला स्तर पर क्षेत्रीय अस्पताल, बिलासपुर में बिल्डिंग एंड पेसेंट सर्ज और एनटीपीसी कोल डैम में भूकंप तथा बाढ़ की स्थिति का सीन प्रस्तुत किया गया। वहीं उपमंडल स्तर पर, सदर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में भवन गिरने, घुमारवीं के गवर्नमेंट कॉलेज कलरी में भूकंप और अग्निकांड, झंडूता के सिविल हॉस्पिटल में भवन गिरने, तथा स्वारघाट के टनल नंबर-2 थापना में भू-स्खलन और माता श्री नयना देवी जी मंदिर में भूकंप प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

इस अभ्यास में पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग, खाद्य आपूर्ति के अतिरिक्त संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। उपायुक्त राहुल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे अभ्यास हमें वास्तविक आपदा की स्थिति में तत्पर और समन्वित प्रतिक्रिया के लिए तैयार करते हैं।

उन्होंने सभी विभागों के सहयोग की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार की सक्रियता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अभ्यास के सफल आयोजन में के विशेषज्ञों ने तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया और मॉकड्रिल के बाद समीक्षा बैठक में सभी विभागों के कार्यों की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।



बैठक में मॉकड्रिग संबंधी जानकारी देते हुए अधिकारी।

# आपात परिस्थिति से निपटने के बताए उपाय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत जिला बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल के राजकीय महाविद्यालय कलरी में एक व्यापक और सुव्यवस्थित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास 8.0 तीव्रता के भूकंप की परिकल्पना पर आधारित था, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों की आपदा प्रबंधन के प्रति तैयारियों, क्रियाशीलता और समन्वय क्षमता का मूल्यांकन करना था।

इस अभ्यास में स्वास्थ्य विभाग, होमगार्ड, पुलिस, रेड क्रॉस, लोक निर्माण विभाग, विद्युत बोर्ड, लोक संपर्क विभाग सहित अन्य प्रशासनिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान किए गए अभ्यास में दर्शाया गया कि जब कोई गंभीर भूकंप आता है तो किस प्रकार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा दी जाए, संचार माध्यमों को सक्रिय रखा जाए, और आवश्यक सेवाएं तुरंत बहाल की जाएं। मॉकड्रिल की समग्र निगरानी एसडीएम गौरव चौधरी द्वारा की गई। इस मॉक ड्रिल के दौरान घुमारवी थाना प्रभारी अमिता चौधरी ने आपदा के समय पुलिस व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं नागरिक नियंत्रण की प्रभावी रूपरेखा प्रस्तुत की। उनके नेतृत्व में पुलिस विभाग ने संपूर्ण ड्रिल के दौरान अनुशासन और तत्परता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विभागों द्वारा अनुभव साझा किए गए और ड्रिल की समीक्षा की गई। कुछ तकनीकी और समन्वय संबंधी कमियों को भी चिह्नित किया गया, जिन्हें भविष्य की तैयारियों में दूर करने का संकल्प लिया गया। इस मॉकड्रिल ने न केवल आपदा के समय आवश्यक उपायों की व्यवहारिक जानकारी दी, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि जब सभी विभाग मिलकर कार्य करते हैं।



### आपदा से निपटने की तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से शुक्रवार को झंडूता में राज्यव्यापी भूकंप मेगा मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। उपमंडलीय अधिकारी झंडूता अर्शिया शर्मा ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भूकंप जैसी आपात स्थिति में आपदा प्रबंधन की भूमिका को समझना और आपात राहत की नवीनतम कार्यप्रणाली को लागू करना था। डिग्री कॉलेज झंडूता में अस्थायी राहत शिविर स्थापित किया गया, जहां घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया । एसडीएम अर्शिया शर्मा ने पूरे राहत कार्य का निरीक्षण किया।

# झंडूता में निर्जला एकादशी पर लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के विभिन्न बड़े बाजारों में आज ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर विभिन्न इलाकों में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने मिलकर मीठे पानी और खरबूजे का वितरण किया। इस मौके पर आन्नदघाट, ठप्पर, बरठीं, बल्सीणा, सुन्हाणी, शेर, मलारी, शाहतलाई सहित अनेक जगहों पर मीठा पानी पिलाया गया। जानकारी अनुसार इस दिन भगवान विष्णु की पूजा अर्चना के साथ साथ दान-पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है, और इसी परंपरा को निभाते हुए क्षेत्र में कई स्थानों पर छबीलें लगाई गईं।स्थानीय लोगों और संगठनों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए राहगीरों और यात्रियों को ठंडा और मीठा पानी, शरबत, नींबू पानी के साथ-साथ खरबूजे और अन्य फल वितरित किए। सर्वेश्वर महादेव मंदिर आन्नदघाट के पुजारी रूकमेशवर गिरी जी महाराज ने बताया कि आज भीम सेनी एकादशी है। इसे निर्जला एकादशी भी बोलते हैं। भीम जिनसे भूख बर्दाश्त नहीं होती है। उनसे श्री कृष्ण ने कहा था कि कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष ये दो पक्ष होते हैं। दोनों में एकादशी आती है।

# ट्रक-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर ।** चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर एक दर्दनाक हादसा बिलासपुर जिले में घटित हुआ, जिसमें ट्रक और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह घटना गरामोड़ा टोल प्लाजा से लगभग 2 किलोमीटर पीछे मेसबाल स्कूल के पास घटित हुई। जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक पर सवार होकर सड़क पार कर रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और हादसे में शामिल दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की शिनाख्त की प्रक्रिया चल रही है। वहीं घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां फोरलेन पर एक कट मौजूद है, जो पहले भी कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है।

# झंडूता में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

**अनंत ज्ञान, झंडूता ।** झंडूता उपमंडल के गांव पंजीण हुए एक हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की एक टुकड़ी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक ट्रैक्टर चालक की पहचान विनोद कुमार निवासी राज्य बिहार के रूप में की गई है, जबकि घायल की पहचान पंकज कुमार के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार चालक विनोद ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। उसके साथ पंकज कुमार भी ट्रैक्टर पर सवार था। जैसे ही ट्रैक्टर पंजीण-थुराहण रोड के पास पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और रच्छेडा सड़क पर गिर गया। हादसे के दौरान विनोद और पंकज ट्रैक्टर के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर उठाकर पंकज और विनोद को निकाला, लेकिन तब तक विनोद की मौत हो चुकी थी।

# 18 को विभिन्न पदों पर होगा कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि गन्धर्वी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, पूर्णम मॉल, एनएच-21, बिलासपुर द्वारा विभिन्न रिक्त पदों को भरने के लिए 18 जून को प्रातः 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रिसेप्शनिस्ट के दो पद, इलेक्ट्रिशियन का एक पद, प्लम्बर का एक पद, सिक्योरिटी गार्ड के पांच पद, लॉन्ड्री स्टाफ के दो पद, स्टुअर्ड के दो पद और हाउसकीपिंग स्टाफ के चार पद शामिल हैं तथा इलेक्ट्रिशियन पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आईटीआई रखी गई है, जबकि अन्य सभी पदों के लिए ग्रेजुएशन अथवा संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों को 12,000 प्रति माह का मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। मेहता ने बताया कि इच्छुक पुरुष और महिला उम्मीदवार जिनकी आयु 24 वर्ष से 45 वर्ष के बीच है, वे इस कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए 18 जून को प्रातः 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय में अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की छायाप्रतियों सहित उपस्थित हों।

# लोगों की मलकीयत भूमि में गलत तरीके से लगाई बुर्जियां : देशराज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड द्वारा अपनी जमीन पूरी करने के लिए लोगों की मलकीयत भूमि में गलत तरीके से बुर्जियां लगाई जा रही हैं। इसका खुलासा शुक्रवार को बैहलग निवासी रोशन लाल, जय राम, रतन लाल, मस्त राम, करुण लाल व प्यारेलाल आदि द्वारा राजस्व विभाग से ली गई निशानदेही में हुआ है।

इस निशानदेही में लोगों की जमीन पर भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड द्वारा लगाई गई बुर्जियां गलत पाई गई। जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने बताया कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड द्वारा आजकल गोबिंदसागर झील के किनारे अपनी जमीन पूरी करने के लिए बुर्जियां लगाने का काम शुरू किया गया है जिसके तहत अभी तक कल्लर, भजवाणी, ऋषिकेश, बल्ह-बलवाणा व तलवाड़ में बुर्जियां लगाई जा चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि अपनी जमीन पूरी करने के लिए न तो संबंधित कर्मचारी पक्का बन्ने से नाप नपाई कर रहे हैं और न ही उनके साथ कोई राजस्व विभाग का कर्मचारी ही साथ है। उन्होंने कहा कि पहले जो बुर्जियां 50-100 फुट नीचे थी, उन्हें अब मलकीयत भूमि में लगा दिया है। उन्होंने बताया कि इसके चलते ही संबंधित लोगों ने शुक्रवार को अपनी जमीन की निशानदेही करवाई, जिसमें भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड द्वारा लगाई गई बुर्जियां गलत पाई गई हैं।

गोबिंद सागर जलाशय 90 किमी लंबा है और लगभग 170 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। उन्होंने बताया कि भाखड़ा बांध मैनेजमेंट बोर्ड ने 1785 फीट की ऊंचाई तक है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिला में सभी जगहों पर दोबारा से बुर्जियां लगवाई जाएं। इस मौके पर ऋषिकेश के पूर्व प्रधान प्रेमलाल , लंबरदार रामलाल, राकेश व सुभाष तथा भाखड़ा बांध मैनेजमेंट बोर्ड की तरफ से सहायक अभियंता नंगल मनोज भी मौजूद रहे।

**अनदेखी** यलो लाइनिंग, नो पार्किंग जोन और पार्किंग स्थलों का किया था निर्धारण

# घुमारवीं के लिए बनाया पार्किंग प्लान ठंडे बस्ते में

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** दो वर्ष पहले घुमारवीं शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक विशेष पार्किंग प्लान तैयार किया गया था। तत्कालीन उपायुक्त बिलासपुर से मंजूरी मिलने के बाद इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की बात कही गई थी, लेकिन दो वर्ष बीतने के बावजूद यह योजना केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गई है।

इस योजना के तहत शहर में यलो लाइनिंग, नो पार्किंग जोन और विशेष पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया था। साथ ही, सड़क किनारे के कच्चे हिस्सों को पक्का कर टाइल लगाने की व्यवस्था भी की गई थी ताकि पार्किंग को व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाया जा सके, लेकिन न तो यलो लाइनिंग का कार्य शुरू हुआ और न ही किसी तरह के दिशा-निर्देशों को अमल में लाया गया। टाइल लगाने का कार्य भी पूरी तरह से ठप पड़ा है। आज भी घुमारवीं की मुख्य सड़कों और बाजार क्षेत्रों में अव्यवस्थित पार्किंग आम दृश्य बन गई है। जिन स्थानों को नो पार्किंग घोषित किया गया था, वहां भी वाहन खड़े मिल रहे हैं। यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है और आम जनता के साथ दुकानदारों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का कहना है कि यदि इस योजना को समय पर लागू किया जाता, तो आज घुमारवीं शहर ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी हद तक मुक्त हो सकता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वीकृति के दो वर्ष बाद भी योजना को धरातल पर क्यों नहीं उतारा गया। इस पार्किंग प्लान के तहत गांधी चौक घुमारवीं से लेकर उपमंडल अधिकारी कार्यालय तक और गांधी चौक से एम फॉर यू तक के क्षेत्रों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था। इसके अतिरिक्त शहर विभिन्न स्थानों पर पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।



**सड़क किनारे के कच्चे हिस्सों को पक्का कर टाइल लगाने की व्यवस्था भी नहीं हुई**

अनंत ज्ञान स्पैशल

### जल्द ही कार्य किया जाएगा शुरू : रीता

**उधर** नगर परिषद की अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि पार्किंग जोन में यलो लाइन लगाने के लिए दो बार टेंडर लगाए गए थे लेकिन कुछ कारणों से उन्हें रद्द करना पड़ा। अब दोबारा से टेंडर लगाए जाएंगे हैं और जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पार्किंग प्लान को भी जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहनों को बेतरतीब सड़क किनारे खड़ा न करें। वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करें।

## न्यूज ब्रीफ

### आज हार छिंज मेले में शिरकत करेंगे पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 7 जून को अपने चंबा प्रवास के तहत हार में आयोजित छिंज मेला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी विभागीय प्रवक्ता द्वारा दी गई है। उनके प्रवास कार्यक्रम के अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष 7 जून को छिंज मेले में पारंपरिक दंगल कुश्ती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रतिभागी पहलवानों का मनोबल बढ़ाएंगे। इसके साथ ही पठानिया 8 जून को जिला चंबा के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को 'शाइनिंग स्टार अवॉर्ड प्रदान करेंगे।

### मां पोहलानी मंदिर प्रांगण में महादंगल कल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** माता पोहलानी मेला कमेटी 8 जून को महा दंगल का आयोजन मां पोहलानी के प्रांगण में करने जा रहा है। जिसमें उत्तर भारत के प्रसिद्ध पहलवान हिस्सा लेंगे। इस वर्ष बड़ी माली के विजेता को शिव शक्ति यूथ क्लब के अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर की ओर से 17000 पर और उपविजेता को 14000 पर नकद पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे तथा छोटा माली के विजेता को 12000 और उपविजेता को 9000 पर राहुल उपमन्यु द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सबसे छोटा माली के विजेता को 7000 पर और उपविजेता को 4000 करमचंद ठेकेदार द्वारा दिए जाएंगे। जानकारी देते हुए प्रधान मदनलाल, उप प्रधान राजकुमार, महासचिव करतार टंडन, संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार और कोषाध्यक्ष अजय कपूर ने बताया कि मां पोहलानी की आशीर्वाद से इस वर्ष भी मेले को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### संजय वर्मा को जिला अध्यक्ष की कमान

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** राजकीय सीएंडवी जिला कार्यकारिणी का चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में संपन्न हुए। इसमें खंड परियोजना अधिकारी खंड बनीखेत प्रीतम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके अलावा हिप्र राजकीय अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा, एनपीएसईए के जिला अध्यक्ष सुनील जरयाल, संस्कृत परिषद के जिला अध्यक्ष अमर सेन, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा जगजीत आजाद और एनपीएसईए के राज्य प्रवक्ता ओम आजाद विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्य कार्यकारिणी से पर्यवेक्षक के रूप में आए गुरदयाल ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू ढंग से चलाया, इसमें संजय वर्मा को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष, सुनील सूर्यवंशी को महासचिव और राकेश कुमार को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्मित कार्यकारिणी और भिन्न भिन्न खण्डों से आए प्रतिनिधियों ने लगातार 6 बार के जिला अध्यक्ष चतर सिंह सूर्यवंशी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस बैठक में जिला के लगभग 12 खंड प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### चूड़ी स्कूल में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय उच्च विद्यालय चूड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसका आयोजन राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चंबा द्वारा किया गया। राज्य प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी द्वारा बच्चों को पर्यावरण के विषय में पर्याप्त जानकारी दी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्षेत्रीय अधिकारी और विद्यालय के कार्यकारी मुख्याध्यापक द्वारा सम्मानित किया गया। राजकीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चम्बा द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को अल्पाहार भी दिया गया। राजकीय उच्च विद्यालय चूड़ी के कार्यकारी मुख्याध्यापक राज कुमार ने हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चंबा के क्षेत्रीय अधिकारी का धन्यवाद किया

### शक्तिनाला में पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** इकरा पब्लिक स्कूल शक्तिनाला में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान इकरा पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रियाज एहमद ने स्कूल के सभी अध्यापकों और बच्चों को सराहते हुए कहा कि हमेशा की तरह हमारे अध्यापक कड़ी मेहनत करते हैं चाहे वो बच्चों की पढ़ाई लिखाई और या खेल कूद हो या सांस्कृतिक कार्यक्रम हो वो हर एक एक्टिविटी बच्चों को सिखाते हैं। इसलिए समस्त स्कूल स्टाफ को मैं अपनी ओर से शुभकामनाएं देता हूं कि इसी तरह आगे बढ़े और कड़ी मेहनत से अपना और अपने स्कूल का नाम रोशन करें। इस दौरान पर्यावरण बचाने के संदेश भी दिया।

### किसानों को आधुनिक कृषि की तकनीकें बताई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कृषि विज्ञान केंद्र चंबा (केवीके) के तत्वावधान में जारी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड मैहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत गैहरा, तेलका तथा प्युरा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केहर सिंह ठाकुर ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत बीजों के प्रयोग की जानकारी प्रदान करने के साथ फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन को सुधारने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इन कार्यक्रमों के दौरान कृषि विभाग की ओर से प्रसार अधिकारी प्रियंका कुमारी ने सरकार की ओर से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।

### निष्कासन मामला: छात्रा माफी मांगने को तैयार

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** द सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज संजौली से निष्कासित एक छात्रा ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट को बताया है कि वह प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों के साथ अपने कथित दुर्व्यवहार के लिए बिना शर्त माफी मांगने को तैयार है। छात्रा ने यह भी जानकारी दी कि उसने हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों के तहत परीक्षा में भी भाग लिया है, और इसलिए उसके निष्कासन को रद्द करने के आदेश जारी किए जाने चाहिए। न्यायाधीश संदीप शर्मा ने इस पर संज्ञान लेते हुए सरकार को एक सप्ताह के भीतर संबंधित विभाग से निर्देश प्राप्त करने का आदेश दिया है कि क्या कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा पारित निष्कासन आदेश को इन परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है।

# साहू में उपतहसील कार्यालय का शीघ्र किया जाए संचालन

## प्रगतिशील संगठन साल घाटी साहू ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



प्रगतिशील संगठन साल घाटी साहू के सदस्य डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

**चंबा।** प्रगतिशील संगठन साल घाटी साहू एक बार फिर सक्रिय हुआ है। संगठन के अध्यक्ष उत्तम चंद शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिलाधीश चंबा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें साहू पंचायत में उपतहसील कार्यालय के शीघ्र संचालन की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि सरकार द्वारा साहू में उपतहसील कार्यालय खोलने के आदेश पहले ही पारित किए जा चुके हैं। नायब तहसीलदार एवं कानूनगो ने लगभग दो माह पूर्व से अपना कार्यभार भी संभाल लिया है, लेकिन अब तक उपयुक्त सरकारी भवन में कार्यालय प्रारंभ नहीं हो पाया है।

संगठन के अनुसार, साहू बस स्टैंड के समीप पटवारखाना के साथ स्थित एक सरकारी इमारत इस कार्यालय हेतु निर्धारित की गई है, जो वर्तमान में खाली है। उक्त इमारत की चाबी पंचायत सचिव के पास है, परंतु सचिव का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई सरकारी अधिसूचना प्राप्त नहीं हुई है, जिसके चलते वह भवन खोलने में असमर्थ हैं। इस कारण नायब तहसीलदार और कानूनगो को पटवारखाना से ही कार्य करना पड़ रहा है, जिससे आमजन को जरूरी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वाले पदाधिकारियों में उत्तम चन्द शर्मा (अध्यक्ष), करम चंद (उपाध्यक्ष), राकेश ठाकुर (सचिव), मोहम्मद अयूब, अशोक कुमार, सुरेन्द्र चौहान, वीरेंद्र शर्मा व अब्दुल खालक शामिल थे।

## पांगी घाटी को मिलेगा पर्यटन का नया आयाम

# होमस्टे सम्मेलन में पेश हुआ अनोखा मॉडल, टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, किल्लाड़/पांगी**



किल्लाड़ में होमस्टे संचालकों, टूर एजेंसियों और कैंपिंग साइट प्रतिनिधियों के साथ एक प्रभावशाली सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**पांगी** घाटी को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हाल ही में किल्लाड़ में होमस्टे संचालकों, टूर एजेंसियों और कैंपिंग साइट प्रतिनिधियों के साथ एक प्रभावशाली सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पांगी घाटी के पर्यटन को नई उड़ान देने पर गहन चर्चा हुई।

सम्मेलन की अध्यक्षता आवासीय आयुक्त पांगी ने की और उन्होंने लगभग 45 स्थानीय हितधारकों को नवाचार आधारित मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर नए होमस्टे परमिट और कैंपिंग साइट लाइसेंस की प्रक्रिया को भी गति दी गई, जिससे स्थानीय युवाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

इस सम्मेलन की खास बात रही ग्राउंडअप एशिया के स्वप्निल चौधरी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत 'पांगी टूरिज्म मॉडल'। यह मॉडल न केवल घाटी में सतत और समावेशी पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और आजीविका को भी संरक्षित करने में सहायक सिद्ध होगा। घाटी में खगोल विज्ञान और वन्यजीव दर्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुराल क्लस्टर को टेलीस्कोप और दूरबीन प्रदान की गई, वहीं हिल्लू-टुवान क्लस्टर को स्कोप एवं एक अतिरिक्त दूरबीन से सुसज्जित किया गया। अब पर्यटक न केवल ग्रहों, तारों और आकाशगंगाओं का अवलोकन कर सकेंगे, बल्कि घाटी की अद्भुत जैव विविधता और वन्य जीवों को भी करीब से निहार पाएंगे।

# होली स्कूल में आपदा के दौरान बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



**भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, होली में एक व्यापक आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में राजस्व विभाग, पुलिस, होमगार्ड, फायर विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में सीआईएसएफ सव इंस्पेक्टर विवेक कुमार विशेष रूप से पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल का संचालन तहसीलदार होली अजय कुमार की अगुआई में किया गया।

मॉक ड्रिल के पहले चरण में प्रात: 9:30 बजे विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उपमंडल प्रशासन को भूकंप के बारे में सूचना दी , जिसमें कुछ छात्र मामूली रूप से घायल हुए हैं। तत्पश्चात विद्यालय प्रशासन द्वारा आपात योजना के अनुरूप छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। दूसरे चरण में 11 बजे विद्यालय की रसायन प्रयोगशाला (केमिस्ट्री लैब) में आग लगने की स्थिति को दर्शाया गया। इस दौरान पांच छात्र एवं एक स्टाफ सदस्य गंभीर रूप से घायल हुआ। फायर डिपार्टमेंट की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल कर तुरंत स्थानीय अस्पताल में उपचार हेतु भेजा गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्रों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें आपदा के दौरान सुरक्षा उपायों एवं जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान छात्रों को विभिन्न आपदाओं से निपटने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई।

# चंबा जिले में आपदा बचाव की तैयारी को परखा

## भूकंप के आधार पर मेगा मॉक एक्सरसाइज डीसी मुकेश की अध्यक्षता में आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मेगा मॉक एक्सरसाइज के दौरान डीसी मुकेश रेपसवाल व अन्य।

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल की अगुवाई में मेगा मॉक एक्सरसाइज के तहत शुक्रवार को चंबा जिले में नौ विभिन्न स्थानों पर भारी भूकंप को आधार मानकर मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस दौरान भरमौर, भटियात, सालूणी, चंबा, डलहौजी व पांगी उपमंडल के विभिन्न स्थानों पर भारी भूकंप के चलते भूस्खलन, आगजनी, भवनों-पूलों इत्यादि के गिरने की परिकल्पना के तहत राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया गया।

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ने तत्परता दिखाते हुए आपदा के बारे में सूचित किया गया कि बग्गा बांध के समीप भारी भूस्खलन एवं संचार व्यवस्था बाधित हुई है। केंद्र द्वारा साल खड्ड पर निर्मित पुल के टूटने, भूरी सिंह संग्रहालय में आगजनी की घटना, बहुतकनीकी संस्थान में आपदा की सूचना दी। उपायुक्त ने ज़िला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मेगा मॉक एक्सरसाइज की निगरानी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा स्वयं स्टेजिंग एरिया जाकर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने डिप्टी रिस्पांसिबल ऑफिसर के रूप में कार्य करते हुए मेगा मॉक एक्सरसाइज के सफल आयोजन में अपना सहयोग दिया।

अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने इंसिडेंट कमांडर की भूमिका का निर्वहन किया। उनके नेतृत्व में स्टेजिंग एरिया, रिलीफ एवं मेडिकल कैंप को पुलिस मैदान बारगाह में बनाया गया।

आपदा की सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी हितधारक विभागों के गठित दलों ने आवश्यक मशीनरी और सहायक उपकरणों सहित स्टेजिंग एरिया से राहत एवं बचाव कार्यों के लिए घटनास्थल की और प्रस्थान किया। बचाव दल के साथ चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस को भी भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टेजिगं एरिया में चिकित्सा शिविर स्थापित कर घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया । राहत एवं बचाव दल में प्रदेश पुलिस, होमगार्ड के जवानों सहित आपदा मित्र, एनसीसी, एनएसएस, स्कॉउट एंड गाइड तथा गैर सरकारी संगठनों के स्वयं सेवकों को भी शामिल किया गया। सैन्य बलों तथा अर्ध सैन्य बलों के अधिकारियों ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

मेगा मॉक एक्सरसाइज के दौरान उप मंडल डलहौजी के तहत राष्ट्रीय जल विद्युत निगम के क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, उप मंडल सलूणी के अंतर्गत सलूणी बाजार, उप मंडल चुवाड़ी के नागरिक चिकित्सालय चुवाड़ी तथा पांगी उप मंडल के मिनी सचिवालय भवन किलाड़ में राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त पृथी पाल सिंह,एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती सहित ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आत्महत्या मामले में पति, सास और ससुर को 4 साल की सजा व जुर्माना

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुंदरनगर की अदालत ने आत्महत्या मामले में मृतका के पति, सास और ससुर को दोषी करार देते हुए शुक्रवार को कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी कुलदीप सिंह, उसके पिता रणजीत सिंह और मां सुरेंद्र कौर निवासी गांव चलारग तहसील जोगिन्द्रनगर जिला मंडी को आत्महत्या के लिए उकसाने तथा मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के लिए दोषी माना है। वहीं अदालत ने तीनों दोषियों को आईपीसी की धारा 304-बी में बरी कर दिया है।

जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी सुंदरनगर विनय वर्मा ने बताया कि अदालत ने तीनों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत 4 साल का साधारण कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दो महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। साथ ही धारा 498-ए के तहत एक साल के साधारण कारावास और 2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इसमें भी जुर्माना न चुकाने की सूरत में एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। उन्होंने बताया कि मृतका परविन्द्र कौर उर्फ पम्मी की शादी 20 अक्तूबर 2013 को कुलदीप सिंह के साथ सिख रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के बाद उसे ससुराल में लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। अभियोजन पक्ष द्वारा अदालत में 19 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए।

# विकास राशि व्यय में पारदर्शिता रखें अधिकारी : अनिल

## लोक लेखा समिति की बैठक में की गई ऑडिट पैरा की संवीक्षा में बोले सभापति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** विधानसभा की लोक लेखा समिति की एक बैठक शुक्रवार को यहां उपायुक्त कार्यालय के डीआरडीए सभागार में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति अनिल शर्मा ने की। समिति के सदस्य एवं उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक सर्वश्री डॉ. हंस राज, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज व मलेंद्र राजन इसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोक लेखा समिति भारत के महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2018-19, 2019-20 व 2020-21 तीन वर्षों तक ऑडिट पैरा की संवीक्षा के लिए आजकल विभिन्न जिलों के प्रवास पर है। अनिल शर्मा ने कहा कि लोक लेखा समिति का यह प्रथम भ्रमण प्रवास है। उन्होंने

### विकास कार्यों का आपसी समन्वय से करें कार्य

कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए जारी राशि का आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में सदुपयोग हो। जिला के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं आवंटित राशि इत्यादि का पूर्ण विवरण रखें और राज्य निधि का पारदर्शी व जवाबदेह ढंग से व्यय सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा आवंटित की गई राशि का सही उपयोग कर इसे जन विकास में व्यय करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि आवंटित बजट के अनुरूप तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को प्राथमिकता दें और अकारण इस राशि को बिना व्यय किए बैंक खातों में न रहने दें। उन्होंने अधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि वे ऑडिट पैरा से संबंधित तथ्यों की पूर्ण जानकारी तय समयावधि में प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि उनका तद्अनुसार समाधान किया जा सके। उन्होंने सभी विभागों व प्रशासनिक अधिकारियों को विकास कार्यों के त्वरित क्रियान्वयन के दृष्टिगत आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा और उम्मीद जताई कि आज की इस बैठक के सार्थक परिणाम सामने आएंगे। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, जल शक्ति, राज्य कर एवं आबकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अग्निशमन व राजस्व सहित अन्य विभागों से संबंधित ऑडिट पैरा पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पर्ची शुल्क वसूली के निर्णय का एबीवीपी ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सरकारी अस्पतालों में विभिन्न चिकित्सा सेवाओं पर शुल्क लगाए जाने के निर्णय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कड़ी आपत्ति जताई है। एबीवीपी के प्रांत सहमंत्री भवानी ठाकुर ने इस निर्णय को जनहित के विरुद्ध और गरीबों के स्वास्थ्य अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया है।



भवानी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में, जहां पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं, वहां चिकित्सा सेवाओं पर शुल्क लागू करना आम जनता के लिए समस्याओं को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य सेवा कोई विलासिता नहीं, बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। सरकार का यह निर्णय संविधान की भावना के खिलाफ है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को गहरी चोट पहुंचाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है।

### सूडोकु नवताल- 7453 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7452 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## राष्ट्रीय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# लीग मैच में गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट व सोनीपत का दबदबा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** बास्केटबाल क्लब द्वारा पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में आयोजित अखिल भारतीय अंडर-19 महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट के देर रात खेले और आज दूसरे दिन खेले गए मैचों में गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट और सोनीपत का लीग मैच में दबदबा रहा। देर शाम आयोजित हुए मैच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सरकाघाट के डीसीपी संजीव गौतम ने भाग लिया, जबकि सुबह खेले गए मैचो में वरिष्ठ डॉक्टर एच एस राना मुख्य अतिथि शामिल हुए। लीग के पहले मैच में स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट ने कपूरथला को 44 37 से हराया। सोनीपत ने छत्तीसगढ़ को बेहद ही संघर्ष भरे मैच में 52 51 से कपूरथला ने चंडीगढ़ को 56 52 होशियारपुर में छत्तीसगढ़ को 49 38 सोनीपत ने हिमाचल को 72 44 से चंडीगढ़ ने दिल्ली को 61 30 से छत्तीसगढ़ में हिमाचल को 51 24 से स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट ने कपूरथला को 61 53 बास्केट से शिकस्त दी। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय वूमेन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल, कांगड़ा सरकाघाट, और पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ जेएंडके सहित आठ टीमों के 100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रही है। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस पार्टी कमेटी के पूर्व महासचिव पवन ठाकुर ने किया। टूर्नामेंट के संयोजक एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी व स्पोर्ट्स गर्ल्स हॉस्टल के कोच राकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि अधिकतर मैच फ्लड लाइट और सुबह जल्दी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल सुबह आयोजित करवाए जाएंगे, जबकि सेमीफाइनल व फाइनल शाम को संपन्न होंगे।

इस मौके कॉर्फबॉल के इंटरनेशनल रेफरी बंसी राम सुमन, बास्केटबॉल संघ के पूर्व प्रदेश महासचिव रणजीत सिंह गुलेरिया, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया, मनोनीत पार्षद संजय गुप्ता, नर्सिंग कॉलेज के एमडी अतुल शर्मा, मंडल कांग्रेस मीडिया प्रभारी विनोद वर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

## ब्रेही स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र पंकज का राष्ट्रीय 'प्रेरणा उत्सव' के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ब्रेही स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र पंकज कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। पंकज का चयन 8 जून से 14 जून 2025 तक गुजरात राज्य के मेहसाना जिले स्थित वाडनगर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रेरणा उत्सव के लिए हुआ है। वह इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में चम्बा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रेरणा उत्सव माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस उपलब्धि के बाद पंकज को चम्बा जिले का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया जाएगा। विद्यालय प्रभारी एवं पंकज के मेंटर डॉ. महेन्द्र सिंह न बताया कि गत वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय, चम्बा में आयोजित जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव के तहत विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा करवाई गई थी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दुराह
### विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दुराह विकास खंड निरमंड जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश को वित वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामग्री की खरीद /ढलवान होना है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

रेत, बजरी (प्रति फूट) लोकल व क्रेशर, गटका, विभिन्न प्रकार की टाईलें, पत्थर, ईट, आर सी सी पाईप 6,8,10,12 ईच, एंगल, चैनल, शटरिंग, जे सी बी मशीन, पी बी सी पाईप, जी आई पाईप और शीट्स, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक सामान, इमारती लकड़ी, फर्नीचर, सीमेंट ढुलान, नागरिक सूचना बोर्ड 3×4 निर्माण व लिखाई, दीवार लेखन, रंग पेंट इत्यादि ।

अतः इच्छुक व्यक्ति (वेंडर) अपनी निविदा (कुटेशन) सील बन्द लिफाफे में द्वारा डाक दिनांक 22-06-2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दुराह में प्रातः 5:00 बजे तक जमा करवायें। इसके बाद कोई निविदा (कुटेशन) नहीं ली जाएगी। निविदा (कुटेशन) पंचायत कार्यालय दुराह में दिनांक 23-06-2025 को 1:00 बजे अपराह्न कमेटी द्वारा खोली जाएगी।

**शर्तें:-**

1 निविदा दाता के पास GST नं0 का होना अनिवार्य है।
2 गाड़ी की RC की छाया प्रति सलंग्न करना अनिवार्य है।
3 M Form के बिना कोई भी बिल मान्य नहीं होगा ।
4 निविदा (कुटेशन) साफ व स्पष्ट शब्दों में होनी चाहिए।
5 निविदाता पंचायत का देनदार न हो।
6 जिस निविदाता की निविदा (कुटेशन) रेट सबसे कम हो वही मान्य होगी ।
7 सामान दर व किसी विवाद हेतु निविदा को रद्द करने का प्रधान व सचिव को पूर्ण अधिकार रहेगा ।
8 अधूरी निविदा (कुटेशन) मान्य नहीं होगी।
9 अन्य शर्तें व अधिक जानकारी के लिए पंचायत कार्यालय में सम्पर्क करें।
10 टेंडर / निविदा फार्म पंचायत कार्यालय से दिनांक 15-06-2025 से पहले प्राप्त करें।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत दुराह**
**विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**


## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 7 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** द्वादशी पूर्ण रात्रि : **नक्षत्र** चित्रा (09:40), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** वरीयान (11:16), अभीजित (11:52-12:47)। **राहुकाल** (08:51-10:35)।

### विशेष दिन

- 07 जून 2025: चंपक द्वादशी आज।
- 07 जून 2025: बरहे भटिंडा में मेला आज।

**मेषः** नौकरी और व्यवसाय के लिए एक अच्छा समय है। आपको आपकी उपलब्धियों के लिए उचित परितोष प्राप्त हो सकता है। वृद्धि और बेहतरी के मजबूत संकेत है।

**वृषः** आज आपको मिश्रित परिणाम मिलेंगे। चल रहे काम में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। कुछ भावनात्मक मुद्दे आपको परेशान कर सकते हैं। आय स्थिर रहेगी।

**मिथुनः** आपकी इच्छाशक्ति बढ़ेगी और आप उत्साहपूर्वक अपने कार्यों को अंजाम देंगे। भाग्य के साथ होने से रुकी हुई परियोजनाएं प्रगति करेंगी और सकारात्मक विकास भी होगा।

**कर्क**: नौकरी में रहने वाले खुद को सफलता की सीढ़ी पर पाएंगे व प्रतिद्वंद्वी गतिविधियां आपको नुकसान नही पहुंचा पाएंगी। कोर्ट-कचहरी के मामले आपके पक्ष में हल होंगे।

**सिंहः** खेल प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे और वाहवाही भी मिलेगी। नौकरी करने वाले और व्यवसायी कुछ नई योजनाओं या प्रोजेक्ट में शामिल होंगे।

**कन्याः** जल्दबाजी में निर्णय न लें और जोखिम भरे उपक्रमों से बचें। आपका स्वास्थ्य या आपका कोई करीबी आपको थोड़ा परेशान कर सकता है, इसलिए व्यायाम करें।

**तुलाः** आज भाग्य आपके पक्ष में होगा। आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे। ऐसे मजबूत संकेत हैं, कि आप एक नए उद्यम में प्रवेश करेंगे। विदेशी संबंधों से बहुत लाभ प्राप्त होगा।

**वृश्चिकः** आपका रचनात्मक कौशल आज चरम पर होगा और आप इसका उपयोग अपने सभी कामों में करेंगे। रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोग अच्छा करेंगे व अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे।

**धनुः** आज आपको बेहतरीन वित्तीय परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए अच्छा समय है। नौकरी खोजने के लिए किए गए प्रयास लाभकारी होंगे।

**मकरः** व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन अत्यधिक शुभ है व आप काफी प्रगति करेंगे। आय की वृद्धि के लिए स्थिति विकसित होगी। परीक्षा में भाग ले रहें है, तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कुंभः** आज आपकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। व्यावसायिक संदर्भ में महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की जा सकती हैं। आपकी कामयाबी में वृद्धि होगी, संपर्क स्थापित होंगे।

**मीनः** आप अपने आत्मविश्वास को फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में जुटेंगे जो सकारात्मक विकास को जन्म देगा। वित्तीय स्थिति में सुधार होना तय है।


## अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं, रमेश कुमार** (RAMESH KUMAR), S/O श्री श्रीपत, निवासी वार्ड न. 06, गांव- डीफरपट, डाकघर- बिंद्राबन, तहसील- पालमपुर, जिला- काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176061, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम रमेश कुमार (ROMESH KUMAR), से बदलकर रमेश कुमार (RAMESH KUMAR), रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

**मैं, ब्यासा** (BIYASA), W/O स्व. श्री गरीबु, निवासी वार्ड न - 08, गांव- बालू, डाकघर- सलियाना, तहसील- पालमपुर, जिला- काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176103, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम ब्यासा (VAYASA DEVI), से बदलकर ब्यासा (BIYASA), रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**जब** आप अपने देश की रक्षा करते हैं तो धर्म की रक्षा भी अपने आप हो जाती है। –मंगल पांडे

## संपादकीय

# अशांत होती वादियां

हिमाचल में आए दिन पर्यटकों की हुड़दंगबाजी देखने को मिल रही है। पता नहीं पर्यटक यहां की शांत वादियों को कोलाहल में तब्दील करने पर क्यों तुले हैं? लाहौल-स्पीति के हुर्लिंग में फॉर्च्यूनर और टैम्पो ट्रैवलर के ड्राइवरों में पास देने को लेकर जो बहस हुई वह किसी भी सूरत में सही प्रतीत नहीं होती। इन वाहनों में सवार दिल्ली और चंडीगढ़ से आए पर्यटक सड़क के बीच काफी देर तक लड़ते रहे, जिसके चलते एक गंभीर मरीज को लेकर आ रही एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिल पाया। इस घटना ने न सिर्फ मानवता को शर्मसार किया, बल्कि हिमाचल की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरी घटना की सबसे चिंताजनक बात यह रही कि फॉर्च्यूनर का चालक नशे की हालत में था और उसकी गाड़ी में हूटर तथा काली फिल्म लगी हुई थी, जो सरेआम कानून का उल्लंघन है। दूसरी ओर टैम्पो ट्रैवलर के चालक के पास आवश्यक दस्तावेज जैसे- इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट तक नहीं थे।

पुलिस ने दोनों के भारी भरकम चालान काटे। फॉर्च्यूनर चालक को 45,000 और ट्रैवलर चालक को 21,000 रुपए देने पड़े, परंतु यह सवाल यथावत है कि क्या केवल चालान काटने से ही व्यवस्था सुधरेगी? हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा पर्यटन पर निर्भर करता है। हर साल लाखों देशी-विदेशी पर्यटक यहां आते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में एक नया ट्रेंड उभरकर आया है-घुमक्कड़ी के नाम पर गुंडागर्दी। सैलानियों का एक वर्ग अब सिर्फ शांति और प्रकृति की खोज में नहीं आता, बल्कि वे यहां शोरगुल, शराबखोरी, रेसिंग, सड़क पर स्टंट और सोशल मीडिया के लिए कंटेंट बनाने जैसे उद्देश्यों से आते हैं। ऐसे पर्यटक न सिर्फ कानून का उल्लंघन करते हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली का भी अपमान करते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस तरह की घटनाएं पुलिस और प्रशासन की लापरवाही का भी नतीजा हैं।

अगर फॉर्च्यूनर चालक ने नशा कर रखा था, तो वह पुलिस की जांच से कैसे बच गया? क्या चेक पोस्ट पर ड्रग टेस्टिंग या अल्कोहल टेस्टिंग की कोई व्यवस्था नहीं है? क्या यह सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है कि वाहन चालक सही दस्तावेजों और फिटनेस के साथ यात्रा कर रहे हों? यह भी कई बार देखा गया है कि बाहर से आए पर्यटक पुलिस की चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लेते, क्योंकि उन्हें लगता है कि वे ग्राहक हैं और टूरिज्म इंडस्ट्री उनके दम पर ही चलती है। यह मानसिकता बेहद खतरनाक है और प्रशासन को चाहिए कि वह इस भ्रम को तोड़े। इस तरह की घटनाएं केवल कानून व्यवस्था की समस्या नहीं हैं, बल्कि इसका सीधा प्रभाव स्थानीय जनता पर भी पड़ता है। सड़क जाम, असभ्य व्यवहार, गंदगी फैलाना और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन आम नागरिकों की दिनचर्या को प्रभावित करता है। जब एक एंबुलेंस तक को रास्ता नहीं दिया जाता, तो यह स्थिति बेहद चिंताजनक हो जाती है। हिमाचल की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

मुख्य पर्यटक मार्गों पर स्थायी चेक पोस्ट बनाए जाएं, जहां न केवल दस्तावेजों की जांच हो, बल्कि ब्रीथ एनालाइजर और ड्रग टेस्टिंग किट से भी परीक्षण किया जाए। पर्यटन क्षेत्रों में तैनात पुलिस बल को विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि वे कानून का सख्ती से पालन करा सकें और किसी प्रकार की दबाव की राजनीति में न आएं। स्थानीय लोग, होटल मालिक और ट्रैवल एजेंट मिलकर एक पर्यटक आचार संहिता को बढ़ावा दें, जिसमें स्पष्ट किया जाए कि पर्यटकों को क्या करना चाहिए और क्या नहीं। जिन पर्यटकों का बार-बार व्यवहार असामाजिक या अव्यवस्थित होता है, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए, ताकि वे दोबारा हिमाचल न आ सकें। मीडिया और सोशल मीडिया का उपयोग कर पर्यटकों को यह समझाया जा सकता है कि वे जहां भी जाएं, वहां की संस्कृति और कानून का सम्मान करें। अतिथि देवो भव: का मतलब यह नहीं है कि अतिथि कानून से ऊपर हो जाए। हिमाचल में प्रवेश करने से पहले ही डिजिटल रजिस्ट्रेशन के माध्यम से पर्यटकों को आचार संहिता से अवगत कराया जा सकता है।

राज्य सरकार को चाहिए कि वह पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ 'जिम्मेदार पर्यटन' को भी अनिवार्य बनाए। केवल आर्थिक दृष्टिकोण से सोचने की बजाय, पर्यावरण, संस्कृति और कानून का संतुलन बनाना होगा। इसके लिए एक संयुक्त नीति बनाई जानी चाहिए, जिसमें पर्यटन, पुलिस, परिवहन और स्थानीय प्रशासन मिलकर कार्य करें। हिमाचल की खूबसूरती को बनाए रखना केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की भी है जो यहां आता है। पर्यटक चाहे देश के किसी भी कोने से आए हों, उन्हें यह समझना होगा कि यह राज्य सिर्फ घूमने की जगह नहीं, बल्कि लाखों लोगों का घर है। कानून का पालन, स्थानीय संस्कृति का सम्मान और नैतिक आचरण किसी भी पर्यटन अनुभव का हिस्सा होना चाहिए। वरना एक दिन ऐसा न हो कि हिमाचल की वादियां सैलानियों के शोर और हुड़दंग के कारण अपना आकर्षण ही खो दें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के टेनिस खिलाड़ी

**महेश** भूपति भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेनिस में लिएडर पेस के साथ युगल मुकाबलों में शानदार सफलता अर्जित की है। इनका पूरा नाम महेश श्रीनिवास भूपति है। भूपति को 1996 में 'अर्जुन पुरस्कार' दिया गया तथा 26 मार्च, 2001 को लिएंडर पेस के साथ भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया।



महेश भूपति
जन्म : 7 जून, 1974

भूपति का जन्म बैंगलौर, कर्नाटक, में हुआ था। इनका पूरा नाम महेश श्रीनिवास भूपति है। भूपति ने टेनिस में लिएडर पेस के साथ युगल मुकाबलों में शानदार सफलता अर्जित की है। दाहिने हाथ के इस खिलाड़ी की लंबाई 6 फुट दो इंच है। उसके शौक नेट-सर्फिंग और क्रिकेट खेलना है। उन्होंने वर्ष 2002 में मॉडल श्वेता जयशंकर से विवाह हुआ था। 1996 में उसे 'अर्जुन पुरस्कार' दिया गया। 26 मार्च, 2001 को भूपति को लिएंडर पेस के साथ भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया। महेश ने 1991 में भारत का प्रतिनिधित्व किया 1992 की विबंलडन जूनियर डबल्स चैंपियनशिप में वह फाइनल में पहुंचे। इसी वर्ष उस चीनी व मलेशियन सेटेलाइट प्रतियोगिता जीती। ■



गज़ल

## मुझे तुम से मुहब्बत है

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*मुझे तुम से महुब्बत है, जरा इक बार तो कह दो।*
*सदा दिल से वफा की है, अजी इतबार तो कह दो।*

*बनूं रुखसार की लाली, सजूं में चूड़ियां बन कर।*
*रहूं माथे की बिंदिया बन, मुझे तुम प्यार तो कह दो।*

*बहुत देखे करें जो प्यार, दोस्ती में सदा ठगते,*
*बड़ा मैं पाक दिल का हूं, मुझे इकरार तो कह दो।*

*बहे मौसम तरुणाई, बहारें गीत गाती हैं,*
*खिलेंगे फूल हम बन के, समां गुलजार तो कह दो।*

*मुहब्बत को लगा के लोग, अक्सर भूल जाते हैं,*
*सदा तेरी रहूं बन के, मुझे दिलदार तो कह दो।*

*रहूंगा साथ मैं तेरे, हिफाजत मैं करूं तेरी,*
*कहीं डूबे नहीं किश्ती, मुझे पतवार तो कह दो।*

*लुटा दी प्रीत 'शिव' तुम पर, नहीं सुख चैन बिन तेरे,*
*तुम्हारे रूप यौवन का, मुझे हकदार तो कह दो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वंदे गंगा जल संरक्षण: दूरगामी सोच का परिणाम है जन अभियान





लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जल है तो कल है की चुनौती के बीच राजस्थान की भजन लाल सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में मानसून से पूर्व 5 जून से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान इस मायने में महत्वपूर्ण है कि राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, दादरा-नगर हवेली और दमन दीव देश के ऐसे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश हैं जहां भूजल की निकासी भूजल के पुनर्भरण से कहीं अधिक हो रही है। अगर राजस्थान की बात करें और वह भी शुद्ध पेयजल की बात की जाए, तो पीने योग्य पानी और उसकी उपलब्धता में 30 फीसदी का अंतर है। 30 प्रतिशत का अंतर कोई छोटा अंतर नहीं है। ऐसे में इसे भली-भांति समझा जा सकता है कि राज्य सरकार को नागरिकों के लिए पीने के शुद्ध पानी की उपलब्धता बनाए रखने की चुनौती से कैसे दो-चार होना पड़ता होगा।

वास्तव में यह गंभीर समस्या है। समूचे विश्व में पानी की उपलब्धता का संकट है। यदि हम भारत की ही बात करें, तो 1950 में जहां प्रति व्यक्ति सालाना 5200 घनमीटर पानी की उपलब्धता थी, वह 2024 आते-आते 1401 घनमीटर रह गई है। यदि विशेषज्ञों की मानें तो 2050 तक यह उपलब्धता 1191 घनमीटर रह जाने की संभावना है। यही कारण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों कहा कि पानी का उपयोग कम करें, पुन: उपयोग करें और पुन: चक्रित करने की नीति पर चलना होगा।

देश में जल के पुनर्भरण में लगातार कमी आ रही है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता के मामले में आज भारत 182वें स्थान पर आ गया है। भूजल की उपलब्धता को देखा जाए, तो 1950 से 2024 के दौरान 73 प्रतिशत की कमी आ गई है। दिल्ली, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, मुंबई सहित देश के अनेक छोटे-बड़े शहर पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। विश्वव्यापी जल संकट को देखते हुए राजस्थान की भजनलाल सरकार की इस पहल को महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। दरअसल देश में उपलब्ध भूजल का 87 प्रतिशत उपयोग खेती किसानी में होता है तो 11.7 प्रतिशत उपयोग घरेलू कार्यों और लगभग 2 प्रतिशत उपयोग ही औद्योगिक क्षेत्र में होता है।

संकट का बड़ा कारण परंपरागत जल संग्रहण स्रोतों का नष्ट होना, उनमें अवरोध होना, बढ़ती आबादी और शहरी क्षेत्र में आबादी का घनत्व बढ़ने के साथ अत्यधिक पानी की आवश्यकता वाली उपज को बढ़ावा देने से जल दोहन अधिक होने लगा है। सीवेज के कारण पानी का अत्यधिक उपयोग, बरसाती जल का प्रोपर संग्रहण नहीं होना, जंगलों का कंक्रीट के जंगलों में बदलना और पानी के अन्य कार्यों में भी अत्यधिक उपयोग से पानी का संकट दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अनियमित बरसात और बरसाती चक्र में बदलाव को भी एक कारण माना जा सकता है। आज जितने पानी के पीने के लिए आवश्यकता होती है उससे कई गुणा अधिक पानी फ्लस करने, वाहनों की धुलाई, पौधों के रखरखाव व अन्य कार्यों में होने लगी है।

सीमेंट, लोहा, जस्ता और अब एमसेंड आदि उद्योगों के लिए भी अधिक पानी की आवश्यकता होने लगी है। एक समय था जब सावन भादों में बरसात की झड़ी लगती थी और कई दिनों तक सूर्य देवता के दर्शन नहीं होते थे, तो पानी सीधे जमीन में जाता था और वह प्राकृतिक वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम होता था। सड़कों के साथ-साथ ढलान क्षेत्र होता था और वहां एकत्रित पानी क्षेत्र में जलस्तर बढ़ाने के साथ पशुओं के पीने के काम भी आ जाता था। राजस्थान में रेगिस्तानी इलाकों में टांके आदि परंपरागत जल संग्रहण के साधन होते थे। आज हम इन्हें भूलते जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि गिरते भूजल स्तर और जल संग्रहण को लेकर सरकार गंभीर न हो, बल्कि कहना तो यह होगा कि सरकार अत्यधिक गंभीर होने के बावजूद जो परिणाम आने चाहिए वह प्राप्त नहीं हो सके हैं।

इसका एक प्रमुख कारण दूरगामी सोच के साथ नीति और क्रियान्वयन का न होना भी है। सरकार द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बड़े स्तर पर बनाने और निजी मल्टी स्टोरीज व सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने पर जोर और बनाये जाने के बावजूद उनकी गुणवत्ता को लेकर सवाल इसलिए उठते रहते हैं कि न तो रखरखाव पर ध्यान दिया जाता है और न ही पानी के बहाव का पूरा ध्यान देने के कारण यह अपने उद्देश्यों पर खरे नहीं उतरे हैं। ऐसा नहीं है कि इन हालातों से सरकार अनजान हो। यही कारण है कि राजस्थान की भजनलाल सरकार ने मानसून के ठीक पहले पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से 20 जून तक समूचे प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित कर रही है। राज्य सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के दौरान जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल प्रदूषण में कमी, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, भूजल पुनर्भरण, व्यवहार परिवर्तन से बेहतर जल उपयोग और व्यापक स्तर पर पौधरोपण कर हरियालो राजस्थान की तैयारी आरंभ की है। रामगढ़ राजस्थान की राजधानी जयपुर की किसी जमाने में पेयजल की उपलब्धता के लिए जीवन रेखा माना जाता था और 1982 के एशियाड की नौकायन प्रतियोगिता के बाद इसके बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण का जो ग्रहण लगा वह इसे सूखे मैदान में बदल कर रख दिया है। सही मायने में कहा जाए तो वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान सरकार की दूरगामी सोच का जन हितैषी कार्यक्रम माना जाना चाहिए क्योंकि सरकार की समझ और गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि कार्यक्रम को आमजन से जोड़ने के लिए ही जनअभियान नाम दिया गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# देश में आपदा और फालतू खबरों का गर्म बाजार



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज जिस तरह की घटना घट रही है और अजब गजब का खबर सुनने को मिलता है जो किसी के दुनिया से माया में फंस कर विचार में समय की बर्बादी जैसे सवाल और आपदा होती है तो दु:ख होता है इससे भगवान श्री राम से शिक्षा लेने की जरूरत है चले प्रभु राम को क्या होगा क्या करना है यह उन्हें मालूम था, क्योंकि वो साक्षात ईश्वर हैं।

बस यह वो दिखाना चाहते थे कि अहंकार मत करो और पराई स्त्री पर कभी ऐ मत सोच लेना कि ताकत के दम पर कहीं भी हर कर ले जा सकते हैं और नारी अबला नहीं है वो देवी है माता सीता को रावण कुछ कर नहीं पाया, क्योंकि वो शरीर से अलग जरूर माता सीता भगवान राम से दूर धोखे से अपहरण का शिकार हुई, लेकिन उनके आत्मा में प्रभु राम थे जो उसे रक्षा प्रदान कर रहे थे। भगवान श्री राम ने कांटों से फूल बनाना सिखाया है और धर्म के रास्ते, जात पात से परे प्रेम से मिलकर रहना शिखाया है और सत्य के लिए लड़ना भी सिखाया है।

तुलसीदासजी कहते हैं, भजमन राम चरण सुखदाई, यानी राम के चरणों में ही सच्चा सुख है और सु:ख सच्चे मायने में वहीं है जिसमें अपार प्रेम की भावना हो ऐ चरण के स्पर्श से अहिल्या पत्थर से पुन: जी उठी और राम केवट संवाद में केवट भगवान श्री राम को अपनी नाव में बैठने हेतु इसलिए इंकार करता है कि कहीं मेरी नाव भी अहिल्या की तरह जी न उठे और फिर मेरी जीविका कैसे चलेगी। जब उन्हें सरयू नदी के पार पहुंचा देता है तो सीता माता अपने सोने की अंगूठी दे देती है और राम उसे भावसागर पार करा देते हैं आज लोग क्रिकेट आईपीएल जो मनोरंजन के लिए बना है पता नहीं क्यों



इतना दिवाना हो गए हैं कि अपनी जान को मामूली सी जीत के पीछे इतना दीवाना हो गए है कि भगदड़ से अपने जान गवां देते हैं और यही चर्चा स्कूल कॉलेज अधिकतर ऑफिस में इस तरह चर्चा करते हैं जैसे पहाड़ उठा लिया है मृतकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, लेकिन इस पर विचार करें खेल का स्तर क्या है ऐ इंडिया में ही कुछ अपने शहर के नाम से टीम है जो फेंटासी लिग मैच है जो मनोरंजन के लिए है इसमें हारने और जितने से देश को कुछ नहीं होने वाला है। मनोरंजन की तरह देखना चाहिए आधे खिलाड़ी जो टीम के लिए खेलते हैं कभी एक टीम में रहते फिर बोली लगती है और दूसरी टीम में चले जाते हैं क्या यह कोई पहाड़ उठाने जैसा नहीं है मीडिया इसे इतना बढ़ा-चढ़ाकर दिखाती है कि लोग इसके पीछे पागल हो जाती है और तो और उसमें राजनेता भी शामिल हो जाते हैं।

जबकी बहुत से खिलाड़ी विदेश से भी हैं जो किसी टीम के साथ खेलते हैं बंगलौर जीते या पंजाब सब तो भारत की ही टीम है पैसा मीडिया खिलाड़ी कमा रहे हैं और जान आप गवां रहे हैं अत: सयम और धैर्य से काम ले इसे मनोरंजन की भावना से देखना चाहिए, क्योंकि इसलिए ऐ हॉटस्टार पर आता है जिसको देखने के लिए पैसा देना पड़ता है और बच्चों में एक जोश देखा गया है यह भी सही है, लेकिन हार या जीत पर खुश या उदास होना सही नहीं है यह सच है कि आईपीएल से नए खिलाड़ियों को एक पहचान मिली है, लेकिन उसके पीछे दीवाना होना दिमाग को खराब और हारने पर मायूस होना ठीक नहीं है, क्योंकि इससे आपको मन ही मन लगेगा अगर कैच छूट जाता तो वो जीत जाता और पढ़ाई पर बुरा असर डालती है मीडिया काल तक इसी पर खूब दिखाता रहा, लेकिन कब भगदड़ हुई और प्रशासन क्या कर रहा था, इस ओर किसी की भी नजर नहीं गई अब जब हादसा हो गया है तो जिम्मेदार कौन है इस पर सवाल हो रहा है भगदड़ सिर्फ मैच में होती है ऐसा भी नहीं है यह किसी भी आयोजन पर हो सकता है, इसलिए मीडिया को भी जिसे तवज्जो उतना देना सही नहीं है क्योंकि इससे लोग जुटने लगते हैं और जब भीड़ बढ़ते जाती है तो किसी को काबू करना मुश्किल हो जाता है। भगवान राम का जीवन यहीं सिखाता है कि कभी भी मन की शांति को खत्म नहीं होने देना चाहिए। कठिन परिस्थियों में भी धैर्य बनाए रखना जरूरी होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**रूस** और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी युद्ध खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हालांकि, कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध समाप्त करने पर राजी हो गए थे, लेकिन रूस के बड़े हमले के बाद जिस तरीके से यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के एयरबेस पर ड्रोन हमले किए उसने पूरी दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। सभी देश यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि ड्रोन तकनीक से इस तरह का जवाबी हमला आखिर ऐसे कारगर कैसे हो गया? इस हमले ने न सिर्फ रूस की सैन्य संरचना को झटका दिया, बल्कि पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब युद्ध के तरीकों में कितनी तेजी से बदलाव आ रहा है। हाल ही में पाकिस्तान ने भी ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पर तुर्की के ड्रोनों से कुछ ऐसे ही हमले किए थे, लेकिन भारत की रक्षा प्रणाली ने उन्हें समय रहते नष्ट कर दिया था।

**रितिक नाग, धर्मशाला**

# कटघरे में पत्रकारिता, कलम बिक गई है, अब स्याही शर्मिंदा है



लेखक : हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला

पत्रकारिता, जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया, आज अपनी जड़ों से उखड़ चुकी प्रतीत होती है। यह वह विधा थी, जो सत्ता के समक्ष निर्भीक खड़ी होती थी, जनमत की आवाज को स्वर देती थी और अन्याय के विरुद्ध निर्भीक कलम चलाती थी, किंतु आज वही पत्रकारिता सत्ता की गोद में बैठकर विज्ञापन की थपकियों में लोरी सुन रही है। वह कलम, जो एक समय अत्याचार के विरुद्ध आग उगलती थी, अब भाषिक सौंदर्य और प्रायोजित औपचारिकताओं की जंजीरों में जकड़ी हुई प्रतीत होती है और स्याही, जो कभी सत्य का साक्ष्य थी, आज अपनी ही मौन विवशता पर लज्जित है।

देश के किसी भी कोने में नजर डालिए, हिमाचल से लेकर दिल्ली, मुंबई से कोलकाता तक, एक ही प्रश्न बार-बार उठता है क्या यह पत्रकारिता है या किसी कॉर्पोरेट संस्थान का पीआर तंत्र। क्या यह सूचना है या किसी राजनीतिक दल, औद्योगिक घराने या कारपोरेट हित का मुखपत्र? यह संक्रमण केवल पेशेवर संकट नहीं, यह मूल्यों का, नैतिकता का और आत्मा का ह्रास है। पत्रकार और दलाल, संपादक और एजेंट, विचार और नैरेटिव सबकी सीमाएं अब एक धुंधले धागे में उलझकर रह गई हैं। यह संकट बाहर से नहीं आया, यह भीतर ही भीतर पनपा, उस पेशे में जिसकी नींव सत्य की साधना पर रखी गई थी। अब वही पेशा अब सूचना नहीं, भावना और सनसनी का व्यापार कर रहा है।

पहले जहां अखबारों की पहली पंक्ति में 'सच का साथ' लिखा होता था, अब वहां 'आपके व्यावसायिक सहयोगी' छपा मिलता है। खबर अब उत्पाद बन चुकी है, संपादकीय रणनीति में बदल गए हैं और पत्रकार महज उस उत्पादक कारखाने का हिस्सा है, जहां उद्देश्य बिकाऊ हेडलाइन तैयार करना है, न कि जनजागरण। प्रिंट मीडिया से लेकर डिजिटल मीडिया तक, पत्रकारिता की आत्मा का यह ह्रास समान रूप से दिखाई देता है। फेसबुक पर उग आए 'पत्रकार' अब हर गली-कूचे में मिलते हैं, जिनके पास न भाषा का विवेक है, न विषय का ज्ञान, न पत्रकारिता का प्रशिक्षण। वे मोबाइल लेकर वीडियो बनाते हैं, अपनी राय को खबर बताते हैं और लाइक-शेयर की दुनिया में स्वयं को सत्य का संवाहक घोषित कर देते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि इनसे भी अधिक घातक वे हैं जो संस्थानों के भीतर हैं, मान्यता प्राप्त, संपादकों के प्रिय और मालिकों की आंखों का तारा।

वे जो सुर्खियां गढ़ते हैं, मगर सच्चाई नहीं तलाशते; वे जो प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल नहीं, सलाम करते हैं और वे जो लेखनी की नोक पर सत्ता की सेवा में रचनात्मक गुलामी निभाते हैं। कभी पत्रकारिता का अर्थ होता था जनता की आंख बनना। आज वही पत्रकारिता सत्ता का पर्दा बन गई है। घटनास्थल पर पहले पहुंचने वाला रिपोर्टर अब व्हाट्सऐप फॉरवर्ड का स्रोत बन गया है। समाचार चैनल दिनभर बहसों के शोर से गूंजते हैं, मगर उसमें तथ्य का स्थान नहीं होता, केवल तमाशा होता है। संपादकीय अब विचार उत्पन्न नहीं करते, वे झुकाव को लच्छेदार शब्दों में लपेटते हैं और सबसे दुखद बात यह है कि अब इस गिरावट को न मीडिया हाउस स्वीकार करते हैं, न पाठक / दर्शक प्रश्न करते हैं।





यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज पत्रकारिता एक विचार नहीं, एक औद्योगिक गतिविधि बन चुकी है। यहां पाठक नहीं, ग्राहक है। यहां विचार नहीं, कंटेंट है। यहां सच नहीं, बिकाऊ शीर्षक है। यहां पत्रकार नहीं, कंटेंट मैनेजर हैं और यह विवेक नहीं, व्यूह है। सूचना का यह रूप संक्रमण से गुजरते समाज को न सही दिशा दे सकता है, न विवेक। जब अखबार किसी 'स्थानीय सूत्र' की अपुष्ट जानकारी को ही 'ब्रेकिंग न्यूज़' बना देता है, जब पत्रकार बिना पड़ताल के वीडियो को शेयर कर देता है और जब खबरों की विश्वसनीयता यूजर ट्रैफिक से तय होने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि संकट सतह तक नहीं, जड़ तक पहुंच चुका है। यह समय केवल आलोचना का नहीं, आत्ममंथन का है। मीडिया संस्थानों को अपने भीतर झांकना होगा। क्या वे पत्रकारों को प्रशिक्षित करते हैं या बस उपयोग करते हैं? आज पत्रकारिता कठघरे में इसलिए है, क्योंकि उसने अपने आदर्शों की हत्या स्वयं की है। मगर यह अंत नहीं है। जब कोई कलम फिर से सच के लिए उठेगी, जब कोई पत्रकार प्रश्न पूछेगा, जब कोई चैनल टीआरपी से ऊपर उठकर जनमत को महत्व देगा, तब पत्रकारिता फिर जीवित होगी और उस दिन स्याही शर्मिंदा नहीं, गौरवशाली होगी, परंतु तब तक कलम बिकती रहेगी। स्याही शर्मिंदा रहेगी और पत्रकारिता कटघरे में खड़ी रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बरागटा और बागवानी-हिमाचल की सेब क्रांति के महानायक



लेखक : राजीव मैहता
कोटखाई, शिमला

हिमाचल प्रदेश की हिमशीतल वादियां केवल प्राकृतिक सौंदर्य की प्रतीक नहीं, बल्कि यहां की उपजाऊ मिट्टी और मेहनती किसानों की कर्मभूमि भी हैं। इस पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था में बागवान विशेषकर सेब की खेती रीढ़ का कार्य करती है।

इस क्षेत्र को नई दिशा देने और बागवानी को वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने में जिन व्यक्तित्वों का योगदान अविस्मरणीय रहा है, उनमें नरेंद्र बरागटा का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। नरेंद्र बरागटा का जन्म 15 सितंबर, 1952 को हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में एक किसान परिवार में हुआ। प्रारंभिक जीवन से ही उन्होंने ग्रामीण जीवन की चुनौतियां देखीं और समझीं। यही अनुभव उनके भीतर जनसेवा की भावना को मजबूत करता गया। वे छात्र राजनीति से होते हुए भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय हुए और बाद में राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया। बरागटा की छवि एक सुलझे हुए, दूरदर्शी और जमीन से जुड़े राजनेता की थी। हिमाचल प्रदेश की जलवायु बागवानी के लिए अत्यंत अनुकूल है, विशेषकर सेब, खुमानी, आड़ू, नाशपाती और चेरी जैसे फलों के लिए, परंतु वर्ष 1990 के दशक में राज्य का बागवानी क्षेत्र अनेक समस्याओं से जूझ रहा था।

पुराने पौधों की घटती उत्पादकता, मौसम से जुड़ी अनिश्चितताएं, बाजार तक पहुंच की कमी और वैज्ञानिक जानकारी का अभाव। इन्हीं परिस्थितियों में नरेंद्र बरागटा ने एक मसीहा की भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि अपने क्षेत्रीय अनुभव और दूरदृष्टि से बागवानी को एक संगठित और सशक्त क्षेत्र में बदल दिया। बरागटा ने बागवानी मिशन को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाया।



इस योजना के अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधे, सिंचाई सुविधाएं, कीट नियंत्रण उपाय और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। सेब की परंपरागत खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा गया। ऊंचाई, तापमान, जल निकासी जैसी शर्तों के आधार पर विविध किस्में लगाने को बढ़ावा मिला। 'हाई डेंसिटी प्लांटेशन' जैसी तकनीक का परिचय कराया गया, जिससे कम भूमि में अधिक उत्पादन संभव हुआ।

फल जल्दी खराब हो जाने के कारण किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। बरागटा जी ने प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज यूनिट्स, पैकिंग हाउस और परिवहन व्यवस्था में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए, जिससे फलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना संभव हुआ। किसानों को बैंकों से आसान ऋण दिलाना, सब्सिडी योजना लागू कराना, बीमा जैसी योजनाओं को बढ़ावा देना, यह सब उनके नेतृत्व में संभव हुआ।

वे मानते थे कि 'जब तक किसान आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होगा, तब तक कोई योजना सफल नहीं हो सकती। नरेंद्र बरागटा का सबसे बड़ा परिचय यही है कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि किसानों के अपने नेता थे। चाहे भयंकर ओलावृष्टि हो, सेब की गिरती कीमतें हों या प्राकृतिक आपदा, बरागटा हर बार किसानों के साथ खड़े रहे। उन्होंने किसानों की लड़ाई को विधानसभा से लेकर दिल्ली के दरवाजों तक पहुंचाया। 5 जून, 2021 में उनका असामयिक निधन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक युगद्रष्टा का अवसान था, लेकिन उनका कार्य और दृष्टिकोण आज भी हिमाचल की वादियों में गूंजता है। बरागटा का जीवन हमें यह सिखाता है कि यदि नीति में दूरदृष्टि हो, नेतृत्व में संवेदनशीलता हो और सेवा में समर्पण हो, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने न केवल बागवानी को एक समृद्ध उद्योग में बदला, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर और गर्वित बनाया। आज जब हम हिमाचल की बागवानी सफलता की कहानियां सुनते हैं, तो उसके पीछे एक नायक की छवि उभरती है नरेंद्र बरागटा जिसने खेत-खलिहानों से सीधा संवाद किया, और फल-फूलती बागवानी को हिमाचल की पहचान बना दिया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच निर्माण से हुक्कल स्कूल को खतरा, रास्ता भी बंद

## स्कूल के पीछे और खेल मैदान में फेंका मलबा; पानी की निकास नाली अवरुद्ध, बारिश से हो सकता है लाखों का नुकसान

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



बिना फाउंडेशन के लगाया जा रहा डंगा व प्रभावित बीआरएन कंपनी के खिलाफ विरोध की रणनीति बनाते हुए।

**सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग 70/03 के निर्माण कार्य में गावर कंसट्रक्शन कंपनी द्वारा पाड़छु से कुमाहरडा तक की सड़क मार्ग का कार्य बीआरएन कंपनी को सबलेट करके करवाया जा रहा है। जो हुक्कल स्कूल के पास पिछले तीन-चार माह से डंगा लगा रही है और सारा मलबा स्कूल की दीवार और खेल मैदान में फेंक रही है और स्कूल का रास्ता तोड़ दिया है। जिसके बारे में हिमाचल किसान सभा ने 11 अप्रैल को एसडीएम को शिकायत की थी और उसके आधार पर 23 अप्रैल को तहसीलदार की अगुवाई में जांच टीम ने मौके पर जाकर काम को जांचा था और उसमें सुधार करने के लिए कहा गया था। लेकिन इस डंगे की गुणवत्ता की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है और डंगे की नींव सही तरीके से नहीं रखी गई है और उसमें बोल्डर भरे जा रहे हैं। यह काम बीआरएन कंपनी के ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है।

हालांकि इस बारे कंपनी प्रबंधन व प्रशासन को कई बार अवगत करवाया जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई कंपनी नहीं कर रही है। तीन चार फुट मालबा स्कूल के पीछे और खेल मैदान में फेंक दिया है जिससे पानी की निकासी वाली नाली अवरुद्ध हो गई है और जल भराव हो गया है जिससे स्कूल के भवन को ख़तरा पैदा हो गया है। स्कूल का रास्ता तोड़ दिया गया है जिससे बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी हो रही है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने धर्मपुर के प्रशासन से इसमें तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है, ताकि स्कूल को किसी तरह का नुकसान न हो। हालांकि इसके बारे हुक्कल विद्यालय के मुख्याध्यापक ने भी एसडीएम धर्मपुर को 3 दिन पहले इस बारे शिकायत दर्ज करवाई है और स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य भी आपत्ति दर्ज करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद कंपनी इसमें सुधार नहीं कर रही है।

भूपेंद्र ने बताया कि कंपनी ने हुक्कल से रियूर सड़क को भी बाधित कर दिया है और हुक्कल, रेयोड इत्यादि गांवों का लिंक रोड भी बंद हो गया है। हिमाचल किसान सभा कंपनी की इस मनमानी के खिलाफ जून के दूसरे सप्ताह हुक्कल में प्रदर्शन करेगी।

### नोटिस किया था जारी, अब की जाएगी कार्रवाई: एसडीएम स्वाति

**एसडीएम** सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि स्कूल के मुख्य अध्यापक ने उन्हें बाकायदा इस विषय में पत्र सौंपा है। उसे लेकर निर्माण कर रही बीआरएन कंपनी को बाकायदा नोटिस जारी कर दिया था। अगर उन्होंने अभी स्कूल भवन और खेल मैदान पर गिरे मलबे को नहीं हटाया है और रास्ते व डंगे का निर्माण पूरा नहीं किया होगा तो उनके विरुद्ध सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर भी अलग से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला प्रशासन की अभिनव पहल एक दिन के लिए डीसी बनी अन्वी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**शिक्षा** क्षेत्र में युवाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने व मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने 'डीसी फॉर ए डे' अभियान की पहल की है। इस अभिनव प्रयास के तहत एक दिन के लिए डीसी बनी सरकाघाट के डून गांव की अन्वी सिंह। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में इस वर्ष वह जिला में टॉपर रही हैं तथा प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि इस होनहार बेटी को एक दिन के लिए उपायुक्त मंडी की कुर्सी पर बैठने का अवसर मिला। प्रातः 9 बजे वह उपायुक्त अपूर्व देवगन की उपस्थिति में कार्यालय पहुंची। जिलाधीश की कुर्सी पर बैठते ही उनके निजी स्टाफ ने औपचारिक स्वागत किया। अन्वी के समक्ष पहली चुनौती भूकंप पर पूर्वाभ्यास की थी। अन्वी ने वीसी रूम पहुंचकर सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद पूर्वाभ्यास की निगरानी की।

उन्होंने उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं की भी जानकारी हासिल की। बाद में वह फील्ड निरीक्षण के लिए भी गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि यह पहल शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 845 ग्राम चरस व 10 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा दो अलग-2 मामलों में 845 ग्राम चरस तथा 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है।पहले मामले में पुलिस थाना बी.एस.एल. कॉलोनी सुंदरनगर के अंतर्गत ऋषि कुमार पुत्र भीलो राम निवासी तहसील सलूनी जिला चंबा बस नंबर पीबी07सीए5471 में सवार था, उससे 845 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना बी.एस.एल. कॉलोनी में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी को आज न्यायालय में प्रस्तुत करवाकर 2 दिन पुलिस हिरासत हासिल की गई है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है। दूसरे मामले में पुलिस थाना औट के अंतर्गत कार सवार सुरेश कुमार पुत्र देवी राम निवासी तहसील भुंतर जिला कुल्लू से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना औट में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत कराकर 3 दिन पुलिस हिरासत हासिल की गई है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### बिजली बिल जमा न करने पर कटेंगे कनेक्शन

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** विद्युत उपमंडल रिवालसर द्वारा सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि वे अपने मई माह के बिजली बिल 20 जून तक अनिवार्य रूप से जमा करें। उपमंडल के सहायक अभियंता ई. चिंतन प्रकाश ने बताया कि अंतिम तिथि के बाद भी जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा नहीं करवाया जाएगा, उनकी बिजली आपूर्ति बिना किसी अतिरिक्त सूचना के अस्थायी रूप से काट दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय रहते अपने बिल जमा करने की अपील की है ताकि असुविधा से बचा जा सके।

### भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्री देव माहूनाग मंदिर परिसर में चल रही अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित कपिल शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की अलौकिक कथा सुनाई। इससे पूर्व उन्होंने भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का वर्णन करते हुए वामन अवतार और रामावतार पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। पंडित जी ने कहा कि 'यदि कृष्ण जीवन और कृष्ण चरित्र को समझना है, तो पहले भगवान राम की मर्यादा को समझना आवश्यक है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम का चरित्र हमें वह आधार देता है जिससे लीला पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण की लीलाओं को समझा जा सकता है।' कथा के प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा देखते ही बन रही है। प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए एकत्र हो रहे हैं। कथा का समापन भव्य हवन और भंडारे के साथ होगा।

### निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मिनी सेक्रेटेट और स्कूल के सामने दुकानदारों ने ठंडे पानी की छबील लगाई। इस दौरान राहगीरों तथा बस में सफर कर रहे यात्रियों के लिए फलों के जूस की छबील लगाई। इस काम को धर्मपाल गुप्ता, सचिन शर्मा, प्रवीण शर्मा और सुरेश कुमार ने अंजाम दिया। लोगों ने इसे बहुत ही पुण्य का काम बताया।

### विजय हाई स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में राजकीय प्री-प्राइमरी पाठशाला बालोद्यान, विजय हाई स्कूल (ऐतिहासिक लक्कड़ हॉल) में एक स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इससे पूर्व महापौर द्वारा विद्यालय परिसर का मौके किया गया था, जिसमें नालियों की जर्जर स्थिति को देखते हुए यह आश्वासन दिया गया था कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान इनकी सफाई करवाई जाएगी। अपने वचन के अनुरूप इस स्वच्छता अभियान को क्रियान्वित किया गया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर की अवरुद्ध नालियों की स्वयं सफाई की एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसएमसी के प्रधान अंकुश मोहन, ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के प्रधान अनिल शर्मा, सफाई निरीक्षक सतीश व उनकी टीम की सक्रिय उपस्थिति रही। महापौर ने स्थानीय प्रशासन, विद्यालय प्रबंधन एवं समाजसेवियों के सहयोग की।

### मौजी राम को गुर्जर कल्याण परिषद की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जोगिंदरनगर में खंड स्तरीय गुर्जर कल्याण परिषद के चुनाव हुए, जिसकी अध्यक्षता मंडी जिला गुर्जर कल्याण परिषद के अध्यक्ष तिलक राज राव ने की। खंड स्तरीय गुर्जर कल्याण परिषद के चुनावों में कटवाली निवासी रिटायर्ड सीएचटी मौजी राम को प्रधान पद की कमान सौंपी गई। इसके अलावा सुनील सिंह निवासी लबांखड को उपप्रधान, धर्म चंद निवासी लंबाखड़ को सचिव, लाल सिंह जी निवासी कटवाली को कोषाध्यक्ष, मस्त राम निवासी टटानका व सुंदर लाल कटवाली को मुख्य सलाहकार, गांधी राम निवासी टटानका को महालेखाकार, कपिल निवासी गदयाडा को प्रेस सचिव, रमेश कुमार निवासी थोरट को सह सचिव, मस्त राम निवासी ढेलु, ज्ञान चंद निवासी टिकरी, दान सिंह निवासी व लेखराज निवासी टटानका, ठाकर दास निवासी मनोह, हरीश कुमार निवासी निवासी चौंट, नागेंद्र पाल, मस्त राम निवासी, स्नेहरु राम निवासी पटयूडी, राजमल निवासी बस्सी, पूर्ण चंद निवासी टिकरु को सदस्य चुना गया।

### मासिक मानदेय बढ़ाने की उठाई मांग

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल के मुल्थान में स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा तथा चौहार घाटी के टिक्कन में स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में तैनात श्याम लाल, रोशन लाल तथा जगबीर सिंह ने बताया कि जस उन्हें पंजाब नैशनल द्वारा उन्हें बैंक मित्र बतौर तैनात किया गया है, तब से ही वे ईमानदारी व पूरी लग्न के साथ अपनी सेवाएं दे तो रहे हैं, मगर उन्हें मासिक मानदेय के नाम से मात्र पांच हजार रुपए ही दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतने कम मानदेय से उन्हें अपना तथा अपने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल सा हो गया है। उन्होंने अवगत करवाना चाह कि वे अपने स्तर में एक माह में 15 से 30 लाख रुपए तक का कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उन्हें लगभग 15 हजार मासिक मानदेय का भुगतान किया जाए, ताकि वे भी अपने परिवार का भरन-पोषण सही ढंग से किया जाए।

### लडभड़ोल व जोगिंद्रनगर में लगाई छबीलें

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** निर्जला एकादशी के अवसर पर जोगिंद्रनगर उपमंडल के लडभड़ोल व जोगिंद्रनगर क्षेत्रों में जगह-जगह मीठे पानी की छबीलें लगाई गईं। इन आयोजनों में युवाओं, सामाजिक संगठनों, दुकानदारों और आम जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लडभड़ोल बस स्टैंड के पास नागेश्वर युवक मंडल की ओर से विशेष छबील का आयोजन किया गया। मंडल के प्रधान चंदन हिमाचली और सचिव वरुण कांत शर्मा ने बताया कि जेठ माह की इस भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए यह सेवा की गई। स्टाल पर लोगों को मीठा ठंडा जल और शीतल पेय वितरित किया गया। इस आयोजन में युवक मंडल के सदस्य आदित्य भारद्वाज, आशीष भारद्वाज, प्रीतिश शर्मा, अनिकेत भारद्वाज, शिवम शर्मा, अनिमेष अवस्थी, अभिशार, ऋद्धि, निद्धी, मधु, जय, वीरू, संजीव शर्मा, अंचल शर्मा, विकास उपाध्याय, उदय, ईशान, अर्पित, विवेक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। इसी क्रम में ढंडोल युवक मंडल द्वारा चपलू पुल के पास भी छबील लगाई गई।

# आपातकालीन स्थिति में फंसे 25 लोगों को सुरक्षित बचाया


आपातकालीन स्थिति में फंसे लोगों का रेस्क्यू करने के बाद टीम।

**विनोद, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** बल्ह उपमंडल में बाढ़ राहत के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी की समीक्षा करना था। एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने कहा कि इस अभ्यास में विभिन्न विभागों और स्वयंसेवी संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल में 10 होम गार्ड, 10 दमकलकर्मी, 20 पुलिसकर्मी, 2 एंबुलेंस, 2 नावें 60 स्वयंसेवी शामिल रहे। ड्रिल के दौरान बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया, जिसमें 25 लोग फंसे थे, उसमे से 6 पुरुष, 12 महिलाओं और 7 बच्चों को सुरक्षित रूप से बचाया गया। इसके अतिरिक्त 6 व्यक्तियों जिसमें 4 पुरुषों व 2 महिलाओं के बह जाने की परिकल्पना के तहत खोज और राहत कार्यों का परीक्षण भी किया गया।

# अलर्ट मिलते ही आपदा से बचाव को मुस्तैद हुआ प्रशासन

## जिला व उपमंडल मुख्यालयों में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन, रेस्क्यू टीमों ने किया बेहतर कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** जिला में भूकंप जैसी आपदा से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तैयार आपदा प्रबंधन प्लान को धरातल पर परखने के लिए शुक्रवार को मेगा मॉक ड्रिल की गई। सुबह नौ बजे मेगा मॉक ड्रिल अलर्ट मिलते ही आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी अधिकारी जिला आपदा नियंत्रण कक्ष में पहुंचे व रिस्पांसिबल ऑफिसर उपायुक्त अपूर्व देवगन की देखरेख में यह कक्ष सक्रिय कर दिया गया।

भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों को सुनियोजित एवं कारगर ढंग से अंजाम देने के अभ्यास के लिए मंडी जिला मुख्यालय के अलावा विभिन्न उपमंडलों में भी मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मंडी शहर में इंदिरा मार्केट परिसर तथा क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में काल्पनिक परिदृश्य तैयार किए गए। पड्डल मैदान में स्टेजिंग एरिया बनाया गया। जिसमें इंसीडेंट कमांडर एसडीएम सदर रुपिंद्र कौर तथा इंडियन आर्मी के पर्यवेक्षक हवलदार रणधीर सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, इंसीडेंट कमांडर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, मुख्य पर्यवेक्षक सूबेदार मेजर के पलानी स्वामी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।


मेगा मॉक ड्रिल के दौरान रेस्क्यू करते हुए।

मैगा मॉक ड्रिल के सफल आयोजन में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आपदा मित्रों, एनएसएस स्वयंसेवियों, गृह रक्षकों तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों ने आईआरएस प्रणाली के अंतर्गत बेहतर तरीके से कार्य किया। इस वृहद पूर्वाभ्यास में भूकंप से विभिन्न आवासीय व व्यापारिक परिसरों, विभिन्न स्कूलों, सड़कों तथा सार्वजनिक सम्पति को हुए नुकसान के उपरांत किए जाने वाले राहत कार्यो का सुव्यवस्थित ढंग से प्रदर्शन किया गया।

### क्या कहते हैं उपायुक्त देवगन

**उपायुक्त** एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि किसी भी तरह की आपदा को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला तथा उपमंडल स्तर पर डीडीएमए के माध्यम से आईआरएस कार्य करता है, जिसमें सभी विभागों की भागीदारी निर्धारित की गई है। इस सिस्टम के वास्तविक आकलन और इसमें सुधार के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल्स आयोजित की जाती हैं।

# भूकंप से थर्राया गौंटा, 60 लोगों का किया रेस्क्यू

## आपदा प्रबंधन की तैयारियां जांचने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन ने किया मॉक अभ्यास

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**प्रदेश** के सभी जिलों में निर्धारित आपदा संबंधित मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सरकाघाट के गौंटा में भूकंप पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। भूकंप के कारण गौंटा में तीस परिवार प्रभावित हुए जिनमें से 60 घायलों को सुरक्षित निकाल लिया गया। आंशिक रूप से घायलों को मौके पर मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सीय जांच को सिविल अस्पताल सरकाघाट भेजा गया।


गौंटा में भूकंप के प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री देते हुए।

इस मॉक अभ्यास में पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन, जल शक्ति, लोक निर्माण, आयुष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, एचआरटीसी तथा सूचना एवं जन संपर्क विभागों के अधिकारियों व कर्मियों ने भाग लिया। सरकाघाट के गौंटा में आयोजित इस मैगा मॉक ड्रिल को एसडीएम सरकाघाट स्वाति की निगरानी में आयोजित किया गया।

इस मॉक ड्रिल के दौरान तहसीलदार मुनीश कुमार, नायब तहसीलदार भदरोता जगदीश चड्डा, उपमंडलीय कानूनगो सुरेन्द्र कुमार, कार्यालय कानूनगो भदरोता राजिन्द्र पूरी, फिल्ड कानूनो रखोटा होशियार सिंह, फिल्ड कानूनगो गाहर राजीव कुमार, सीडीपीओ अनीता शर्मा, थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर, एचडीओ उद्यान विभाग डॉ विपिन कुमार, तहसील वैलफेयर अधिकारी जगदीश कुमार शर्मा, आर एम एचआरटीसी मेहर चन्द व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सुंदरनगर में विभिन्न विभागों ने आपदा बचाव की तैयारी को परखा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सुंदरनगर ने बीएसएनएल कॉलोनी और नगर परिषद कार्यालय सुंदरनगर में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा। इसमें उपमंडल के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने पूरे प्रकरण में मेगा मॉक अभ्यास का संचालन किया तथा इंसीडेंट रिस्पांस टीम के सहयोग से मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। एसडीएम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी मेगा मॉक ड्रिल करवाया गया।

# करसोग महाविद्यालय में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**लक्की, अनंत ज्ञान**

**प्रशासन ने समय रहते राहत और बचाव कार्य शुरू कर लोगों को बचाया**

**करसोग।** प्राकृतिक आपदा की घटना से निपटने व आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत करसोग कॉलेज में आगजनी की घटना पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में आयोजित इस मॉक ड्रिल में भूकंप आने के कारण करसोग डिग्री कॉलेज में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मची। इस मौके पर दमकल विभाग, पुलिस, होमगार्ड के जवानों की मदद से घटना स्थल पर फंसे 11 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

घटना स्थल पर कुल 11 लोग प्रभावित हुए है। आग की इस घटना में 3 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई और 3 लोगों को गंभीर चोटें आई है। जबकि 5 अन्य लोगों को मामूली चोटे आई हैं। सभी घायलों को नागरिक चिकित्सालय करसोग में उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार आयोजित इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य, इस प्रकार की आपातकालीन स्थितियों में प्रभावित लोगों के जीवन को बचाने, लोगों के जीवन को सामान्य बनाने, आपदा के समय राहत व बचाव के संबंध में उठाएं जाने वाले विभिन्न प्रभावी कदमों की तैयारियों को जांचना है। उन्होंने कहा कि यह एक मॉक ड्रिल थी ।

# भू-स्खलन से नारला सड़क बंद

## सूचना मिलने पर प्रशासन तुरंत राहत कार्यों में जुटा

**कविता, अनंत ज्ञान**



नारला में भू-स्खलन के दौरान फंसे लोगों का रेस्क्यू करते हुए।

**पधर।** प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उपमंडल पधर के नारला में भू-स्खलन पर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। नारला सड़क भू-स्खलन के कारण ब्लॉकेज हो गई थी। प्रशासन के द्वारा पीडब्ल्यूडी की जेसीबी को रोड खोलने के लिए तुरंत भेजा गया और रोड को तुरंत खोल दिया गया। इंसिडेंट कमांडर एवं तहसीलदार पधर डॉ भावना वर्मा की अगवाई में रेस्क्यू टीम, पुलिस, अग्निशामक की टीमें नारला में पहुंची और तुरंत घटनास्थल में बचाव राहत कार्यों में जुट गए। जिसमें लोगों को रेस्क्यू टीम के द्वारा रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास की जगह जायजा लिया गया और अन्य कोई जान माल की हानि न होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन को समाप्त किया गया। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि मेगा मॉक ड्रिल के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत पधर स्कूल के मैदान में कमांडेड पोस्ट, स्टेजिंग एरिया और सामुदायिक भवन पधर में राहत शिविर स्थापित किया गया था।

### बस्सी पावर हाउस के क्षतिग्रस्त होने पर की मेगा मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में बस्सी पावर हाउस के क्षतिग्रस्त होने पर मैगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जोगिंद्रनगर में एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि इस मैगा मॉक ड्रिल को आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य जहां ऐसी आपदा से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन की तैयारियों को जांचना था, तो वहीं लोगों को इन आपदाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित टास्क के तहत जैसे ही स्थानीय प्रशासन को बस्सी में आपदा की सूचना प्राप्त हुई तो इंसीडेंट कमांडर एवं तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा की अगुवाई में राहत एवं बचाव कार्य के लिए टीम को मौके पर भेजा गया। इसके उपरांत प्रशासन ने सबको रेस्क्यू करने का पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की तरफ से पर्यवेक्षक इस्पेक्टर दीपक सिंह बिष्ट विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस मॉक ड्रिल के दौरान तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा के अतिरिक्त नायब तहसीलदार जोगिंदर नगर विनय राशपा, सीडीपीओ बीआर वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोन खड्ड में अचानक आई बाढ़

## धर्मपुर में फ्लैश फ्लड पर मेगा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**


धर्मपुर में बाढ़ में फंसे लोगों का रेस्क्यू करते हुए टीम के सदस्य।

**प्राकृतिक** आपदाओं से निपटने की तैयारियों का आकलन करने एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से आज धर्मपुर उपमंडल में फ्लैश फ्लड (अचानक आई बाढ़) पर आधारित एक मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल की परिकल्पना के अनुसार, सोन खड्ड में अचानक आई बाढ़ के कारण लगभग 20 स्थानीय लोग फंस गए थे। पुलिस, होमगार्ड एवं फायर ब्रिगेड की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाढ़ में फंसे 20 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

इस दौरान आपदा मित्रों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी बचाव कार्यों में सराहनीय योगदान दिया और सफलतापूर्वक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का सफल संचालन उपमंडलाधिकारी धर्मपुर जोगिंदर पटियाल के नेतृत्व में किया गया। स्टेजिंग एरिया राजकीय डिग्री कॉलेज धर्मपुर के मैदान में स्थापित किया गया था, जहां से इंसिडेंट कमांडर एवं तहसीलदार रमेश कुमार द्वारा राहत और बचाव कार्यों का निर्देशन किया गया।

**विश्व पर्यावरण दिवस**

## अभिलाषी विवि के कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर में रोपा अनार का पौधा

# एकजुट होकर प्रकृति की रक्षा का दिया संदेश

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**


कुलपति प्रोफेसर हरिंदर कुमार चौधरी विश्वविद्यालय परिसर में अनार का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए।

**मंडी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर हरिंदर कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय परिसर में अनार का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

यह पौधरोपण न केवल प्रतीकात्मक था, बल्कि इसमें भावनाओं और जिम्मेदारी से भरा एक संदेश छिपा था, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए। इस अवसर पर कुलपति ने अनार के फल की तुलना करते हुए कहा कि जिस प्रकार अनार के दाने एक साथ जुड़े रहते हैं, उसी प्रकार हमें भी एकजुट होकर प्रकृति की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। समाज, शिक्षक, छात्र—हम सभी को मिलकर एक स्वस्थ पर्यावरण की दिशा में काम करना होगा। अपने संबोधन में उन्होंने भावुक होते हुए युवा पीढ़ी से क्षमा याचना की और कहा कि हमें अपने पूर्वजों से एक स्वच्छ और समृद्ध पर्यावरण विरासत में मिला था, परंतु दुर्भाग्यवश हम वैसा ही पर्यावरण आपको नहीं लौटा पाए। हमने प्रकृति को वह आदर और संरक्षण नहीं दिया, जिसकी वह हकदार थी। उन्होंने आगे कहा कि अब आपकी बारी है। आज आप जैसे प्रकृति के साथ व्यवहार करेंगे, वैसा ही भविष्य आप अपनी आने वाली पीढ़ियों को सौंपेंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी और स्थानीय पर्यावरण प्रेमी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अनार के साथ-साथ परिसर में कई अन्य औषधीय एवं फलदार पौधे भी लगाए गए, जिससे विश्वविद्यालय के पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति संकल्प को मजबूती मिली। कार्यक्रम का समापन उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और सतत जीवनशैली अपनाने की शपथ के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस को-ऑर्डिनेटर हेमंत एवं छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. देवेंद्र द्वारा किया गया।

इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आर. के. अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एल.के. अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एच.के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार ने बधाई दी।

### सकलानी ने मृतक छात्र के परिजनों से मिल जताया शोक

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल के करसाल गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है। बीते दिनों करसाल खड्ड में नहाने गए 16 वर्षीय छात्र शुभम की डूबने से मौत हो गई।

शुक्रवार को प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता केके सकलानी मृतक छात्र शुभम के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। केके सकलानी ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया और कहा कि इस दुःख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए खड्डों व अन्य जलस्त्रोतों के पास सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ऊना जिले को देंगे 221 करोड़ की सौगातें



**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 7 और 8 जून को ऊना जिले के दो दिवसीय प्रवास पर होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ऊना जिला में लगभग 221 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### मौनी धाम में दिव्यता का अद्भुत संगम

**अनंत ज्ञान, घनारी।** घनारी के प्रसिद्ध मौनी धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कथा व्यास देवकीनंदन दास जी हैं, जिन्होंने अपने मधुर वाणी और आध्यात्मिक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास देवकीनंदन दास ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन में सुख और शांति का संचार होता है। कार्यक्रम में भाजपा गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन लंबरदार, महामंत्री अतुल शर्मा, विकास डडवाल, राजीव शर्मा काकू, राजेश डोगरा, संजय पुर्जा समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु शामिल हुए।

### बाबा बालकनाथ मंदिर टकराला में लगी छबील



**अनंत ज्ञान, बडूही (ऊना)।** उपमंडल अंब के अंतर्गत पंचायत टकराला में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को ठंडे जल के साथ हलवा चने और फलों का प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में विशेष रूप से संजीव ठाकुर, बलबीर ठाकुर, सुशील ठाकुर और मनु राजपूत ने सेवाएं देते हुए आयोजन को सफल बनाया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जिन्होंने बाबा बालक नाथ के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि यह छबील हर वर्ष सेवा और समाज सेवा की भावना से लगाई जाती है ताकि गर्मी में आने-जाने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को ठंडा जल और पौष्टिक प्रसाद मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस सेवा भाव की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया।

### तलमेहड़ा व डीहर में लगाई ठंडे पानी की छबील



**अनंत ज्ञान, बडूही/जोल।** उपतहसील जोल के तलमेहड़ा बाजार एवं डीहर पंचायत में निर्जला एकादशी के दिन युवा वर्ग द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाकर पुण्य अर्जित किया। डीहर के युवाओं ने लगभग 1000 लीटर ठंडा पानी लोगों को पिलाया वह मीठे पानी की छबीलें लगाई गई। इस मौके पर रविंद्र कुमार शर्मा, राकेश शर्मा, मदन लाल शर्मा, सुशील कुमार, लख्वीन्द्र, सुभाष चंद, जीवन, मुकेश, सुनील सहित के युवा मौजूद रहे और अपने निस्वार्थ सेवाएं दीं। इस मौके पर युवा वर्ग के प्रधान विजय शर्मा सन्नी गांव डीहर ने बताया कि निर्जला एकादशी के मौके पर हर वर्ष पानी की छबील का आयोजन किया जाता है और दूसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है जिसमें डीहर गांव के सभी युवाओं का सहयोग रहता है।

### मंदिर न्यास चिंतपूर्णी ने भक्तों की बुझाई प्यास



**अनंत ज्ञान, ऊना।** मंदिर न्यास चिंतपूर्णी द्वारा छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए गोंद कतीरा की युक्त ठंडा पेयजल, खरबूजा, तरबूज, आम आदि प्रसाद के रूप में बांटा गया। निर्जला एकादशी का व्रत सनातन धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है और वर्ष भर की सभी 24 एकादशियों का फल निर्जला एकादशी के व्रत रखने से मिलता है। मंदिर न्यास द्वारा लगाई गई छबील में श्रद्धालुओं ने अपनी सेवाएं प्रदान की और प्रसाद वितरण में सहयोग किया। मंदिर में तैनात कर्मचारियों ने भी श्रद्धालुओं को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण किया। धार क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर छबील लगाकर लोगों को ठंडा पेयजल और फल बांटे गए। मंदिर न्यास की इस पहल की सराहना की जा रही है, जो श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा के लिए की गई है।

### जंगली जानवरों के लिए युवाओं ने लगाई छबील



**सनी शर्मा, अनंत ज्ञान, गगरेट।** गर्मी के मौसम में प्यास बुझाने के लिए मारे-मारे फिर रहे निरीह जंगली जानवरों के लिए विकास खंड गगरेट की अंबोटा पंचायत के युवकों द्वारा निर्जला एकादशी को छबील का आयोजन किया गया। अंबोटा के युवकों ने अंबोटा के जंगल में सूख चुके तालाब में टैंकरों से पानी डालकर जंगली जानवरों को जीवन देने का प्रयास किया। पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर के नेतृत्व में पहुंचकर युवकों का इस पुनीत कार्य के लिए हौसला बढ़ाया। ये लगातार दूसरे साल युवकों द्वारा ऐसा प्रयास किया गया है, ताकि जंगली जानवर भटक कर रिहायशी बस्तियों का रुख न करें। पिछले साल भी अंबोटा के जंगल जल जाने पर तालाब तक सूख गए, ऐसे में बिन पानी के जंगली जानवर इधर-उधर भटकने लगे तो अंबोटा गांव के राजीव ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर जंगल का तालाब पानी से भर दिया। जिस पर जंगली जानवर इस तालाब पर आकर अपनी प्यास बुझाने लगे। इस बार भी वैसी ही स्थिति पैदा हुई तो राजीव ठाकुर व उनके साथियों ने निर्जला एकादशी पर जंगली जानवरों के लिए छबील लगाने का निर्णय किया।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत दी बीमा राशि



**अनंत ज्ञान, बडूही।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की अंब शाखा द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत ग्राम अपर भंजाल की निवासी सरल देवी को दो लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि उनके पति, स्वर्गीय गुरुदेव सिंह के निधन के उपरांत दी गई है, जिनकी मृत्यु एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। गौरतलब है कि स्वर्गीय गुरुदेव सिंह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमित थे। इस योजना के तहत सालाना 20 रुपए की प्रीमियम राशि पर बीमा कवर दिया जाता है। दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में बीमाधारक के नामित व्यक्ति को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बैंक शाखा प्रबंधक नेकराम ने बताया गया कि सरल देवी को यह राशि उनके पति की योजना में पंजीकरण के आधार पर दी गई है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने सभी खाताधारकों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ उठाएं और अपने परिवार को सुरक्षित करें।

---

जिला स्तरीय तीन दिवसीय पिपलू मेले के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की शिरकत, बोले-

# समृद्ध संस्कृति का दर्पण है वीरभूमि हिमाचल प्रदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के ऐतिहासिक जिला स्तरीय पिपलू मेले के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर आयोजन की गरिमा को नई ऊंचाई दी। उन्होंने श्री नरसिंह देव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा तथा उनकी पत्नी मृदु शर्मा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू तथा पूर्व विधायक गणेश दत्त बरवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि पिपलू मेला न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है, बल्कि यह हिमाचल की सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सामूहिक चेतना का उत्सव भी है। उन्होंने सरकार द्वारा मेले को राज्यस्तरीय दर्जा



मुख्यातिथि कुलदीप पठानिया को सम्मानित करते विधायक विवेक शर्मा।

प्रदान करने के निर्णय की प्रशंसा करते हुए इसे लोक संस्कृति को संरक्षण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने हिमाचल को समृद्ध संस्कृति का दर्पण बताते हुए कहा कि हिमाचल केवल देवभूमि ही नहीं बल्कि वीरभूमि भी है।

यहां की जनता धार्मिक मूल्यों से जुड़ी है और जब भी देश को जरूरत पड़ी, प्रदेश के जवानों ने आगे बढ़कर बलिदान दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए कांगड़ा के जवान को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान का जिक्र किया। पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन उन पर प्रदेश का पूर्ण अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि वे हर फोरम पर इस बात को उठा रहे हैं कि हिमाचल में संसाधन तो अपने हैं पर उन पर अपना अधिकार नहीं है। इसमें केंद्र की ओर से समानुपातिक हिस्सा प्रदेश को मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस विषय पर में राष्ट्रीय स्तर के

#### सीएम आज कुटलैहड़ महोत्सव में करेंगे शिरकत

इस अवसर विधायक विवेक शर्मा ने मेले में पधारने पर पठानिया का आभार जताते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से मेले की गरिमा और उत्साह दोनों बढ़े हैं। उन्होंने मेले को भव्य स्वरूप देने में जनता से मिले व्यापक सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एक विशेष पहल के रूप में 7 जून को 'कुटलैहड़ महोत्सव' का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसकी सांस्कृतिक संध्या बंगाणा के भलेत में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यातिथि के रूप में पधारेंगे।

सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, इसमें लोकतंत्र की मजबूती, संसाधनों पर राज्यों के अधिकार, दल-बदल कानून को अधिक कड़ा बनाने और मूल्य आधारित राजनीति जैसे अहम विषयों पर व्यापक विमर्श किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेश की राजनीतिक परिपक्वता की सराहना करते हुए कहा कि यहां की जनता ने प्रदेश और केंद्र में संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए दोनों सरकारों को जनादेश दिया है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल को उसके संसाधनों पर वैधानिक अधिकार दिलाने के लिए वे हर मंच पर आवाज बुलंद करते रहेंगे। इस दौरान अपने संबोधन चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि पर्वों-त्योहारों से सजी देवभूमि हिमाचल ऐसी पुण्य धरा है जहां हर मेला, हर उत्सव सिर्फ परंपरा नहीं, जनभावना का जीवंत उत्सर्ग होता है। यहां लोक आस्था मिट्टी की तरह है, जिसमें संस्कृति की जड़ें गहराई तक फैली हुई हैं और हर आयोजन उन जड़ों को सींचने का कार्य करता है। यहां मेलों की समृद्ध पुरातन परंपराएं हैं। उन्होंने पिपलू मेले की शुभकामनाएं देते हुए कह कि यह लोक आस्था का पर्व है। उन्होंने बताया कि बीते साल उन्होंने अंब में श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की नई धारा आरंभ की है, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसे आगे और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय लोक कलाकारों ने पारंपरिक व आधुनिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कुमार साहिल समेत तमाम कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से मेले में चार चांद लगा दिए।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, कांग्रेस प्रदेश सचिव देशराज मौदगिल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, पंचायत प्रधान महेंद्र सिंह, कांग्रेस पदाधिकारी, विभिन्न पंचायत प्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## रक्तदान करने के बाद रक्तदानी को नहीं मिली कोई भी रिफ्रेशमेंट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रक्तदान महादान के रूप में जाना जाता है। इस दान के लिए सरकार युवाओं को प्रेरित करती है। स्वयंसेवी भी बढ़-चढ़कर रक्तदान करते भी हैं, लेकिन रेडक्रॉस सोसायटी के ब्लड बैंक कर्मियों की लापरवाही इन प्रयासों पर भारी पड़ सकती है। ऐसा ही मामला ऊना अस्पताल के ब्लड बैंक में सामने आया जब खून देने वाले को बिना रिफ्रेशमेंट के भेज दिया।



ऊना अस्पताल में रक्तदान करते हुए सुखविंदर।

आवश्यकता पड़ने पर रक्तदानी जरूरत पड़ने पर स्वयंसेवी के रूप में रक्तदान करते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला अस्पताल ऊना में दियोली के उपचाराधीन रोगी जितेन्द्र को ब्लड सागर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुखविंदर सागर ने रक्तदान किया, लेकिन हैरानी उस समय हुई, जब रक्तदान के बाद रक्तदानी को कोई भी रिफ्रेशमेंट नहीं दी गई, जबकि रक्तदान के लिए गाइडलाइंस के अनुसार रक्तदानी को रिफ्रेशमेंट दी जानी चाहिए, लेकिन जिला ऊना अस्पताल में स्वयंसेवी रक्तदानी को अस्पताल प्रशासन द्वारा रिफ्रेशमेंट न दिया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## अंदरोली बनेगा वाटर स्पोर्ट्स का नया हब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में स्थित गोबिंद सागर झील अब रोमांच और पर्यटन का नया केंद्र बनने जा रही है। साहसिक खेलों को प्रोत्साहित करने और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के संचालन के लिए मेफ्लिड एडवेंचर्स के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

**प्रशासन और मेफ्लिड एडवेंचर्स के बीच हुआ एमओयू**

वीरवार को कुटलैहड़ टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी (केटीडीएस) के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने मेफ्लिड एडवेंचर्स के निदेशक भानु पाहवा के साथ उपायुक्त कार्यालय में यह एमओयू साइन किया। इस दौरान एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल भी उपस्थित रहे। अनुबंध के तहत झील में बोटिंग, कयाकिंग, जेट स्की और अन्य रोमांचक जल क्रीड़ा गतिविधियां जल्द शुरू की जाएंगी।

**80 लाख की बोली से मिली जिम्मेदारी :** वाटर स्पोर्ट्स संचालन के लिए प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया अपनाई गई थी, जिसमें मेफ्लिड एडवेंचर्स ने 80 लाख 500 रुपए की सर्वोच्च बोली लगाकर संचालन अनुबंध प्राप्त किया।



कंपनी प्रतिनिधि के साथ एमओयू करते डीसी, साथ हैं एसडीएम सोनू, तहसीलदार अमित शर्मा।

#### पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**विधायक** विवेक शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की प्राथमिकता है कि प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिले और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर विकसित हों। उन्होंने कहा कि यह एमओयू कुटलैहड़ को पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

**पारदर्शी प्रक्रिया से हुआ चयन :** उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि पूर्व में निविदा प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई थी। इस समिति में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, क्रेडिट प्लानिंग ऑफिसर संजय सांख्यान, एसडीओ (ग्रामीण विकास) और सहायक पर्यटन विकास अधिकारी हमीरपुर शामिल रहे। विभिन्न एजेंसियों ने इस निविदा में भाग लिया, जिनमें से मेफ्लिड एडवेंचर्स ने सर्वोच्च बोली लगाकर यह अनुबंध प्राप्त किया था। आज उसका विधिवत एमओयू साइन किया गया है।

इससे अब आने वाले दिनों में गोबिंदसागर झील में रोमांचक गतिविधियों की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

---

## शुक्रवार को चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** शुक्रवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं का हजूम उमड़ पड़ा। हालांकि इस दौरान प्रवेश द्वार के पास लगे हुए पंखे नहीं चले, जिसके कारण लाइन में खड़े श्रद्धालुओं को गर्मी का सामना करना पड़ा।

प्रवेश द्वार के पास पंखों के न चलने से श्रद्धालुओं को गर्मी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने अपनी बारी का इंतजार करते हुए गर्मी में खड़े रहने के कारण परेशानी महसूस की। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्या व्यवस्था की गई है, इस बारे में जानकारी नहीं मिली है। श्रद्धालुओं को गर्मी से बचने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## मत्स्य पालकों को समस्याओं के खात्मे के दिए गुर

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** जिला ऊना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम तथा संयुक्त सचिव, मत्स्य पालन विभाग, भारत सरकार के सौजन्य से राज्य क्षेत्र कार्यालय के सहयोग से बंगाणा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से मत्स्य पालन सहकारी समितियों के विकास और भारत सरकार की विभिन्न मत्स्य पालन योजनाओं की जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों, स्थानीय मत्स्य पालकों, प्रशासनिक अधिकारियों, एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। संयुक्त सचिव महोदय ने इस दौरान कहा कि मत्स्य पालन क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बन सकता है, बशर्ते योजनाओं का लाभ सही दिशा में और समय पर पहुंचे। कार्यक्रम में द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सहकारी समितियों के लिए वित्तीय सहायता योजनाएं, बाजार





राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने मत्स्य पालन योजनाओं पर किया जागरूक।

संपर्क व भंडारण सुविधाएं आदि की जानकारी दी गई, साथ ही, सहकारी मॉडल के माध्यम से मत्स्य पालन के सतत विकास और रोजगार सृजन पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सहकारी समितियों को योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों व तकनीकी सहायता के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मत्स्य पालकों ने भी अपनी समस्याएं साझा की, जिनका समाधान अधिकारियों द्वारा मौके पर ही सुझाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल जानकारी देना था, बल्कि जमीनी स्तर पर सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाना और मत्स्य पालन को आर्थिक समृद्धि का माध्यम बनाना भी था। इस सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों और प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम का आभार व्यक्त किया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशक एनसीडीसी शिमला, रघुनंदन शर्मा सहायक निदेशक, सोमनाथ पटेल, पवन कुमार, डॉ. तरुण कुमार सहायक आयुक्त मत्स्य भारत सरकार, कैलाश कौशिक निदेशक मत्स्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम नई दिल्ली, डॉक्टर आरके प्रथी आईएएस, राहुल यादव कनिष्ठ सहायक सीडीसी शिमला उपस्थित रहे।

## गरीबों से दस रुपए की ओपीडी पर्ची लेना दुर्भाग्यपूर्ण : सतीश

**अनंत ज्ञान, घनारी ( ऊना )**

भाजपा गगरेट मंडल के पूर्व अध्यक्ष सतीश शर्मा ने प्रदेश सरकार को गरीब विरोधी, किसान विरोधी और प्रदेश विरोधी करार देते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब अस्पतालों में इलाज के लिए 10 रुपए की ओपीडी पर्ची काटी जा रही है। यह कदम सीधे तौर पर गरीबों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है।

सतीश शर्मा ने कहा कि सत्ता में आते ही प्रदेश सरकार ने जनता पर बोझ डालना शुरू कर दिया था। पेट्रोल और डीजल के दामों में छह रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी गई। न्यूनतम बस किराया पांच रुपए से बढ़ाकर दस रुपए कर दिया गया और सामान्य किराया भी पंद्रह प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। बिजली की दरों में भी बढ़ोतरी कर दी गई, जबकि चुनाव से पहले यही सरकार गरीबों को तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं को हर माह 1500 रुपए देने के वादे करके सत्ता में आई थी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा गरीबों के हित में शुरू की गई हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजनाओं को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। इससे हजारों जरूरतमंद लोगों को इलाज से वंचित होना पड़ा है।

सतीश शर्मा ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि निर्णय वही लोग ले रहे हैं जिन्हें गरीबी का कोई अनुभव नहीं है। प्रदेश सरकार के अधिकांश विधायक और मंत्री करोड़पति हैं, जिन्हें विधायक की शपथ लेते ही पेंशन मिलने लगती है। इन नेताओं को सरकारी खर्चे पर देश के बड़े अस्पतालों में ही नहीं, बल्कि विदेश जाकर इलाज की सुविधा तक मिलती है। ऐसे लोगों को आम जनता की पीड़ा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की कोई समझ नहीं है। उनके साथ पूर्व मंडलाध्यक्ष राजीव राजू, पूर्व सैनिक नरेंद्र शर्मा तथा जनक राणा भी मौजूद थे।

---

**तैयारी** आपात स्थितियों से निपटने के लिए मेगा मॉक ड्रिल का ऊना जिले के कई स्थानों में आयोजन

# आपदा प्रबंधन से जुड़े तकनीकी पहलुओं के साथ प्रशासनिक इंतजामों को परखा

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में वीरवार को ऊना जिले के कुल पांच संस्थानों पर राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ऊना उपमंडल के पेखुबेला स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) टर्मिनल में पेट्रोलियम थोक भंडारण इकाई व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊना (छात्र भवन), अंब उपमंडल में पिंडी दास आश्रम एवं नेत्र चिकित्सालय, गगरेट में एक पुरी पेट्रोल पंप तथा हरोली उपमंडल में टाहलीवाल स्थित नेस्ले इंडिया लिमिटेड औद्योगिक इकाई में विभिन्न आपातकालीन परिदृश्यों की स्थितियां बनाकर राहत और बचाव कार्यों के त्वरित प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई पर पूर्वाभ्यास किया गया।

इस दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ प्रशासनिक इंतजामों को भी परखा गया। जबकि जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी केन्द्र में इस पूर्वाभ्यास रेस्क्यू ऑपरेशन की



एसडीएम ऊना पेखुबेला आईओसीएल में आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए।

निगरानी सहायक आयुक्त वरिन्द्र शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि इस मॉक ड्रिल में चिन्हित स्थलों पर भूकंप और आगजनी जैसे परिदृश्य पैदा किए गए और ऐसी परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों के सुनियोजित ढंग से प्रबंधन की त्वरित प्रतिक्रियात्मक क्षमताओं, मौजूद मशीनरी और जिला प्रशासनिक इंतजामों का मूल्यांकन किया गया।

ऊना जिले में अलर्ट जारी होते ही जिला मुख्यालय से चिन्हित स्थलों पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां सायरन के साथ रवाना की गईं और आपदा प्रबंधन की योजनाबद्ध तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की गई। इस दौरान आम लोगों को आपात स्थिति में आवश्यक सावधानियां बरतने, प्राथमिक कदमों के पालन और आत्म सुरक्षा के लिए सामने मौजूद संसाधनों का टूल की तरह इस्तेमाल करने बारे भी जागरूक किया गया। जिला प्रशासन ने पूरी मॉक ड्रिल को वास्तविक घटना की तरह लेकर ही अपनी प्रतिक्रिया की और असल घटना की तरह ही आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी को अंजाम दिया गया।

**मॉक ड्रिल में कहां क्या परिदृश्य रहा :** मॉक ड्रिल में प्रातः करीब 10 बजे जिले के पेखुबेला स्थित इंडियन ऑयल डिपो, गगरेट में पेट्रोल पंप व टाहलीवाल स्थित नेस्ले इंडिया उद्योग में आगजनी के कारण विकट परिस्थिति उत्पन्न होने, आईटीआई ऊना में भूकंप से भवन गिरने, अंब में भारी बारिश के कारण भूस्खलन से अस्पताल भवन का हिस्सा ढहने का परिदृश्य बनाया गया, जिसकी सूचना प्राप्त होते ही ऊना जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के व्हाट्सएप ग्रुप में संदेश प्रसारित होते ही तमाम अधिकारी कर्मचारी अपने अपने दायित्व के मुताबिक कार्यों में जुट गए। इसी बीच उपायुक्त कार्यालय में बनी कमांड पोस्ट समेत आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी शाखाएं चालू हो गईं। इसी दौरान कमांड पोस्ट में 5 जगहों के आपदा प्रभावित होने की सूचना प्राप्त हुई।

इसके साथ ही उपमंडल स्तर पर गठित त्वरित प्रतिक्रिया टीमें सक्रिय हो गई तथा संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू

#### तकनीक व व्यवहारिक समस्याएं पहचानीं

**वरिंद्र** शर्मा ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय में जिला प्रशासन की आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना और मानक संचालन प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करना था। इसमें प्रतिक्रिया में लगने वाले समय, समन्वय में गैप समेत अन्य कमियों को जांचा गया, साथ ही फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को भी पहचान की गई, जिससे आगे सुधारात्मक कदम उठा कर आपदा प्रबंधन योजना को और कारगर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम में सम्भावित भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन और नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से आपदा की स्थिति बनती है। वहीं औद्योगिक इकाइयों में जलभराव, गैस रिसाव या आग लगने जैसी दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है, ऐसे में जन सुरक्षा तय करने और आपदा से होने वाले संभावित नुकसान को कम करने के लिए अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अपने दायित्वों की जानकारी, विभागों की आवश्यक पूर्व तैयारी और मुस्तैदी बहुत आवश्यक है। इसमें यह मॉक ड्रिल बहुत सहायक रही।

#### मॉक ड्रिल के उपरांत दी फीडबैक

**मॉक ड्रिल** पूर्ण होने के उपरांत राज्य मुख्यालय शिमला से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस अभ्यास से प्राप्त सीख और अनुभव पर सभी जिलों से फीडबैक ली। इस दौरान सहायक आयुक्त वरिन्द्र शर्मा ने जिले में मॉक ड्रिल के सकारात्मक व विचारणीय बिंदुओं की जानकारी दी।

किए गए। ये टीमें घटना स्थलों पर पर पहुंच कर राहत बचाव कार्यों में जुट गई हैं। इसमें एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों का भी सहयोग लिया गया।

ऊना के इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, टर्मिनल के पेखुबेला में तेल रिसाव से आग लगने की दुर्घटना तथा उसमें फंसे 90 कामगारों को रेस्क्यू किया गया। आईटीआई ऊना में 60, नेस्ले इंडिया टाहलीवाल से 100, अम्ब अस्पताल से 35 तथा गगरेट पेट्रोल पम्प में लगी आग से 20 लोगों को बाहर निकालने की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया और आपदा प्रबंधन के हर पहलू पर गौर किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में स्टेजिंग एरिया, प्लानिंग और लॉजिस्टिक पोस्ट, रेस्क्यू ऑपरेशन, रास्ते बहाल करने को मशीनरी का प्रयोग, घायलों को मौके पर मेडिकल सहायता के लिए देने, एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल ले जाने, प्रभावितों को राहत शिविरों में पहुंचाने, राशन वितरण व्यवस्था देखने समेत स्थिति को सामान्य बनाने से जुड़े आपदा प्रबंधन के हर पहलू पर गौर करने के साथ समय उपायों को परखा गया।

# मॉक ड्रिल से आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में शुक्रवार को एक व्यापक भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों की परख करना था।

माक ड्रिल का परिदृश्य कांगड़ा जिले में सुबह करीब 9 बजे रिक्टर स्केल पर 8.0 तीव्रता के भूकंप आए पर आधारित था और इसकी चपेट में कुल्लू भी आया। जिला कुल्लू के सात स्थानों इसमें सीएचसी तेगुबेहड़ के भवन को नुकसान, तिब्बतियन बाजार और भूतनाथ पुल को नुकसान होने, मनाली के अलेउ और आसपास के क्षेत्र में ग्लोफ (हिमनदीय झील फटने) की स्थिति, निरमंड में तहसील कार्यालय को नुकसान, आनी के नालडेरा में रिहायशी भवनों एवं बाजार को नुकसान, बंजार के सिउंड डेम एनएचपीसी-3, सैंज घाटी और बंजार कॉलेज के भवन क्षतिग्रस्त होने पर जैसे परिदृश्य पर पूर्वाभ्यास का आयोजन किया। डीसी तोरुल एस रवीश ने बताया कि प्रात: 9 बजे के करीब कांगड़ा से भूकंप की सूचना तुरंत बाद सरकारी विभाग हरकत में आए और निर्धारित स्थानों पर मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।


मॉक ड्रिल के दौरान डीसी कुल्लू अधिकारियों को निर्देश देती हुई।

उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में भी सात स्थानों पर अलग-अलग हर तरह के परिदृश्य को ध्यान में रखकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, ताकि प्रशासन किसी भी आपदा से निपटने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देखने में आया है कि आपदा की दृष्टि से जिला कुल्लू संवेदनशील रहता है। इस तरह के पूर्व नियोजित अभ्यास के आयोजनों से सभी विभागों में आपसी तालमेल और समन्वय स्थापित होता है। आपदा अभ्यासों के आयोजनों से सभी को अपनी जिम्मेदारी का पता लगता है।

इस तरह की मॉक ड्रिल से सभी विभागों के बीच समन्वय, जिम्मेदारी और प्रतिक्रिया क्षमता की समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि कमियों की पहचान कर, उन्हें दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। डीसी ने कहा कि सभी विभागों, आईटीबीपी, एसएसबी, होमगार्ड, पुलिस के जवानों, आपदा मित्रों और स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्वाभ्यास का आयोजन किया। रेस्क्यू कार्यों में आईटीबीपी, एसएसबी, पुलिस, होमगार्ड, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, स्थानीय स्वयंसेवक और आपदा मित्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 9 स्थानों पर मॉक ड्रिल का किया सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** प्रदेश में 9वें राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल के तहत जिला लाहौल-स्पीति में जिला स्तर पर केलांग सहित उदयपुर और काजा उपमंडल में आपदा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। शुक्रवार को प्रातः जैसे ही आपदा की सूचना से संबंधित साइरन की आवाज सुनाई दी सभी इंसीडेंट रिस्पांस टीम जिला आपातकालीन केंद्र में एकत्रित हुई, जहां डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने सभी टीम को आपदा प्रक्रिया संबंधी निर्देश दिए। बाद में केलांग पुलिस मैदान के पास पूर्व निर्धारित परिदृश्य अनुसार भूकंप के कारण एक भवन गिर जाने और आग लगने का परिकल्पित दृश्य दर्शाया गया।

इसकी सूचना स्टेजिंग एरिया में प्राप्त हुई, जिसके तुरंत बाद एनडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस, होम गार्ड व एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्यों में जुट गए। घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त भवन में से घायलों को तुरंत बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के माध्यम से स्टेजिंग एरिया में लाया गया और उन्हें स्वस्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपचार किया गया। जिले में 9 स्थानों पर मॉक ड्रिल के दौरान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा पूर्व निर्धारित परिदृश्य के अनुसार तत्काल प्रतिक्रिया दलों को सूचित किया गया। घायलों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाया गया तथा आगजनी की घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण किया गया। संचार, परिवहन, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग सहित स्वयंसेवियों व आपदा मित्रों ने समन्वित कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। डीसी ने बताया कि उदयपुर उपमंडल में तीन स्थानों पर पूर्व निर्धारित परिदृश्य अनुसार आपदाएं दर्शाई गई इसमें उदयपुर और त्रिलोकीनाथ में रिहाइशी भवन के गिरने और कुकमसेरी कॉलेज में भी भूकंप से कॉलेज का भवन ढहने की सूचना प्राप्त हुई, जहां आपदा प्रबंधन की विभिन्न टीमों ने घायलों को बाहर निकाला और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद तत्काल उपचार दिया गया। इस मौके पर डीसी ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिलाभर में 9 स्थानों पर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आपातकालीन स्थिति में राहत व बचाव कार्य बारे अभ्यास किया।

# ग्लेशियर टूटने से नाले में आई बाढ़


मेगा मॉकड्रिल के दौरान पुलिस व होमगार्ड के जवान अभ्यास करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में उपमंडल स्तर पर मेगा माक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें भूकंप आने के कारण ग्लेशियर टूटने से नाले में आई बाढ़ आने के परिदृश्य को दिखाया गया था।

इस परिदृश्य में नाले में बाढ़ आने के कारण नाले के किनारे पर बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करना दिखाया गया। एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने बताया कि आज मनाली में उपमंडल स्तर पर नौवी मेगा माक ड्रिल का आयोजन किया गया था, जिसमें दर्शाया गया कि भूकंप आने के कारण ग्लेशियर टूटने से पानी की मात्रा काफी ज्यादा बढ़ गई थी, जिस कारण निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई।

इस माकड्रिल में ये परिदृश्य बनाया गया कि बाढ़ के बाद लोगों को किस तरह सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और राहत एवं बचाव कार्य को जल्द पूरा किया जाए। इस माक ड्रिल में बाढ़ आने के कारण करीब 13 लोग बाढ़ में फंस गए थे, जिन्हें रेस्क्यू टीम के द्वारा सुरक्षित निकाला गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके साथ ही आसपास के गांवों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवाया गया।

## काजा में 3 स्थानों पर होगी मेगा मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त एवं अध्यक्ष आपदा प्रबंधन प्राधिकरण काजा शिखा ने बताया कि शुक्रवार को 9वें राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल के अवसर पर जिला लाहौल-स्पीति के काजा उपमंडल में चिन्हित 3 स्थलों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। शिखा ने बताया कि उपमंडल काजा में 3 स्थानों पर सफलतापूर्वक मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काजा में मॉक ड्रिल करवाया गया, जहां भूकंप के कारण भूस्खलन होने से 8 लोग गंभीर रूप से घायल और 12 अन्य को चोटें लगने की सूचना मिलते ही भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस व पुलिस द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर एंबुलेंस के माध्यम से तुरंत अस्थायी राहत शिविर काजा में लाने के उपरांत उपचार किया गया। रंगरिक में भूकंप और भूस्खलन से भवन के गिर जाने पर मॉकड्रिल करवाया गया। इसमें 7 लोगों को मामूली चोटें लगने पर उन्हें अस्थायी राहत शिविर काजा लाकर उपचार किया गया। कीह में भूकंप के कारण भवन को नुकसान होने पर मॉक ड्रिल करवाया गय। इसमें 4 गंभीर रूप से घायल व 6 अन्य लोगों को मामूली चोटें लगने पर उन्हें उपचार के लिए अस्थायी राहत शिविर कीह में उपचार के लिए लाया गया।

# भगवान रघुनाथ के मंदिर में मनाया जलविहार पर्व

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू के अधिष्ठाता देवता भगवान रघुनाथ जी के सुल्तानपुर (रघुनाथपुर) स्थित देवालय में शुक्रवार को जल विहार पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रघुनाथ जी पूजा-अर्चना के अलावा दिनभर भजन-कीर्तन का दौर भी जारी रहा।

देवालय में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान मंदिर के समीप जलाशय में भगवान रघुनाथ जी की जल क्रीड़ा की झलक पाकर श्रद्धालुओं ने पुण्य कमाया। जल क्रीडा के दौरान पुरोहितों ने जलाशय का पवित्र जल श्रद्धालुओं पर भी छिड़का। इस मौके पर भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। भगवान रघुनाथ जी के अलावा हनुमान शालीग्राम और नरसिंह भगवान सहित सभी मूर्तियों का स्नान के बाद श्रृंगार किया गया।


भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में जल विहार पर्व के मौके पर परंपराओं का निर्वहन करते हुए।

मणिकर्ण घाटी के देवता कालीनाग भी विशेष रूप से मौजूद रहे। काली नाग कई सालों के बाद वशिष्ठ शाही स्नान के लिए निकले हैं। भगवान रघुनाथ लाव-लश्कर के साथ अपने देवालय से बाहर निकले। पवित्र कुंड इसमें पानी भरा गया था, उसमें भगवान की पूजा-अर्चना की। इस नजारे को देखने के लिए काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जल विहार उत्सव भगवान रघुनाथ मंदिर में देवविधि से मनाया जाता है। भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने कहा कि काफी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने जल विहार उत्सव में शिरकत कर आशीर्वाद लिया है। वर्षभर मनाए जाने वाले रघुनाथ जी के 40 पर्व में से जल विहार भी एक पर्व है, इन 40 पर्व में से पांच पर्व ऐसे हैं, जिनमें रघुनाथ जी अपने मंदिर से बाहर आते हैं, जिनमें दशहरा, वसंत, जल विहार, होली व गोर्वधन पूजा शामिल है।

# मरीज लेकर जा रही एंबुलेंस का रास्ता रोकने पर 66 हजार रुपए का जुर्माना

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**काजा।** लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी में पर्यटकों को हंगामा करना महंगा पड़ा। पुलिस ने मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस रोकने पर 66 हजार रुपए का जुर्माना किया।

फॉर्च्यूनर और टेंपो-ट्रैवलर के ड्राइवरों में पास देने को लेकर बहस हो गई। हुर्लिंग में दोनों वाहनों में सवार लोग काफी देर तक बीच सड़क पर झगड़ते रहे। उन्होंने मरीज लेकर आ रही एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फॉर्च्यूनर में दिल्ली के टूरिस्ट सवार थे। जबकि, टेंपो-ट्रेवलर में चंडीगढ़ के टूरिस्ट थे। पुलिस ने जांच की तो फॉर्च्यूनर का ड्राइवर नशे में मिला। उसने गाड़ी में हूटर और ब्लैक फिल्म भी लगाई हुई थी, जब टेंपो ट्रैवलर की जांच की तो उसका इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट खत्म था। पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी का 45 हजार रुपए का चालान किया, जबकि ट्रैवलर का 21 हजार का चालान कर इंपाउंड कर लिया है। इसके अलावा, रजिस्ट्रेशन लाइसेंस ऑथोरिटी से शराब पीकर गाड़ी चलाने को लेकर लाइसेंस भी रद्द करने की सिफारिश की है। लाहौल-स्पीति पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने बताया कि पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी में ब्लैक शीशे लगाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने, एंबुलेंस का रास्ता रोकने और हूटर लगाने को लेकर मोटर व्हीकल एक्ट की अलग-अलग धाराओं में चालान किया है, जबकि ट्रैवलर का भी 21 हजार का चालान किया व इंपाउंड कर लिया। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि शांत वादियों में शांतिपूर्वक घूमने का आनंद लें। हुड़दंग मचाकर शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार समय पर निपटाए पेंशनर्स की मांगें

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सिविल पेंशनर एवं सोशल वेल्फेयर एसोसिएशन खंड नग्गर की मासिक बैठक गायत्री मंदिर कटराईं के प्रांगण में खंड अध्यक्ष वीर सिंह बौद्ध की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में नग्गर खंड की कार्यकारिणी के निम्न पदाधिकारियों में खंड महासचिव मेहरचंद ठाकुर एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सह सचिव बाला राम, संगठन सचिव कुमारी शांता, कोषाध्यक्ष जोगिंद्र राणा, मुख्य सलाहकार ओम प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ पेंशनर्स में सीएल डोगरा, बुध राम ठाकुर, राजेंद्र बाली व तुले राम, तोत राम दौलत, राम कायस्थ व छापे राम ठाकुर के साथ जिला अध्यक्ष सेस राम ठाकुर एवं उपाध्यक्ष मेंहदी रता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल डोगरा के साथ भादर चंद ने व मासिक बैठक में उपस्थित हुए सभी ने एक ही बात कही कि सरकार को पेंशनर्स की मांगें समय पर निपटानी चाहिए अन्यथा पेंशनर्स की नाराजगी आने वाले समय पर सरकार पर भारी पड़ सकती है। जिला अध्यक्ष सेस राम ठाकुर ने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार को पेंशनर्स का लंबित बकाया का जल्द भुगतान किया जाए, ताकि पेंशनर्स को जल्द राहत मिल सके। अंत में खंड अध्यक्ष वीर सिंह बौद्ध ने मासिक बैठक में उपस्थित पेंशनर्स का स्वागत किया और धन्यवाद किया। बैठक गायत्री मंत्र से शुरू हुई और शांति पाठ से समाप्त हुई और सभी पेंशनर्स से आग्रह किया कि वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और स्वस्थ रहें।


बैठक के दौरान चर्चा करते हुए पेंशनर्स।

# पुलिस ने 847 ग्राम चरस के साथ आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए अभियान के तहत पुलिस ने एक आरोपी को 847 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस की टीम जब कराड़सू क्षेत्र के समीप राऊगी नाला में गश्त पर थी, तो उस समय एक व्यक्ति को शक के आधार पर तलाशी के लिए रोका। तलाशी के दौरान व्यक्ति से 847 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान जय प्रकाश (40) पुत्र रिड़कू राम निवासी गांव खल्टु, डाकघर कराड़सू, तहसील एवं जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना कुल्लू में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट-20 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रही है।

# स्पीति में किसानों ने सीखी जैविक खेती की तकनीक

**अनंत ज्ञान, काजा।** डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन के कीट विज्ञान विभाग ने कृषि विज्ञान केंद्र ताबों, लाहौल-स्पीति के सहयोग से स्पीति घाटी के लालुंग, धनखड़, कुंगरी और टिंगटी गांवों में कीटों के जैव नियंत्रण पर कृषक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया। शिविरों में 60 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इसका आयोजन कीटों के जैव नियंत्रण पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की जनजातीय उपयोजना के तहत आयोजित किया गया था।

कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र वर्मा कार्यक्रमों के दौरान मुख्य वक्ता थे और उन्होंने सेब और अन्य शीतोष्ण फसलों के कीटों के प्रबंधन के लिए जैव नियंत्रण रणनीति अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के शुष्क समशीतोष्ण क्षेत्र के कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में कीटनाशकों और अन्य रसायनों के गैर-विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति आगाह किया तथा किसानों को सेब के विभिन्न कीटों, उनके हानिकारक लक्षणों और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। उन्होंने वूली एप्पल एफिड और एप्पल रूट बोरर के खिलाफ एफेलिनस मेली, कोक्सीनेलिड सिरफिड्स और माइक्रोबियल एजेंटों के उपयोग से जुड़े जैव नियंत्रण प्रथाओं के उपयोग के बारे में बताया। इसके अलावा, कृषि विज्ञान केंद्र ताबो की फल वैज्ञानिक डॉ. अंकिता धीमान ने सेब के बागों के उच्च घनत्व वाले रोपण में क्लोनल रूट स्टॉक और सीडलिंग रूट स्टॉक के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने सेब की फसल में प्रशिक्षण, छंटाई और पोषक तत्व प्रबंधन के लिए विभिन्न उपाय सुझाए।

# पेसा एक्ट के बारे में किया जागरूक

## काजा में पेसा एक्ट के तहत कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जिला लाहौल-स्पीति के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय काजा के सम्मेलन कक्ष में शुक्रवार को एकदिवसीय पेसा एक्ट (पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरियाज) कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक एवं संयुक्त सचिव पंचायतीराज नीरज चांदला ने की।



नीरज चांदला ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पंचायत समिति सदस्यों, प्रधानों, उपप्रधानों, ग्रामसभा कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों और पंचायत सचिवों को पेसा एक्ट के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यशाला को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पंचायतों को संवेदनशील बनाना और पेसा अधिनियम से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस पहल मुख्य उद्देश्य लाहौल-स्पीति, किन्नौर, पांगी और भरमौर के जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को पेसा एक्ट एवं जनजातीय क्षेत्रों में पेसा एक्ट के तहत, जो शक्तियां ग्राम सभाओं को प्रदान की गई हैं, उसके बारे में जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला के दौरान सलाहकार पंचायतीराज परमेश्वर सिंह नेगी ने भी पेसा एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला में 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा वीणा देवी, टीएसी सदस्य सोनम तरगे, खंड विकास अधिकारी अंशुल सहित पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अधिक से अधिक पौधे लगाएं पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं : चमन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमालया पुत्रा ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि एक बूटा मां के नाम अभियान सरकार के द्वारा हमारे पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए बहुत अच्छी पहल है। क्योंकि आज के समय में जलवायु परिवर्तन हमारे जीवन में एक गंभीर समस्या बनकर सामने आई है।



जलवायु परिवर्तन से आजकल प्राकृतिक आपदाएं बढ़ गई हैं, जैसे अत्यधिक बारिश होना, सूखा पड़ना, समुद्र तल का बढ़ना आदि समस्याएं हमारे जीवन को प्रभावित कर रही हैं इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी बन जाती है कि हम पर्यावरण का बचाव करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाव के लिए पौधरोपण से बेहतर और सरल तरीका कोई और नहीं है क्योंकि पौधरोपण से जलवायु परिवर्तन को हम नियंत्रित कर सकते हैं और ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले प्रभाव को कम किया जा सकता है। प्लास्टिक के प्रति भी गंभीर होने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्लास्टिक को खुले में न फेंके। घर से बाजार जाते समय बैग अपने साथ रखें। बाजार का सामान प्लास्टिक थैले में न लाकर अपने बैग में लाएं। पूरा प्रयास करें कि आपके घर किसी भी प्रकार का प्लास्टिक किसी भी रूप में न आए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व साफ वातावरण देने की दिशा में काम करें।


**कारोबार** पर्यटन नगरी मनाली में वीकेंड में पर्यटक बढ़े, अन्य दिनों में ऑफ सीजन जैसे हालात

# मई के बाद जून में भी नहीं बढ़ी पर्यटकों की संख्या

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन सीजन रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। मई महीने में पर्यटकों की संख्या बेहद कम रही, अब जून का शुरुआती सप्ताह भी फीका चल रहा है। वीकेंड में पर्यटकों की संख्या जरूर बढ़ रही है, लेकिन अन्य दिनों में खास पर्यटक नहीं पहुंच पा रहे हैं। अपेक्षा के अनुरूप पर्यटक मनाली नहीं आ रहे।

पहलगाम में हुए आंतकी हमले और भारत-पाक के बीच बने युद्ध जैसे हालात के बाद से मनाली के पर्यटक कारोबार को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में बने कई छोटे होटल खाली चल रहे है। पर्यटकों की संख्या में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की जा रही है। वीकेंड में भी पर्यटकों की संख्या में नाममात्र बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। कारोबारियों का कहना है कि यदि मानसून समय से पहले आया, तो पर्यटक कारोबार को और नुकासान पहुंच सकता है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों के अनुसार वीकेंड के दो दिन पर्यटक वाहनों की संख्या 2000 के करीब पहुंची। इसके अलावा लगभग 100 वोल्वो बसें भी रोज आ रही हैं। अन्य दिनों में यह आंकड़ा 1200 से 1500 तक ही सिमट रहा है। बाहरी राज्यों के पर्यटक पूछताछ तो कर रहे हैं, लेकिन बुकिंग नहीं हो रही। पर्यटन कारोबारी आपस में चर्चा कर रहे हैं आखिर क्या कारण है कि पर्यटक नहीं पहुंच रहे हैं। मनाली का मौसम बहुत अच्छा है और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है, बावजूद इसके पर्यटकों की संख्या नहीं बढ़ रही है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि मनाली में इन दिनों पंजाब, दिल्ली, हरियाणा से पर्यटक मनाली पहुंच रहे हैं, जबकि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों के पर्यटक बहुत कम संख्या में आ रहे हैं।


पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में पर्यटक चहलकदमी करते हुए।

पर्यटन कारोबारियों को मानसून का भी डर सता रहा है। समय से पहले अगर मानसून आ गया, तो पर्यटन सीजन चौपट हो जाएग। हिमाचल प्रदेश होटल एंड रेस्टोरेंट ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंदर ठाकुर का कहना है कि फिलहाल पर्यटकों की संख्या नहीं बढ़ पा रही है। आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। हालांकि, वीकेंड अच्छा चल रहा है। पर्यटन कारोबारी सुशील रूडिंगबा का कहना है कि मई महीने में पर्यटकों की संख्या में कमी समज में आता है देश में युद्ध की हालत थी, लेकिन जून में पर्यटकों की कमी समज से बाहर है।

# आनी के 50 होनहार बच्चे किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, आनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आदि शक्ति फाउंडेशन (हिमाचल प्रदेश) द्वारा एसडीए मिशन स्कूल, आनी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रचनात्मक आयोजन में आर्ट, स्लोगन और राइटिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इनम
90 छात्रों ने भाग लेकर पर्यावरण के प्रति अपनी सोच और संवेदना को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन द्वारा बच्चों की प्रतिभा को निखारने और प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल रही। इस अवसर पर आदि शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह, महासचिव एलआर अग्रवाल तथा एसडीए मिशन स्कूल हिमाचल के डायरेक्टर निमंत कौशल उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और प्रकृति से जुड़ाव रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों को रचनात्मक मंच प्रदान करना था, बल्कि उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित

# वुशू स्पर्धा में कुल्लू ने झटके 16 मेडल


22वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में मेडल जितने वाले कुल्लू के खिलाड़ी मुख्यातिथि, आयोजकों और प्रशिक्षक के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

22वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जिला कुल्लू ने 16 मेडल झटके।

जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव व वुशू के कोच लुदर चंद ने बताया कि 22वीं राज्य स्तरीय जूनियर और सीनियर वुशू प्रतियोगिता आईईसी यूनिवर्सिटी बद्दी में 4 और 5 जून को हुई। इसमें जिला कुल्लू से अक्षित ने वुशू ताउलू चनकुआन और दाऊशू इवेंट में 2 स्वर्ण पदक हासिल किए। वुशू के शानसु में भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सानिया ठाकुर ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, 45 किलोग्राम वर्ग में ट्रिनिटी स्कूल मौहल की छात्रा हरी प्रिया आचार्य ने रजत पदक और छात्र 48 किलोग्राम भार वर्ग में वंश ठाकुर रजत पदक, इर्शान बौद्ध 65 किलोग्राम भार वर्ग में अभिमन्यु ठाकुर ने कांस्य पदक हासिल किया। अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा के खिलाड़ियों में 45 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशी ठाकुर कांस्य पदक, 56 किलोग्राम भार वर्ग में आंचल रजत पदक, 56 किलोग्राम भार वर्ग में राहुल कांस्य पदक, 60 किलोग्राम भार वर्ग में नितिश कुमार कांस्य पदक, 60 किलोग्राम भार वर्ग में धर्मेंद्र कुमार कांस्य पदक, 65 किलोग्राम भार वर्ग में योगेंद्र ठाकुर रजत पदक, 70 किलोग्राम भार वर्ग में पंकज ठाकुर स्वर्ण पदक, 75 किलोग्राम भार वर्ग में संजय जोशी ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के मुख्यातिथि समाज सेवी हंसराज चंदेल रहे। समापन समारोह के मुख्यातिथि जितेंद्र सिंह राणा आईईसी यूनिवर्सिटी के विकास श्योराण और सुभाष मलिक ने बच्चों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसमें सीनियर वर्ग में अक्षित का राष्ट्रीय स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता 14 से 19 जून को जयपुर में होगी।

# स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन का असर नहीं

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान



**सोलन।** देश में तेज से पांव पसार रहे कोरोना वायरस के नए वैरिएंट को लेकर प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन जारी की है। अस्पतालों में वायरस के खतरे के चलते मास्क लगाना जरूरी किया है पर जिले के सबसे बड़े क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में गाइड लाइन का असर नहीं दिख रहा है।

यही कारण है कि पर्ची काउंटर, जन औषधि केंद्र और टेस्टिंग लैब में लाइनों में लगे रोगी मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वायरस का खतरा उत्पन्न हो गया है। हालांकि, सिरमौर जिले में कोरोना का मामला आने के बाद जिले के अस्पतालों में वायरल से पीड़ित संदिग्ध मरीजों के कोरोना टेस्ट करवाए जाएंगे। चिकित्सक संदिग्ध मरीजों की पहचान करने के बाद टेस्ट लिखेंगे। इसके बाद मरीज की रैपिड एंटीजन किट के माध्यम से जांच होगी। इसी के साथ एक घंटे में संबंधित मरीज की रिपोर्ट भी आ जाएगी। जिला स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक रैपिड एंटीजन किटें भेजी दी हैं। विभाग ने अस्पतालों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं कि वे टेस्ट के लिए अलग से स्थान की व्यवस्था करें, ताकि अन्य मरीजों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। वहीं, क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में भी रैपिड एंटीजन किट उपलब्ध हो गई है। अस्पताल प्रबंधन ने मेडिसिन विशेषज्ञों को संदिग्ध मरीजों की सैंपलिंग करवाने के लिए कहा है। अस्पताल आने वाले मरीजों को मास्क के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर भी चस्पा कर दिए हैं।

मेडिसिन ओपीडी के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करवाने के लिए सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए हैं। इसी के साथ स्वास्थ्य महकमे ने जिले के लिए भी एडवाइजरी जारी कर दी है। मरीजों को अस्पताल आने पर मास्क का प्रयोग अनिवार्य किया है। बावजूद इसके मरीज बिना किसी डर के बिना मास्क पहने अस्पताल में इधर-उधर जा रहे थे। प्रदेश में सिरमौर में कोरोना का मामला सामने आया है। इसके बाद से सोलन में भी महकमे ने अलर्ट कर दिया है। स्टाफ को पूर्ण तैयारियां करने के लिए कहा है। इसी के साथ दवाइयों की आवश्यक खेप भी रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। सोलन में प्रदेश का प्रवेशद्वार होने के कारण भी स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा है।

## कोरोना के लक्षण

**तेज** बुखार, अधिक खांसी, सांस लेने में तकलीफ, बहती नाक, शरीर में दर्द, स्वाद में बदलाव आए तो अस्पतालों में मास्क का प्रयोग करें, भीड़भाड़ से बचाव, हाथों को धोते रहें और सैनेटाइजर का प्रयोग करें।

## आइसोलेशन वार्ड उपलब्ध

**अस्पतालों** में कोरोना मरीजों के लिए रिजर्व बेड रखने के आदेश दिए हैं, ताकि पॉजिटिव आने पर तुरंत आइसोलेशन की सुविधा दी जा सके। ऐसे में बड़े अस्पतालों में 10 और कम बिस्तर वाले अस्पतालों में दो बेड रिजर्व रखने के आदेश दिए हैं। नालागढ़ में 45 बेड का मेक शिफ्ट अस्पताल तैयार किया है। यह अस्पताल कोरोना काल के दौरान तैयार किया था। कोरोना मामले खत्म हो जाने के बाद इसे सामान्य वार्ड में तब्दील कर दिया था। ऑक्सीजन सिलेंडर के खाली होने के बाद तुरंत भरवाने को भी कहा है। हालांकि, अस्पतालों में पीएसए प्लांट बंद पड़े हुए हैं। सिलेंडर के जरिए ही अस्पतालों में काम चल रहा है। कोरोना काल में मरीजों की ऑक्सीजन की कमी के कारण मौतें भी हुई थीं। इससे सबक लेते हुए अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी न होने के आदेश दिए हैं।

> **अस्पताल** में आने वाले मरीजों को जागरूकता के लिए मास्क लगाने का आग्रह किया जा रहा है। साथ ही ओपीडी के बाहर भीड़ न लगे इसके भी निर्देश दिए गए हैं। मेडिसिन ओपीडी में वायरल से पीड़ित संदिग्ध मरीजों के टेस्ट करवाए जाएंगे। पर्ची काउंटर में खड़े रोगियों के लिए मास्क लगाना जरूरी है।
> **डॉ. राकेश पवार, चिकित्सा अधीक्षक, आरएच सोलन।**

# धर्मपुर के समीप रिक्टर स्केल पर 7.8 का भूकंप आया

## मॉक ड्रिल के माध्यम से जिला प्रशासन ने विभिन्न तैयारियों को परखा



अनंत ज्ञान, सोलन

आपदा से बचाव के लिए प्रदेश के साथ-साथ सोलन जिले में भी भूकंप आधारित मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मेगा मॉक ड्रिल में सोलन जिले के 8 स्थान चिन्हित किए गए।

उन्होंने कहा कि ड्रिल के लिए सोलन में क्षेत्रीय अस्पताल सोलन, सेंट ल्यूक्स स्कूल, सब्जी मंडी के समीप पुलिस पेट्रोल पंप तथा आनंद कांप्लेक्स, नालागढ़ में औद्योगिक स्थलों एवं नागरिक अस्पताल, कसौली में चक्की मोड, अर्की में ग्राम पंचायत चमयावल के शारड़ा पुल तथा नागरिक अस्पताल अर्की का चयन किया गया। डीसी ने कहा कि मेगा मॉक ड्रिल के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न तैयारियों को परखा गया और आपदा समय में किए जाने वाले कार्यों का अभ्यास कर कमियों को दूर किया गया। मेगा मॉक ड्रिल में सर्वप्रथम यह जानकारी मिली कि जिले के धर्मपुर के समीप रिक्टर स्केल पर 7.8 का भूकंप आया है और इस कारण जिले में अनेक स्थानों पर क्षति के समाचार मिले हैं। सूचना केंद्र पर जिले के विभिन्न भागों में नुकसान की जानकारी प्राप्त हुई। इस जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में भूकंप के कारण भवन ध्वस्त, कसौली उपमंडल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्की मोड के समीप भूस्खलन, सेंट ल्यूक्स स्कूल सोलन में भवन के गिरने, अर्की उपमंडल के नागरिक अस्पताल अर्की में भवन गिरने, शारड़ा पुल के समीप नुकसान, नागरिक अस्पताल नालागढ़ में क्षति तथा एचपीसीएल ऑयल डिपू खेड़ा में गैस लीकेज की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सभी स्थानों पर प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों के साथ-साथ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा तुरंत कार्रवाई अमल में लाई गई।

## भूकंप के कारण नागरिक चिकित्सालय अर्की को हुआ नुकसान

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** प्राकृति व मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए उपमंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन कमेटी अर्की एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अर्की निशांत तोमर के नेतृत्व में भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अर्की स्थित चिकित्सालय में भूकंप मॉक ड्रिल की स्थिति दर्शाते हुए भूकंप माक ड्रिल का आयोजन किया गया। भूकंप के कारण नागरिक चिकित्सालय अर्की की दो मंजिलों को भारी नुकसान हुआ, बिजली की आपूर्ति अवरुद्ध हो गई है। मरीज व अन्य लोग अंदर फंस गए। इसमें कुल 17 व्यक्ति थे व शारड़ा पुल स्थित अर्की शालाघाट रोड से भूकंप के कारण दो गाड़ियां गिर गई। इसमें चार व्यक्ति घायल हुए। उक्त दोनों घटनाओं में घायल हुए व्यक्तियों को बचाव दल ने समय पर पहुंचकर आपातकाल के लिए स्थानांतरित चिकित्सालय लोक निर्माण विभाग की विश्राम गृह में घायलों को उपचार के लिए पहुंचाया।



## न्यूज ब्रीफ

### 11 केवी दाड़लाघाट में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि इस दौरान 7 जून को बिजली अनुभाग दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि बिजली लाइन का मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि समय सीमा को रखरखाव के कार्य अनुसार समायोजित किया जा सकता है।

### नवयुवक मंडल ने नवाजे प्रतिभागी स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बड़गला के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवयुवक मंडल बड़गला द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवयुवक मंडल बड़गला, स्कूल प्रबंधन समिति बड़गला, डीआरआई/सीबीओ संस्था के सदस्य, स्कूल स्टाफ एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई व पौधरोपण से हुई। इसके बाद बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी बच्चों को नवयुवक मंडल द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवयुवक मंडल अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, पंचायत सदस्य प्रवीण, मंडल सदस्य सुरेश व मदन ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कंडाघाट, चायल, सायरी ममलीग, गौड़ा देलगी, वाकनाघाट, बीनू सहित सभी क्षेत्रों में स्थित राजकीय और निजी क्षेत्रों की शैक्षणिक संस्थाओं, प्रारंभिक, माध्यमिक, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में इस मौके पर चित्रकला, लेखन, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैली निकालकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कई जगह पौधरोपण किया गया। शैक्षणिक संस्थाओं के अतिरिक्त सीरिंगार बांध सहित कई जगह ग्रामीणों ने पौधरोपण किया।

### सरहदों की निगहबानी के लिए तैयार 158 अग्निवीर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सुबाथू स्थित 14 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के ऐतिहासिक सलारिया स्टेडियम में एक शानदार परेड में 158 अग्निवीरों का दल पास आउट हुआ। भारतीय गणराज्य के प्रति निष्ठा की शपथ लेने वाले इन रंगरुटों ने शारीरिक फिटनेस, युद्ध और फील्ड क्राफ्ट, हथियारों और रणनीति के विभिन्न पहलुओं में 31 सप्ताह से अधिक का कठोर प्रशिक्षण लिया है। अग्निवीर अब भारतीय सेना की पहली और चौथी गोरखा राइफल्स की गोरखा बटालियनों में शामिल होंगे, जिनका 200 से अधिक वर्षों का वीरता और बलिदान का समृद्ध और गौरवशाली सैन्य इतिहास है। 14 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के कमांडेंट ब्रिगेडियर पुनीत शर्मा ने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड को संबोधित भी किया, जिसमें उन्होंने सभी रंगरुटों को देश की सभी सीमाओं पर राष्ट्रीय और भारतीय सेना का झंडा ऊंचा रखने के लिए प्रेरित किया। परेड के बाद बेहतरीन तालमेल के साथ शौर्य प्रदर्शन के साथ संगीत का मधुर पाइप बैंड की प्रस्तुति हुई।

### राजगढ़ के नेहरू ग्राउंड में मेगा मॉक अभ्यास

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए शुक्रवार को राजगढ़ के नेहरू ग्राउंड में वृहद स्तर का मेगा भूकंप अभ्यास आयोजित किया गया। यह अभ्यास हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से किया गया। इस मेगा मॉक ड्रिल का संचालन एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। मॉक ड्रिल की शुरुआत शहर में सायरन बजाकर की गई, जिसके बाद लोग दुकानों और कार्यालयों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेते नजर आए। अभ्यास के दौरान नया बस स्टैंड के समीप एक भवन के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर पुलिस प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। नेहरू मैदान में अस्थायी राहत शिविर स्थापित किया गया, जहां घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अगली चिकित्सा के लिए रेफर किया गया। शिविर में सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद थीं। एसडीएम ने इस दौरान राहत कार्यों का स्वयं निरीक्षण किया और सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय और मुस्तैदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास भविष्य में आने वाली आपदाओं से बेहतर ढंग से निपटने में मददगार साबित होंगे।

### फसलों की समस्या का हल बताया

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान कंडाघाट।** कृषि विज्ञान केंद्र सोलन ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत खेतों में पहुंच कर फसलों की समस्याओं का हल किया। कृषि संकल्प यात्रा के दौरान वैज्ञानिक डॉ. सीमा ठाकुर सब्जी वैज्ञानिक और डॉ. राजेश ठाकुर, पुष्प वैज्ञानिक ने गांव टुंडल, झाजर, बड़ून, क्यार, चिनोगढ़ी, थाना भरौल, क्यारड़, कोटला, सेंज, बीशा, धयारी घाट, शिवड़ा, दिऊ सहित 16 गांवों का दौरा किया। उन्होंने खेती से जनित समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि आगामी दिनों में भी सभी किसान विकसित कृषि संकल्प यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी समस्याओं का हल प्राप्त करें।

### निजी बस चालक-एचआरटीसी चालक के बीच हाथापाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बस की टाइमिंग को लेकर आज दोपहर दिल्ली गेट के समीप निजी बस ऑपरेटर और एचआरटीसी बस चालक के बीच हाथापाई हो गई। जानकारी के मुताबिक निजी बस ऑपरेटर और एचआरटीसी बस के चालक से निर्धारित समय से देरी पर पहुंचने को लेकर आपत्ति दर्ज की थी, जिसके बाद एचआरटीसी के बस चालक ने सीट से उतर कर निजी बस ऑपरेटर पर टूट पड़ा इस गुत्थमगुत्थी में दोनों जमीन पर गिर गए और वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव करते हुए मामले को आगे बढ़ने से रोका।

### भूकंप से क्षतिग्रस्त हुआ सराहां बाजार

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राज्यस्तरीय हर्ष मेगा मॉक ड्रिल अभ्यास में उपमंडल पच्छाद मुख्यालय सराहां बाजार स्थित वामन भगवान मंदिर व आसपास की दुकानों व क्षेत्र में भूकंप आने की मॉक ड्रिल की गई। इसके तहत क्षेत्र भूकंप से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ। हादसा सुबह 9 बजे के करीब हुआ, जैसे ही प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, तो उपमंडल आपातकाल सेंटर पच्छाद सक्रिय हो गया व उन्होंने सायरन बजाकर इंसिडेंट रिस्पांस टीम के कमांडर व तहसीलदार पच्छाद प्रवीण कुमार को सक्रिय कर दिया। उसके पश्चात लाइजन ऑफिसर व नायब तहसीलदार राशिक अहमद तथा समस्त टीम अपने संसाधनों के साथ स्टेजिंग एरिया में पहुंचे तथा उसके उपरांत ड्रोन की सहायता से पता लगाया गया कि सराहां तालाब के आसपास के क्षेत्र में भारी क्षति हुई। सबसे पहले घायलों को प्राथमिक उपचार देकर आगामी ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

# जीनियस ग्लोबल स्कूल में मातृ शक्ति की धूम

अनंत ज्ञान, सोलन



जीनियस ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को मदर्स-डे पर शुक्रिया मां थीम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मातृ शक्ति ने डांस, सिंगिंग, रैंप वॉक, कुकिंग, तंबोला प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा के जलवे बिखेरे।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सोलन नगर निगम की मेयर उषा शर्मा विशेष रूप से मौजूद रही। इस दौरान स्कूल में मातृ शक्ति माताओं ने ग्रुप में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। ग्रुप डांस की प्रस्तुति के बाद तंबोला, कुकिंग कांटेस्ट साहित कई अन्य गतिविधियां भी आयोजित की। इसमें रैंप वॉक विशेष रूप से शामिल रहा। माताओं ने रैंप वॉक के जरिए जहां अपनी अदाएं बिखेरी। वहीं, अपनी अदाओं से सभी के दिल जीत लिए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंची उषा शर्मा ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जहां एक तरफ महिलाओं का आत्म विश्वास बढ़ाएगा। वहीं, दूसरी तरफ बढ़ा हुआ आत्मविश्वास उनके बच्चों में भी आएगा। समारोह की शुरुआत 'राजस्थानी फूड कॉर्नर' से हुई। इसमें छात्राओं ने पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। इस स्टॉल पर राजनी शर्मा, ईशा गोयल, मेघा पॉल सूद, प्रिया कश्यप, भाव्या, नैंसी और आशा ने भाग लिया और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। वहीं, कार्यक्रम में 'हिमाचली नाटी (पहाड़ी नृत्य)' की भी शानदार प्रस्तुति देखने को मिली। इस रंगारंग नृत्य में करिश्मा शर्मा, आशा देवी, पूनम, सुषमा, सुमन, सुमन कुमारी, याशिमा शर्मा और पूजा ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कैटवॉक प्रतियोगिता में लेखिका ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि वंदना द्वितीय और आंचल तृतीय स्थान पर रहीं। शायरी प्रतियोगिता में भाव्या ने प्रथम, मनु देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शायरी प्रतियोगिता में भव्या प्रथम, मन्नु दूसरे स्थान पर रहीं। एकल गान में मेघा ने पहला और पूजा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रबंध निदेशक नीति शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्कूल में होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मां और बच्चे का एक अनमोल और अटूट रिश्ता है, जिसे जीनियस परिवार समझता है। लिहाजा, इस प्रकार के कार्यक्रम करने से जहां एक तरफ महिलाओं में आत्म विश्वास बढ़ता है।

# अवैध खनन के खिलाफ एसपी की बड़ी कार्रवाई, 22 डंपर किए जब्त

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान



**नाहन।** सिरमौर के पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी ने यातायात को दुरुस्त करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं देर रात एसपी खुद फील्ड में उतरे तथा अवैध रूप से खनन सामग्री ले जा रहे डंपरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।

इसके बाद खनन माफिया में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि नाहन से स्पेशल टीम इस एक्शन के लिए तैनात की गई थी। हरियाणा से पांवटा साहिब स्थित स्टोन क्रशरों तक चलने वाले डंपरों की रामपुर घाट पर रात्रि 10:30 से 3 बजे तक यातायात जांच की गई, जांच के दौरान कुल 100 डंपरों की जांच की गई। यातायात एवं खनन नियमों के उल्लंघन के लिए 22 डंपरों को जब्त किया गया। (21 डंपरों को धारा 194 एवं 207 एमवी एक्ट के तहत जब्त किया गया, जबकि 1 डंपर को खनन अधिनियम के तहत जब्त किया गया। सिरमौर के पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी ने बताया कि सिरमौर में ट्रैफिक व्यवस्था को सही करने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं देर रात भी अवैध रूप से कार्य में जुटे डंपरों को जब्त किया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर चलती रहेगी तथा सिरमौर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कड़ी कार्रवाई करती रहेगी।

# 11-12 जून को सरडमरास में दंगल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत पारनू और गांव सरडमरास में दंगल का आयोजन होने जा रहा है।

सरडमरास में 11 जून और पारनू के गांव ठेरा में 12 जून को आयोजित होने वाले इस दंगल में प्रदेश और बाहरी राज्यों के नामी पहलवान भाग लेंगे। मेला कमेटी प्रधान जुल्फी राम और पूर्व प्रधान विद्या सागर शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस दंगल में बढ़-चढ़कर भाग लें और लखदाता महाराज का आशीर्वाद लें। उन्होंने बताया कि यह आयोजन लगातार कई वर्षों से पारनू में और तीसरे वर्ष सरडमरास में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। दोनों आयोजनों में पहलवान अपनी कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और जनता का मनोरंजन करेंगे।

# कसौली इंटरनेशनल स्कूल में 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ' अभियान चलाया



कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पौधरोपण में हिस्सा लेते स्कूली छात्र।

अनंत ज्ञान, सोलन

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ' अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संदेश दिया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए छात्रों ने पौधरोपण किया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और सभी से पर्यावरण के प्रति सजग रहने तथा प्लास्टिक का उपयोग कम करने की अपील की। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल आने वाली पीढ़ी को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# सिद्ध बाबा मेला कल से शुरू

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल का तीन दिवसीय ऐतिहासिक सिद्ध बाबा मेला रविवार 8 जून से शुरू होगा। यह जानकारी पंचायत एवं मेला कमेटी प्रधान उषा शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार को सिद्ध बाबा की पारंपरिक पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण के साथ मेला शुरू होगा। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद बिमला कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगी। इस दिन से वॉलीबाल और बलजीत सिंह मेमोरियल पेंटिंग प्रतियोगिता शुरू होगी। सोमवार को स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक मुकाबले और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दिन प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। मेले के समापन मौके पर पूर्व मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे।

# हरित अभियान: पाइनग्रोव ने किया पौधरोपण



अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही उत्साह और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व ईको क्लब संयोजक शिखा ठाकुर ने किया।

अभियान के दौरान औषधीय पौधों जैसे मुर्राया कोएनिगी (करी पत्ता), रौवोल्फिया सर्पेंटीना (सर्पगंधा), विदानिया सोम्नीफेरा (अश्वगंधा), संतलम एल्बम (चंदन) और साल्विया रोस्मारिनस (रोजमेरी) के पौधे लगाए गए। इस कार्य में कक्षा नवमी से बारहवीं तक की सिक्किम की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

उनके साथ अन्य विद्यालय प्रमुख मनमोहन सिंह (वित्त प्रमुख), विशाल गौरी (प्रशासन, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क प्रमुख), सुदिंद मेहता (खेल विभाग प्रमुख) एवं आरएमओ डॉ. संध्या सेंचुरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सभी को यह स्मरण करवाया कि प्रकृति की रक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे पौधरोपण अभियान जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वच्छ वायु, जैव विविधता, और हरित पृथ्वी की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## प्लास्टिक हटाओ कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहां में पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक हटाओ कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर रैली निकाली गई। विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यालय में कोमल कक्षा 9वीं को छात्रा और परिक्षित कक्षा 10वीं के छात्र ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखे। इसमें पर्यावरण को बचाने के लिए, ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण और कम से कम प्लास्टिक का प्रयोग करने को कहा। अंत में स्कूल के प्रभारी विशाल पुंडीर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा गया कि यदि अभी पर्यावरण संरक्षण पर विचार नहीं किया गया, तो भविष्य में होने वाली प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान के लिए तैयार रहना पड़ेगा।

**कदम** संजय अवस्थी ने बसंतपुर में स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित

# गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार वचनबद्ध

अनंत ज्ञान, सोलन



बसंतपुर स्कूल के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ करते विधायक संजय अवस्थी।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसंतपुर में स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। वर्तमान के प्रतिस्पर्धात्मक युग में आगे बढ़ने के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आवश्यक है। इसी आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी में पढ़ाई आरंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के पात्र विद्यार्थियों को व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा, प्रबंधन, पैरा-मेडिकल फार्मेसी, नर्सिंग, विधि आदि में डिप्लोमा व डिग्री कोर्स तथा औद्योगिक संस्थानों, बहुतकनीकी संस्थानों से तकनीकी कोर्स और मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत अधिकतम 20 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण का प्रावधान किया गया है। विधायक ने कहा कि महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' के तहत प्रदेश में एक लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली सभी विधवा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा पर होने वाला व्यय प्रदेश सरकार वहन कर रही है। इसके अतिरिक्त विधवा, निराश्रित, तलाकशुदा और अक्षम माता-पिता के सभी पात्र बच्चों के आरडी खाते में 18 वर्ष की आयु तक 1000 रुपए प्रतिमाह प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अर्की के नागरिक अस्पताल में 7 विशेषज्ञ चिकित्सक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नागरिक अस्पताल में और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। विधायक ने इसके उपरांत आयोजित दंगल का शुभारंभ भी किया। संजय अवस्थी ने कहा कि स्कूल के मैदान के विस्तार के लिए 15 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति हो चुकी है और इसका कार्य जल्द ही आरंभ हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि गंबर खड्ड की उठाऊ पेयजल योजना से बसंतपुर व आस-पास के गांवों को जोड़ने के लिए लगभग 41 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसंतपुर के प्रवेश द्वार की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने महिला मंडल भवानी के भवन के ऊपर पुस्तकालय निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने तथा महिला मण्डल बसंतपुर के प्रांगण के संवर्धन के लिए 50 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की।

# प्रत्येक व्यक्ति के मतदान से लोकतंत्र को मिलती है शक्ति: नंदिता गुप्ता

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान



**पांवटा।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश नंदिता गुप्ता ने जिला सिरमौर की 59-शिलाई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के दौरान महिलाओं की सहभागिता अनुपात बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिनों का प्रवास किया।

इस दौरान उन्होंने शिलाई विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों का दौरा किया तथा क्षेत्र के लोगों को मतदाता सूची में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया, ताकि वह मतदान के समय अपने मत का प्रयोग कर सकें। इस प्रवास कार्यक्रम के दौरान नंदिता गुप्ता ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कफोटा में आयोजित कार्यक्रम में लोगों से संवाद किया तथा उन्हें मतदान के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मतदान से ही लोकतंत्र को अहम शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश की मतदाता सूचियों का सर्वेक्षण किया गया, जिसके अनुसार शिलाई विधानसभा क्षेत्र में मतदाता लिंगानुपात में महिलाओं का अनुपात प्रदेश में सबसे कम आंका गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए वह शिलाई विस क्षेत्र के दौरे पर हैं। उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं के साथ चर्चा की तथा उनसे मतदाता सूची में पंजीकृत न होने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मतगणना अनुपात को बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष मुहिम चलाई गई है, इसमें पंचायत रजिस्टर के साथ मतदाता सूची को मिलाकर सूची तैयार की जाएगी, ताकि प्रत्येक मतदाता का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में पंजीकरण नहीं कराने को गंभीरता से लेते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस ने 7 जून 2025 से कर्मचारियों के नए पंजीकरण पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है। यह निर्णय फर्जी कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें हटाने और कार्यबल में जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का पालन करना अनिवार्य है और जो कर्मचारी निर्धारित मानकों का पालन नहीं करेंगे, उन्हें किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। प्रशासनिक निगरानी को और सख्त करने के लिए, आयुक्त ने लेखा शाखा को प्रत्येक कर्मचारी की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें मासिक वेतन, भत्ते या नगर निगम से प्राप्त किसी भी अन्य भुगतान का ब्यौरा शामिल होगा। इसका उद्देश्य वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता लाना और यह सुनिश्चित करना है कि केवल वास्तविक, सक्रिय कर्मचारी ही पेरोल पर हों। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और प्रणाली में अनियमितताओं को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित उपस्थिति बनाए रखें और उनका आधार-आधारित पंजीकरण सक्रिय और कार्यशील हो, क्योंकि यह सीधे उनके वेतन निर्गमन को प्रभावित करता है। इस निर्देश के साथ, नगर निगम चंडीगढ़ अनुशासन बनाए रखने, पारदर्शिता बढ़ाने और सार्वजनिक धन के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में दृढ़ता से अग्रसर है। विभागों को इस आदेश का पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

### अतिक्रमण हटाओ का चलाया अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर के सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा और उसके सौंदर्य व पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए, नगर निगम चंडीगढ़ ने आज सेक्टर 34 में श्याम मॉल के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के निर्देशों के तहत प्रवर्तन शाखा ने ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से खड़ी कारों, मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। यह क्षेत्र हरियाली और सार्वजनिक मनोरंजन के लिए आरक्षित है, और इसका इस तरह के उपयोग से न केवल आम जनता को असुविधा होती है, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है और नागरिक नियमों का उल्लंघन होता है। इस अभियान के दौरान प्रवर्तन टीम ने कुल 20 चालान जारी किए, जिनमें 7 चालान कारों के लिए और 13 चालान मोटरसाइकिलों/स्कूटरों के लिए थे। आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि सार्वजनिक हरित क्षेत्र पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक उपयोग के लिए होते हैं और वहां किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह अभियान नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा अनुशासन लागू करने, जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को प्रोत्साहित करने और सार्वजनिक भूमि के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। आयुक्त ने सभी प्रवर्तन टीमों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे क्षेत्रों की नियमित निगरानी करें और जहां भी उल्लंघन हो, तुरंत कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा करें और सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान करें।

### सोनीपत में लूट के दो दोषियों को पांच साल की सजा

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत के जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाणी गोपाल शर्मा ने मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में दोषी पाए गए दो आरोपियों को पांच-पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला 6 जुलाई 2023 का है, जब मध्यप्रदेश के जिला टीकमगढ़ के गांव रनसागरा निवासी सुरेंद्र कुमार ने सिटी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। सुरेंद्र ने बताया था कि वह भिवानी की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और वहां से मध्यप्रदेश लौटते समय रात को सोनीपत बस अड्डा पहुंचे थे। रेलवे स्टेशन जाने के लिए उन्होंने एक ई-रिक्शा किराए पर लिया। ई-रिक्शा में चालक के साथ एक अन्य युवक भी सवार था। वहां दोनों ने उसे डराकर उसका मोबाइल फोन और 800 रुपए नकद छीन लिए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गढ़ी घसीटा निवासी राहुल और श्याम नगर निवासी प्रवेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से छीना गया मोबाइल, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ई-रिक्शा बरामद कर लिया। अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया और सजा सुनाई।

### सत्येंद्र से क्लासरूम घोटाला मामले में पूछताछ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित



भ्रष्टाचार को लेकर पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सत्येंद्र जैन को 6 जून को एसीबी कार्यालय में बुलाया। एसीबी कार्यालय में उनसे इस मामले में पूछताछ की गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दिल्ली के पूर्व मंत्रियों और आप नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को समन जारी किया है। सत्येंद्र जैन को 6 जून को एसीबी कार्यालय में बुलाया गया था, जबकि मनीष सिसोदिया को 9 जून को पेश होने को कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

### भारतवंशी ब्लॉगर को 6000 डॉलर का जुर्माना

**एजेंसी, सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतवंशी ब्लॉगर ने टिकटॉक पर नस्लीय समूह को लेकर पोस्ट की। इसके बाद कोर्ट ने ब्लॉगर पर छह हजार सिंगापुर डॉलर (करीब चार लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। पीटीआई के मुताबिक मनमीत सिंह ने एक अज्ञात व्यक्ति से मिले लिंक के बाद सिंगापुर के मंत्री पर आरोप लगाते हुए आपत्तिजनक सामग्री टिकटॉक पर पोस्ट की। उन्होंने इस पोस्ट की प्रमाणिकता की जांच भी नहीं की। साथ ही पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी की। मनमीत सिंह एक ब्लॉगर हैं जो टिकटॉक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर पोस्ट करते हैं। उन्होंने 12 अगस्त 2024 को टिकटॉक पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात कांग्रेस महासचिव राजेश सोनी गिरफ्तार

**एजेंसी, गांधीनगर।** पुलिस ने शुक्रवार को गुजरात कांग्रेस महासचिव राजेश सोनी को गिरफ्तार किया। सोनी पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित पोस्ट किया। जानकारी के मुताबिक, सोनी को गांधीनगर साइबर अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। साइबर अपराध के उप-निरीक्षक की शिकायत के मुताबिक, सोनी ने अपने फेसबुक पेज पर ऑपरेशन सिंदूर, राफेल सौदा और अन्य संवेदनशील मुद्दों से जुड़े वीडियो और तस्वीरें साझा की थीं। आरोप है कि इन पोस्ट का मकसद भारतीय सेना के मनोबल को कमजोर करना, उनकी ड्यूटी पर सवाल उठाना, जनता के भरोसे को कम करना और राष्ट्रीय सुरक्षा को सोशल मीडिया पर खतरे में डालना था। (अनंत ज्ञान)

### स्टारलिंक को भारत में भी मिला लाइसेंस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाएं देने के लिए आधिकारिक लाइसेंस जारी कर दिया है, हालांकि इसकी जानकारी फिलहाल पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दी है। सरकार या स्टारलिंक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि स्टारलिंक को लाइसेंस मिल गया है और कहा कि आवेदन करने के 15-20 दिनों के भीतर उन्हें परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# मनीमाजरा में अतिक्रमण से मुक्त कराई सरकारी जमीन : नगर निगम

## अवैध निर्मित डेयरी ढांचों और 48 झुग्गियों को हटाया

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को मनीमाजरा की पॉकेट नंबर-9 में एक निर्णायक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाते हुए कीमती सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के स्पष्ट निर्देशों के तहत, नगर निगम की प्रवर्तन टीम और अभियंता शाखा ने कार्रवाई करते हुए अवैध डेयरी ढांचों और 48 अवैध रूप से निर्मित झुग्गियों को हटाया। यह कार्रवाई नगर निगम द्वारा सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर उसे योजनाबद्ध विकास और जनहित उपयोग के लिए बहाल करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। आयुक्त ने पहले ही सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए थे कि ऐसे अतिक्रमणों की पहचान कर बिना किसी देरी या अपवाद के कड़ी कार्रवाई की जाए।

यह अभियान स्थानीय पुलिस और नगर निगम के प्रवर्तन कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग से शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान आम जनता को असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई थी।

अमित कुमार ने दोहराया कि नगर निगम सार्वजनिक जमीन की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी तरह के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आने वाले दिनों में शहर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह के अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण न करें और शहर की स्वच्छता, व्यवस्था व योजनाबद्ध विकास में सहयोग करें।

# मानसून में जल निकासी के पुख्ता प्रबंध रहें सुनिश्चित: राव नरबीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को अधिकारियों की टीम के साथ गुरुग्राम में 15 स्थानों का दौरा किया। उन्होंने जल निकासी के लिए किए जा रहे प्रबंधों का जायजा लेने के बाद कार्य को और अधिक तेज गति से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के दौरान नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने जीएमडीए, एचएसआइआइडीसी तथा नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि नालों की सफाई समय पर पूरी की जाए और जलनिकासी के सभी सिस्टम सक्रिय रखे जाएं। हर उस क्षेत्र की पहचान करें जहां हर वर्ष जलभराव की स्थिति बनती है, और वहां विशेष प्रबंध करें। किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जलभराव की समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर भी काम करने की हिदायत दी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने शुक्रवार को ही कादीपुर स्थित नगर निगम गुरुग्राम की नर्सरी का अवलोकन किया तथा वहां पर रुद्राक्ष का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## 'एक पेड़ मां के नाम' से स्वच्छ फरीदाबाद अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सतत् विकास को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में अमृता अस्पताल, फरीदाबाद ने प्रदेश सरकार और फरीदाबाद नगर निगम के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर 'स्वच्छ और हरित फरीदाबाद' अभियान की शुरुआत की। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 पर फरीदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा हरियाणा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विपुल ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी के उस आह्वान का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने देशवासियों से अपील की थी कि वे अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि आज यह अभियान एक राष्ट्रीय जन आंदोलन बन गया है।

## पार्क हॉस्पिटल ने 'वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे' पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत में ब्रेन ट्यूमर की घटनाएं और इसकी व्यापकता तेजी से बढ़ रही हैं। हर साल लगभग 40,000 से 50,000 लोगों को ब्रेन ट्यूमर की पहचान होती है, जिससे औसतन जीवन प्रत्याशा 20 वर्ष तक घट जाती है। ये आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं।




शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्क हॉस्पिटल मोहाली में ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी कंसल्टेंट, डॉ. अनिल सोफत ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर के 100 से अधिक प्रकार होते हैं, और हर एक की पहचान, लक्षण, इलाज और परिणाम अलग-अलग होते हैं। ब्रेन ट्यूमर की चिकित्सा के लिए लगातार शोध कार्य चल रहे हैं। इसलिए, ब्रेन ट्यूमर से बचाव के लिए कोई विशेष रोकथाम उपाय अभी तक प्रमाणित नहीं है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संगीता प्रधान ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर कैंसरयुक्त और गैर-कैंसरयुक्त हो सकते हैं और इनका इलाज सभी उपलब्ध तरीकों सर्जरी, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी का उपयोग करने के बाद भी केवल एक सीमित समय के लिए ही प्रभावी रहता है, जिसे सर्जरी के माध्यम से पूरी तरह से हटाया जा सकता है। कंसल्टेंट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. जोबन जीत कौर ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर सभी प्रकार के कैंसर का लगभग 2 प्रतिशत होते हैं। विश्वभर में हर दिन लगभग 500 नए ब्रेन ट्यूमर के मामले सामने आते हैं, और इनमें से अधिकांश वंशानुगत नहीं होते।

## सीएम सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से विकास के मार्ग पर अग्रसर : गौरव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर न केवल पलवल जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह संपूर्ण हरियाणा के विकासशील भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। उन्होंने कहा कि पलवल की जनता ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अभूतपूर्व समर्थन दिया है। यहां की जनता ने बड़े-बड़े दावेदारों को चुनाव में हराकर नया इतिहास रच दिया है। पलवल में अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज हुई है, जिससे कांग्रेस पार्टी अब तक उबर नहीं पाई है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति कर रहा है, वहीं हरियाणा भी मुख्यमंत्री सैनी के कुशल नेतृत्व में तेजी से विकास के मार्ग पर अग्रसर है। हरियाणा में अब विकास का पहिया नहीं रुकने वाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 36 बिरादरियों के सच्चे प्रतिनिधि हैं, जिनके नेतृत्व में समाज के हर वर्ग का सशक्तिकरण और हर क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है। इस अवसर पर गौरव गौतम ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर एक मांग पत्र भी प्रस्तुत किया।

## कार्डियक सर्जन डॉ. पुरी की लघु फिल्म 'रखिए दिल का ख्याल दिल से' हुई रिलीज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शहर के कार्डियक सर्जन डॉ. दीपक पुरी द्वारा बनाई गई पुरस्कार विजेता लघु फिल्म 'रखिए दिल का ख्याल दिल से' शुक्रवार को यहां चल रहे तीन दिवसीय 15वें वार्षिक कार्डियोमर्सन ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2025 के दौरान रिलीज की गई।

इस फिल्म का लेखन, निर्माण और निर्देशन डॉ. पुरी ने किया है। फिल्म में उनकी कार्डियोमर्सन टीम के सदस्यों ने स्क्रिप्ट को निभाया है, जिसमें एक साधारण कहानी के माध्यम से दर्शाया गया है कि अचानक दिल के दौरे के कारण युवा क्यों मर रहे हैं। डॉ. पुरी ने इस फिल्म में दो प्रेरक गीत भी गाए हैं, जो दर्शकों को नियमित व्यायाम करने, शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और संगीत तथा प्रकृति के स्वास्थ्य लाभों का आनंद लेने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. पुरी ने कहा कि आजकल युवा उन मशहूर हस्तियों का आंख मूंदकर अनुसरण करते हैं, जिनकी खुद की जीवनशैली तनावपूर्ण और अस्वस्थ होती है। यह फिल्म फिल्म स्टार देव आनंद की 102वीं जयंती और उनकी स्वस्थ जीवनशैली का भी जश्न मनाती है।

डॉ. पुरी को लघु फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। उन्हें स्वास्तिक फिल्म समारोह में 'प्रशंसा पुरस्कार' भी मिला। फिल्म को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2024 में यूनिवर्सल व्यूइंग श्रेणी में भी चुना गया था।

## देश-विदेश

# देश में 15 दिन में 20 गुना बढ़ गए कोरोना के सक्रिय मामले

## आंकड़ा 5000 के पार पहुंचा, 24 घंटे में 4 मरीजों की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में कोरोना के सक्रिय मामले 5000 के पार पहुंच गए हैं। 22 मई को यह आंकड़ा 275 था। ऐसे में बीते 15 दिन में कोरोना के सक्रिय मामले 20 गुना हो गए हैं। देश में 5,364 सक्रिय मामले हैं। पिछले 24 घंटों में चार नई मौतें दर्ज की गई हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में सक्रिय कोरोना मामलों में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का नंबर आता है। केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, दिल्ली में 592 और महाराष्ट्र में 548 एक्टिव केस हैं।

मामलों में वृद्धि को देखते हुए केंद्र कोरोना के लिए तैयारियों की जांच करने के लिए मॉक ड्रिल कर रहा है। सभी राज्यों को कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### जनवरी से अब तक देश में कुल 55 मौतें

**कोरोना** के नए वैरिएंट्स से जनवरी से अब तक 55 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 53 की मौत 15 दिनों में हुई हैं। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं। इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, केरल में 2, कर्नाटक और पंजाब में 1-1 मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 17 मरीजों ने जान गंवाई है। अधिकांश मामले हल्के या बिना लक्षणों वाले हैं। इनका इलाज घर बैठे ही किया जा सकता है, बस खुद को आइसोलेट करने की जरूरत है, ताकि दूसरों तक यह न फैले।

### अहम बैठकें भी कीं

**गत** 2 और 3 जून को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपातकालीन प्रबंधन प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों के प्रतिनिधियों और सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ मौजूदा कोरोना स्थिति और तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए तकनीकी समीक्षा बैठकों की एक सीरीज आयोजित की गई थी।

## जापान का मून मिशन फिर फेल

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान की निजी स्पेस कंपनी आईस्पेस का चंद्रयान रेजिलिएंस शुक्रवार को चांद की सतह पर उतरने से चंद सेकंड पहले क्रैश हो गया। लैंडिंग से करीब दो मिनट पहले लैंडर का संपर्क टूट गया और मिशन फेल घोषित कर दिया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडर की ऊंचाई मापने वाली लेजर प्रणाली ठीक से काम नहीं कर पाई और लैंडर बहुत तेजी से नीचे आ गया, जिससे वह चांद पर जोर से टकरा गया। यह ispace की चांद पर दूसरी कोशिश थी। इससे पहले साल 2022-23 में कंपनी का पहला लूनर मिशन भी क्रैश हो गया था। रेजिलिएंस नाम का यह लैंडर 2.3 मीटर लंबा था और इसे इस साल जनवरी में फ्लोरिडा (अमेरिका) से लॉन्च किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट का झारखंड हाईकोर्ट को निर्देश

# महिला जज की चाइल्ड केयर लीव पर दोबारा विचार करें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह एक एकल अभिभावक महिला न्यायिक अधिकारी की बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी (चाइल्ड केयर लीव) की याचिका पर पुनर्विचार करे। इस याचिका में उनके छुट्टी के अनुरोध को ठुकराए जाने को चुनौती दी गई है।



जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को यह याचिका पिछले फैसले के प्रभाव में आए बिना दोबारा देखनी चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के वकील को आदेश दिया कि वह तीन दिन के भीतर इस मामले में जरूरी निर्देश प्राप्त करें, क्योंकि अगली सुनवाई अगले हफ्ते तय की गई है। हाईकोर्ट को यह सुझाव दिया गया कि बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी देने के अनुरोध पर पुनर्विचार किया जाए।

बेंच ने हाईकोर्ट के वकील से यह भी कहा कि यह उचित होगा कि हाईकोर्ट खुद ही इस मुद्दे पर फिर से विचार करे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आगे के मामलों के लिए उदाहरण बन सकता है। (अनंत ज्ञान)

## रोक के बावजूद ग्रेटा गाजा के लिए निकलीं

**एजेंसी, तेल अवीव**



स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जहाज से गाजा की यात्रा पर निकली हैं। वह अपने साथ गाजा के लोगों के लिए दवा, अनाज, बच्चों के लिए दूध, डाइपर और वाटर प्यूरीफायर ले जा रही हैं। इसमें उनके साथ 11 और लोग हैं जो 'मैडलीन' नाम के एक जहाज पर सवार हैं। थनबर्ग अपनी टीम के साथ इटली के सिसली द्वीप से 1 जून को रवाना हुई थी। अगर कोई रुकावट नहीं हुई तो 2000 किमी की दूरी तय कर मैडलीन जहाज 7 जून यानी कि ईद के दिन गाजा पहुंच जाएगा। इस यात्रा का मकसद सिर्फ मदद पहुंचाना ही नहीं, बल्कि इसराइल द्वारा गाजा पर लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध जताना भी है।

इस बीच इसराइली सेना ने कहा कि वे जरूरत पड़ने पर जरूरी कदम उठाएंगे। हालांकि ग्रेटा और उनके साथी इस अभियान को पूरी तरह शांतिपूर्ण और मानवीय बता रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# ईरान ने चीन से 800 बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए फ्यूल मंगवाया

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान ने चीन से हजारों टन ठोस ईंधन और रॉकेट ऑक्सिडाइजर अमोनियम परक्लोरेट मंगवाया है। इससे वह 800 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें बना सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक यह शिपमेंट आने वाले महीनों में ईरान पहुंचेगा और इसका मकसद है ईरान की कमजोर हो चुकी सैन्य ताकत को दोबारा खड़ा करना।

इजराइल के हालिया हमलों के बाद ईरान अपने मिसाइल स्टॉक को फिर से भरने की कोशिश कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक यह फ्यूल ईरान की एक कंपनी पिशगामन तेजरत रफी नोविन ने हॉन्गकॉन्ग स्थित लायन कमोडिटीज होल्डिंग्स लिमिटेड से मंगवाया है। (अनंत ज्ञान)

### चीन ने पल्ला झाड़ा, कहा- हमें जानकारी नहीं

**इस** रिपोर्ट के बाद चीन की सरकार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें इस डील की कोई जानकारी नहीं है और चीन हमेशा डुअल-यूज (सैन्य और नागरिक दोनों उपयोग) वाली चीजों के निर्यात पर कड़ी नजर रखता है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने पहले भी कहा है कि ईरान के मिसाइल कार्यक्रम में चीनी कंपनियों और लोगों की भूमिका रही है। अप्रैल में अमेरिका ने चीन, हॉन्गकॉन्ग और ईरान की 12 कंपनियों और व्यक्तियों पर पाबंदी भी लगाई थी।

### वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

### विस्फोट से खुला ईरान और चीन का कनेक्शन

**फरवरी** और मार्च में ईरान के बंदर रजई बंदरगाह पर एक भीषण विस्फोट हुआ था जिसमें एमोनियम परक्लोरेट के फटने की बात सामने आई थी।

**उछाल** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर में कटौती से शेयर बाजार में आई तेजी

# सेंसेक्स 747 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**



नीतिगत ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती और बैंकों को कर्ज देने के लिए अतिरिक्त राशि का इंतजाम करने के रिजर्व बैंक के फैसले से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 747 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 25,000 का स्तर पार कर गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा की गई। विश्लेषकों ने कहा कि आरबीआई के इन कदमों से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद में शेयर बाजार उछल गए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 857.85 अंक बढ़कर 82,299.89 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ। ब्याज दर के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले रियल्टी खंड में 4.74 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई जबकि वाहन खंड में 1.50 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.25 प्रतिशत की तेजी आई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'शेयर बाजार ने आरबीआई की औचक और आक्रामक वृद्धि प्रोत्साहन नीति पर आशावादी प्रतिक्रिया जताई। ब्याज दर में तगड़ी कटौती और सीआरआर कटौती के जरिये नकदी बढ़ाने की घोषणा से आर्थिक वृद्धि को रफ्तार मिलने, निवेश को बढ़ावा देने और खपत बढ़ाने के लिए आरबीआई की मजबूत प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।' (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### केएलएम ओपन: वीर अहलावत व शुभंकर शर्मा की खराब शुरुआत





**एजेंसी, एम्सटर्डम।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत और शुभंकर शर्मा ने केएलएम ओपन में अपने अभियान की शुरुआत सात ओवर 78 के निराशाजनक स्कोर के साथ की और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। इस साल मार्च में हीरो इंडियन ओपन के बाद से यह भारतीय जोड़ी संघर्ष कर रही है। अहलावत ने हालांकि, पिछले हफ्ते ऑस्ट्रियाई अल्पाइन ओपन में 13वें स्थान पर रहकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे। भारत के यह दोनों खिलाड़ी संयुक्त 141वें स्थान पर हैं और यदि उन्हें कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले दिन पुर्तगाल के रिकार्डो गौविया ने सात अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ बढ़त बनाई। (अनंत ज्ञान)

### सप्तक तलवार की स्विस चैलेंज गोल्फ में अच्छी शुरुआत

**एजेंसी, ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 39वें स्थान पर हैं। तलवार ने बैक नाइन से शुरुआत की और 11वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी हासिल की। उन्होंने छठे होल में दिन का अपना एकमात्र शॉट गंवाया और 69 का कार्ड बनाया। यह 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह चैलेंज डे कैडिज में कट से चूकने के बाद इस सप्ताह अपनी गलती सुधारना चाहेगा। तलवार इस सप्ताह से पहले सात प्रतियोगिताओं में दो बार कट से चूके हैं। पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद इंग्लैंड के डेविड होर्सी आठ अंडर 63 का स्कोर बनाकर शीर्ष पर थे। (अनंत ज्ञान)



### लेडीज यूरोपीय टूर: दीक्षा डागर पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**एजेंसी, टेनेरिफ (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने स्पेन में शानदार शुरुआत की और वह यहां खेली जा रही लेडीज यूरोपीय टूर की प्रतियोगिता टेनेरिफ महिला ओपन में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा शीर्ष पर चल रही आयरलैंड की लॉरेन वाल्श और डेनमार्क की सोफी किब्सगार्ड नीलसन से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अवनी प्रशांत (71), हिताशी बक्शी (72), त्वेसा मलिक (73) और स्नेहा सिंह (77) शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा के अलावा अवनी प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)



### लेहमैन की खूबसूरती की दुनिया दीवानी

**स्विट्जरलैंड।** स्विट्जरलैंड की फुटबॉल स्ट्राइकर अलीशा लेहमैन महिला विश्व कप में अपनी पहली उपस्थिति के बाद सुर्खियों में आ गई थीं। लेहमैन इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली खिलाड़ी है। इनके इंस्टाग्राम पर 14 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।



## भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की खेली जाएगी टेस्ट सीरीज, लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट

# कप्तान शुभमन गिल के साथ टीम इंडिया इंग्लैंड रवाना

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी।

टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उपकप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। इस दौरे के लिए ऋषभ पंत को भारतीय टेस्ट टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। (अनंत ज्ञान)

### तेंदुलकर-एंडरसन के नाम पर होगी नई ट्रॉफी

इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। तेंदुलकर और एंडरसन दोनों 11 जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में ट्रॉफी का अनावरण करेंगे।



### नई कप्तानी और नए जोश के साथ टीम

**शुभमन** गिल इस सीरीज में भारतीय टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे हैं। रोहित और कोहली जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति में गिल पर बड़ी जिम्मेदारी है। इसके अलावा, अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी इस प्रारूप से हट चुके हैं। यह दौर भारतीय क्रिकेट के लिए बदलाव का समय है, जहां युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। गिल के साथ उपकप्तान ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।

### इंग्लैंड में इतिहास रचने की उम्मीद

**भारत** ने इंग्लैंड में आखिरी बार 2007 में टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके बाद से कई दौरे हुए, लेकिन जीत का स्वाद चखना मुश्किल रहा। इस बार गिल की कप्तानी में टीम उस इतिहास को बदलने की कोशिश करेगी। सीरीज से पहले तैयारी के लिए कई भारतीय खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और इंडिया-ए की ओर से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच खेल रहे हैं।

### इंग्लैंड की चुनौती

**दूसरी** ओर, इंग्लैंड की टीम में भी कई बदलाव हुए हैं। पिछले साल भारत में 4-1 से टेस्ट सीरीज हारने के बाद इंग्लैंड ने अपनी रणनीति में सुधार किया है। दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन संन्यास ले चुके हैं, जबकि जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और ओली रॉबिन्सन को बाहर कर दिया गया है। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम में जो रूट, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, ओली पोप जैसे बल्लेबाज और किस वोक्स शोपन बशीर जैसे सेंटबाज शामिल हैं।

### भारतीय टीम का दमदार स्क्वॉड

**भारतीय** टेस्ट टीम में युवा और अनुभव का शानदार मिश्रण है। शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभपंत (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव इस दौरे का हिस्सा हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अगुवाई में तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत नजर आता है, जबकि जडेजा और कुलदीप स्पिन विभाग को संभालेंगे।

## पीयूष चावला ने लिया संन्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम को 2 बार के विश्व कप जीताने वाले खिलाड़ी ने क्रिकेट को अलविदा कर दिया है। उनके अचानक लिए गए संन्यास ने सभी को हैरान दिया है। यह खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहा है।

यह खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि भारत के लेग स्पिनर पीयूष चावला है। पीयूष ने 6 जून (शुक्रवार) को अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। वह भारत के लिए काफी लंबे समय से टेस्ट, वनडे और टी20 क्रिकेट नहीं खेले हैं। अनुभवी स्पिनर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश साझा किया। 36 वर्षीय चावला ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मैदान पर दो दशक से अधिक समय बिताने के बाद, इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है'।

चावला ने 17 साल और 75 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट मैच में डेब्यू किया। वह सचिन तेंदुलकर के बाद इस प्रारूप में भारत के दूसरे सबसे कम उम्र के पुरुष डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने। आईपीएल 2025 के ऑक्शन में चावाला अनसोल्ड रहे थे उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला था, जिसके बाद वह आईपीएल 2025 में कमेंट्री करते हुए नजर आए थे। (अनंत ज्ञान)



### पीयूष चावला का करियर

**पीयूष** चावला ने भारत के लिए टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों फॉर्मेट में खेला है। चावला ने 3 टेस्ट मैचों की 6 पारियों में कुल 6 विकेट हासिल किए हैं। इसके अवाला उन्होंने 25 वनडे मैचों में कुल 32 विकेट हासिल किए हैं। चावला के नाम 7 टी20 मैचों में 7 विकेट भी दर्ज हैं। उन्होंने तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए 44 रन बनाए हैं। चावला ने 192 आईपीएल मैचों में 192 विकेट लिए हैं।

### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच किया नियुक्त

**एजेंसी, वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। वाल्टर ने कहा, ''ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ काम करना एक शानदार अवसर है। यह रोमांचक है, चुनौतीपूर्ण है और बहुत बड़ा अवसर है।''



## स्मिथ बोले- विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में 2012 का दोहराएंगे प्रदर्शन

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

13 वर्ष पहले लॉर्डस पर ही दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक पर ले जाने वाले पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने उम्मीद जताई है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जून से उसी मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में तेंबा बावुमा की टीम इतिहास को दोहराएगी।



स्मिथ की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने 2012 में लॉर्डस पर इंग्लैंड को हराकर टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। स्मिथ ने 259 रन बनाए थे जो किसी विदेशी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर भी है। दक्षिण अफ्रीका की नजरें दो दशक से अधिक समय में पहले आईसीसी खिताब पर है जिसे पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल में भारत के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर पैट कमिंस की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम डब्ल्यूटीसी गदा अपने पास रखना चाहेगी, जिसने पिछली बार जून 2023 में ओवल पर भारत को हराया था। एसए20 लीग के कमिश्नर स्मिथ ने कहा,''लॉर्डस खास है , बहुत खास। मेरे जेहन में उसकी बहुत सारी सकारात्मक यादें हैं।'' उन्होंने कहा,''खचाखच भरे लॉर्डस मैदान पर सीढ़ियों से उतरकर मैदान पर खेलने के लिए जाने का अहसास ही अलग है। यह आपके करियर में रोंगटे खड़े करने वाले पलों में से है। मैने 2003 में वहां दोहरा शतक बनाया, टेस्ट मैच जीता, मखाया एनटिनी ने दस विकेट लिये और यह हमारी उस मैदान की सुनहरी यादें हैं।''

दक्षिण अफ्रीका के सफलतम टेस्ट कप्तान ने कहा,''हम 2012 में एक टीम के तौर पर अपने चरम पर थे। हमारे पास इतने शानदार खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ था।'' दक्षिण अफ्रीका ने पिछले दो साल में आईसीसी टूर्नामेंटों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पुरुष विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, टी20 विश्व कप फाइनल खेला और अब आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलना है। (अनंत ज्ञान)

### फ्रांस को हराकर स्पेन नेशंस लीग के फाइनल में

**एजेंसी, स्टटगार्ट।** युवा खिलाड़ी लेमिन यामल के दो गोल की मदद से स्पेन ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में फ्रांस को 5-4 से हरा दिया। 17 वर्षीय यामल ने गुरुवार को फ्रांस के डिजायर डू और ओसमान डेम्बेले जैसे युवा खिलाड़ियों के सामने खुद को बेहतर साबित किया, जिससे स्पेन ने डिडिएर डेसचैम्प्स की टीम के खिलाफ शुरू में दबदबा बनाते हुए रविवार को पुर्तगाल के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बना ली। पुर्तगाल ने बुधवार को मेजबान देश जर्मनी को 2-1 से हराया था। यह नेशंस लीग के इतिहास में सर्वाधिक स्कोर वाला मैच था। फ्रांस ने चार में से तीन गोल तब किए जब यामल ने स्कोर 5-1 कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

## उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने विश्व कप के लिए पहली बार किया क्वालीफाई

**एजेंसी, सियोल**

चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया, जबकि उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में अपनी जगह पक्की की। विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा।

अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वत: क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप मे अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप-सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। चीन इस तरह से विश्व कप में क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है। वह 2002 में आखिरी बार विश्व कप में खेला था जब इसका आयोजन जापान और दक्षिण कोरिया में किया गया था। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अजीज बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया की जापान के खिलाफ 16 वर्षों में यह पहली जीत थी। (अनंत ज्ञान)




## भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर

**एजेंसी, अंताल्या ( तुर्की )**

भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका। शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है।



चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया। मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं।

पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### फ्रेंच ओपन: कोको गाफ का सामना फाइनल में सबालेंका से

**एजेंसी, पेरिस**

अमेरिका की कोको गाफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा। 3 साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गाफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गाफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी। (अनंत ज्ञान)





## गुकेश ने वेई यी को हराया, कार्लसन के साथ खिताब के बने दावेदार




**एजेंसी, स्टावेंजर ( नॉर्वे )**

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए और नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए।

अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए।

अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम**

### पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन पर रोहित शर्मा बोले-

# चेतेश्वर पुजारा को आउट करना था सबसे चुनौतीपूर्ण?

**एजेंसी, मुंबई**

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और मुंबई के उनके साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज लगातार दो या तीन दिन बल्लेबाजी करके उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकता है।

रोहित ने खुलासा किया कि पुजारा का विकेट अक्सर आयु वर्ग के मैचों में उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था। यह इस दिग्गज बल्लेबाज के शुरुआती लक्षण थे, जिन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत तथा 19 शतक और 35 अर्द्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए। रोहित ने पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के अवसर पर कहा, ''मुझे अब भी याद है कि टीम बैठकें सिर्फ इसी पर केंद्रित होती थीं कि उसे कैसे आउट किया जाए और अगर हम उसे आउट नहीं कर पाते हैं तो हम मैच हार सकते हैं।''




पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ खेलने से उनका चेहरा इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा, ''मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान से शाम को जब वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिलकुल बदल जाता था।''

रोहित ने कहा, ''क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हमें दो-तीन दिन तक धूप में फील्डिंग करनी पड़ती थी। मुझे अब भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो।'' रोहित ने कहा, ''मैं कहता था, मां मैं क्या करूं। चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है।' पुजारा को लेकर हमारी शुरुआती धारणा यही थी।''

रोहित ने कहा कि करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट के बावजूद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय पुजारा को दिया। उन्होंने कहा, ''(यह) बहुत बड़ी और बहुत बुरी चोट थी। उसकी दोनों एसीएल चली गई थीं। किसी भी क्रिकेटर, एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत मुश्किल होता है जब वह अपनी दोनों एसीएल गंवा देता है। इसके बावजूद वह भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहा। इसका पूरा श्रेय पुजारा को जाता है।''

इस अवसर पर पुजारा ने 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल श्रृंखला बताया। पुजारा ने कहा, ''भारतीय टीम जब 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन के आसपास आउट हो रही थी तो वह मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था।'' उन्होंने कहा, ''वह बेंगलुरु में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच था। हमारी टीम ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और दूसरी पारी में भी हम परेशानी में थे, लेकिन मैंने अनिल कुंबले से नाथन लियोन से निपटने के तरीके के बारे में बात की और उन्होंने तकनीक को लेकर एक सुझाव दिया जिससे मुझे फायदा मिला।'' (अनंत ज्ञान)

### पुजारा-रोहित बोले, बचपन में मां-बाप ने किया पूरा समर्थन

**पुजारा** ने कहा, ''जब मैं 17 साल का था तब मेरी मां का निधन हो गया था, लेकिन जब मैं छोटा था तो मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा समर्थन किया। पूजा ने किताब में इसका अच्छी तरह से वर्णन किया है। मुझे याद है कि मेरी मां ने मुझसे कहा था तुम जीवन में जो कुछ भी करो उससे पहले तुम्हें एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा।'' रोहित ने कहा, ''मुझे मेरे माता-पिता का शुरू से भरपूर समर्थन मिला। मैं जानता हूँ कि उन्होंने मेरे और मेरे भाई के लिए कितने त्याग किए हैं, ताकि हम अपनी ज़िंदगी में वो कर सकें जो हमें करना चाहिए। ''